VPL

वर्ष 10 अंक 194
पृष्ठ 12
नई दिल्ली, बुधवार
23 अप्रैल 2025
मूल्य: 4 रुपये

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर

nationalexpressindia | nationalexpressindia | www.nationalexpress.co.in


DELHIN/ 2015 / 65411
डाक पंजीयन सं. -DL(S)-17/3531/2018-20





03 जनता एजेंसियों के दुरुपयोग के बारे में जान गई है, रणनीति में..
06 रिश्तों के नए अध्याय की आहट ! : ऋषभदेव शर्मा
11 बुमराह विजडन के अग्रणी पुरूष क्रिकेटर, महिला वर्ग में मंधाना















# कश्मीर के पहलगाम में 'मिनी स्विटजरलैंड' पर हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत

## मरने वालों में अधिकांश पर्यटक, 20 घायल



**पहलगाम** (जम्मू-कश्मीर), (भाषा) कश्मीर के पहलगाम शहर के निकट एक प्रसिद्ध घास के मैदान में मंगलवार दोपहर हुए आतंकवादी हमले में 26 लोगों की मौत हो गई, जिनमें ज्यादातर पर्यटक हैं। यह 2019 में पुलवामा में हुए हमले के बाद घाटी में हुआ सबसे घातक हमला है।

एक उच्च पदस्थ अधिकारी ने विस्तृत जानकारी दिए बिना बताया कि 26 मृतकों में दो विदेशी और दो स्थानीय नागरिक हैं।

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने इस आतंकी हमले को ''हाल के वर्षों में आम लोगों पर हुए किसी भी हमले से कहीं बड़ा'' हमला बताया। अधिकारियों ने बताया कि यह हमला ऐसे समय हुआ है जब अमेरिकी उपराष्ट्रपति जे डी वेंस भारत की यात्रा पर हैं और पर्यटन तथा ट्रैकिंग का सीजन जोर पकड़ रहा है। हमला अपराह्न करीब तीन बजे हुआ।

पहलगाम शहर से लगभग छह किलोमीटर दूर बैसरन घने देवदार के जंगलों और पहाड़ों से घिरा एक विशाल घास का मैदान है तथा देश और दुनिया के पर्यटकों के बीच पसंदीदा स्थान है। अधिकारियों और प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हथियारबंद आतंकवादी 'मिनी स्विट्जरलैंड' कहे जाने वाले घास के मैदान में घुस आए और भोजनालयों के आसपास घूम रहे, खच्चर की सवारी कर रहे, पिकनिक मना रहे पर्यटकों पर गोलीबारी शुरू कर दी। कश्मीर घाटी में हुए इस हमले में कम से कम 20 लोग घायल हो गए।

पाकिस्तान में स्थित प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के छद्म संगठन 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) ने हमले की जिम्मेदारी ली है। अधिकारियों ने कहा कि यह संभव है कि आतंकवादी समूह जम्मू के किश्तवाड़ से दक्षिण कश्मीर के कोकेरनाग के रास्ते बैसरन तक पहुंचा हो।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सऊदी अरब की यात्रा पर गए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को स्थिति की जानकारी दी और बताया कि वह सभी एजेंसियों के साथ तत्काल सुरक्षा समीक्षा बैठक के लिए शाम को श्रीनगर पहुंचे हैं। अधिकारियों ने बताया कि शाह के बुधवार को पहलगाम जाने की संभावना है।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आतंकी हमले की निंदा की और कहा कि आतंकियों को बख्शा नहीं जाएगा।

मोदी ने 'एक्स' पर कहा, ''मैं जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करता हूं। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया है, उनके प्रति मेरी संवेदना व्यक्त करता हूं। मैं घायल लोगों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है।'' उन्होंने कहा, ''इस जघन्य कृत्य के पीछे जो लोग हैं, उन्हें न्याय के कटघरे में लाया जाएगा...उन्हें बख्शा नहीं जाएगा! उनका नापाक एजेंडा कभी सफल नहीं होगा। आतंकवाद से लड़ने का हमारा संकल्प अडिग है और यह और भी मजबूत होगा।''

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हमले के बाद मदद के लिए चीख-पुकार मच गई, जबकि शव खून से लथपथ पड़े थे। कुछ लोगों का कहना है कि हमलावरों की संख्या पांच थी।

हमले के समय घटनास्थल पर मौजूद एक महिला ने 'पीटीआई-भाषा' को फोन पर बताया, ''मेरे पति के सिर में गोली लगी, जबकि सात अन्य लोग भी हमले में घायल हुए हैं।''

महिला ने अपनी पहचान नहीं बताई, लेकिन घायलों को अस्पताल पहुंचाने में मदद की गुहार लगाई।

एक अन्य महिला पर्यटक ने बताया कि जैसे ही गोलियां चलीं, वहां अफरातफरी मच गई और पर्यटक छिपने के लिए भागे, लेकिन खुले स्थान पर छिपने के लिए कोई जगह नहीं थी।

एक महिला ने बताया कि आतंकवादियों ने गोली मारने से पहले पीड़ितों का नाम पूछा। बैसरन में एकत्र हुए पर्यटक कर्नाटक, महाराष्ट्र और गुजरात समेत कई राज्यों से थे। मारे गए लोगों में कर्नाटक के व्यापारी मंजूनाथ राव भी शामिल हैं, जो शिवमोगा के रहने वाले थे।

मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने उनकी मौत पर शोक जताया और अधिकारियों की बैठक बुलाई। आधिकारिक बयान में कहा गया है कि कर्नाटक से अधिकारियों की एक टीम कश्मीर के लिए रवाना हो गई है।

बैसरन तक केवल पैदल या घोड़ों से ही पहुंचा जा सकता है, इसलिए घायलों को निकालने के लिए हेलीकॉप्टरों की मदद ली गई। मारे गए और घायलों के परिवारों को कड़ी सुरक्षा के बीच सरकारी स्वामित्व वाले पहलगाम क्लब ले जाया गया।

सम्पूर्ण जिला प्रशासन और पुलिस बल को तैनात किया गया तथा एम्बुलेंस सेवाएं ली गईं। कुछ घायलों को स्थानीय लोग अपने खच्चरों पर लादकर घास के मैदान से नीचे लाए।

अधिकारियों ने बताया कि गोलीबारी की आवाजें आने की शुरुआती खबर मिलने के बाद सेना, सीआरपीएफ और स्थानीय पुलिस बैसरन पहुंची। बैसरन 1980 के दशक में फिल्म निर्माताओं का बेहद पसंदीदा स्थान था। उन्होंने बताया कि हमलावरों की तलाश के लिए व्यापक आतंकवाद विरोधी अभियान शुरू कर दिया गया है तथा सुरक्षा बल सभी दिशाओं में तैनात हैं। जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने अनंतनाग और श्रीनगर में 24 घंटे संचालित आपातकालीन नियंत्रण कक्ष स्थापित किए हैं।

मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने घटना की निंदा की। अब्दुल्ला ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''मृतकों की संख्या का पता लगाया जा रहा है, इसलिए मैं विस्तृत विवरण नहीं दे पाउंगा। स्थिति स्पष्ट होने पर आधिकारिक रूप से सूचित किया जाएगा। यह हाल के वर्षों में आम लोगों पर हुए किसी भी हमले से कहीं बड़ा हमला है।''उन्होंने कहा, 'मैं स्तब्ध हूं। हमारे आगंतुकों पर यह हमला घृणित है। इस हमले को अंजाम देने वाले अपराधी जानवर हैं, अमानवीय हैं और नफरत के लायक हैं। इसकी निंदा के लिए कोई भी शब्द पर्याप्त नहीं है। मैं मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं।''

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के कार्यालय ने कहा कि आतंकवादियों को खत्म करने के लिए आतंकवाद रोधी अभियान शुरू कर दिया गया है। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'पूरा देश आक्रोशित है और हमारे जवानों का खून खौल रहा है। मैं देश को भरोसा दिलाना चाहता हूं कि पहलगाम हमले के दोषियों को उनके जघन्य कृत्य की बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। शोक संतप्त परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदनाएं व्यक्त करता हूं।''

पहलगाम से नेशनल कॉन्फ्रेंस के विधायक अल्ताफ अहमद वानी ने इस हमले को ''कायरतापूर्ण'' बताया और कहा कि निर्दोष लोगों को निशाना बनाना इस्लाम की शिक्षाओं के खिलाफ है। उन्होंने कहा, ''इस कायरतापूर्ण कृत्य के दोषियों से सख्ती से निपटा जाएगा।'' उन्होंने संवाददाताओं से कहा, ''यह हमला बहुत दर्दनाक और दुर्भाग्यपूर्ण है। यह अप्रत्याशित स्थान पर हुआ जो पहलगाम (बस स्टैंड) से लगभग पांच किलोमीटर दूर है। इसका इस्तेमाल ट्रैकिंग के लिए किया जाता है और लोग वहां खच्चरों पर सवार होकर जाते हैं।'' हमला ऐसे समय में हुआ है जब वर्षों तक आतंकवाद से जूझने के बाद कश्मीर में पर्यटकों की संख्या में भारी वृद्धि देखी गई है।

उल्लेखनीय है कि 14 फरवरी, 2019 को दक्षिण कश्मीर के पुलवामा इलाके में हुए आत्मघाती हमले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 40 जवान शहीद हो गए थे। उसके बाद से कई और आतंकी हमले हुए हैं, लेकिन कोई भी इतना गंभीर नहीं था। साल 2000 में पहलगाम में अमरनाथ आधार शिविर पर हुए हमले में 30 से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी। एक वर्ष बाद शेषनाग में अमरनाथ तीर्थयात्रियों पर हमले में 13 लोगों की मौत हुई, जबकि पहलगाम क्षेत्र में 2002 में एक अन्य हमले में 11 लोग मारे गये।पिछले साल मई में पहलगाम के यन्नार में आतंकवादियों द्वारा की गई गोलीबारी में राजस्थानी पर्यटक पति-पत्नी घायल हो गए थे। मार्च 2000 में जब तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन भारत के दौरे पर थे, तब आतंकवादियों ने दक्षिण कश्मीर के छत्तीसिंहपुरा में 35 सिखों की हत्या कर दी थी।

# प्रधानमंत्री मोदी दो-दिवसीय यात्रा पर सऊदी अरब पहुंचे, युवराज मोहम्मद बिन सलमान से करेंगे वार्ता



**जेद्दा**, (भाषा) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को सऊदी अरब की दो-दिवसीय यात्रा पर जेद्दा पहुंचे, जहां वह दोनों देशों के बीच मित्रता को और मजबूत करने के लिए युवराज मोहम्मद बिन सलमान के साथ वार्ता करेंगे।

शाह अब्दुलअजीज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पहुंचने पर मोदी का स्वागत मक्का क्षेत्र के उप-गवर्नर राजकुमार सऊद बिन मिशाल बिन अब्दुलअजीज और वाणिज्य मंत्री डॉ. माजिद अल-कस्साबी ने किया। यह प्रधानमंत्री की सऊदी अरब की तीसरी तथा ऐतिहासिक तटीय शहर जेद्दा की पहली यात्रा है। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर तस्वीरों के साथ पोस्ट कर कहा, ''सऊदी अरब के जेद्दा पहुंच गया हूं। इस यात्रा से भारत और सऊदी अरब के बीच दोस्ती मजबूत होगी। आज और कल विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के लिए उत्सुक हूं।' 'रॉयल सऊदी एअरफोर्स' के एफ-15 लड़ाकू विमानों ने एक विशेष सम्मान के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विमान को सऊदी अरब के हवाई क्षेत्र में मंगलवार को सुरक्षा प्रदान की। इस कदम को दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को मजबूत करने के रूप में देखा जा रहा है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''हमारे दीर्घकालिक एवं ऐतिहासिक संबंधों को और गति प्रदान करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 21 तोपों की सलामी और औपचारिक स्वागत के बीच ऐतिहासिक बंदरगाह शहर जेद्दा पहुंचे।'' मोदी और सऊदी युवराज द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए प्रधानमंत्री की 2019 की यात्रा के दौरान स्थापित रणनीतिक साझेदारी परिषद की दूसरी बैठक की सह-अध्यक्षता करेंगे। मोदी ने सऊदी युवराज को ''मेरा भाई'' कहा।

प्रधानमंत्री मोदी को 2016 में सऊदी अरब का सर्वोच्च नागरिक सम्मान मिला था। रिट्ज-कार्लटन होटल पहुंचने पर मोदी का भारतीय समुदाय के लोगों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। सऊदी गायक हाशिम अब्बास ने मोदी के स्वागत में एक लोकप्रिय हिंदी फिल्मी गीत गाया। मोदी के सामने खड़े होकर अब्बास ने आलिया भट्ट और विक्की कौशल की फिल्म 'राजी' का गाना 'ऐ वतन मेरे आबाद रहे तू' गाया। होटल की लॉबी में मौजूद लोगों की जोरदार तालियों के बीच मोदी भी ताली बजाने लगे। मोदी ने होटल में उनका स्वागत करने के लिए एकत्र हुए भारतीय समुदाय के सदस्यों से भी बातचीत की।

भारत और सऊदी अरब मंगलवार को मोदी की जेद्दा यात्रा के दौरान कम से कम छह समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर करेंगे।

उच्च पदस्थ सूत्रों ने 'पीटीआई' को बताया कि मोदी सऊदी अरब के अपने समकक्ष युवराज मोहम्मद के साथ अपनी बैठक के दौरान भारतीय तीर्थयात्रियों के लिए हज कोटा सहित संबंधित मुद्दों पर भी चर्चा करेंगे।

दोनों पक्षों द्वारा अंतरिक्ष, ऊर्जा, स्वास्थ्य, विज्ञान एवं वैज्ञानिक अनुसंधान, संस्कृति और उन्नत प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में समझौतों पर हस्ताक्षर किए जाने की उम्मीद है।

प्रधानमंत्री बुधवार को भारतीय श्रमिकों को रोजगार देने वाली एक फैक्टरी का भी दौरा करेंगे।

मोदी सऊदी अरब में भारतीय समुदाय के लोगों के साथ भी बातचीत करेंगे। यह समुदाय दोनों देशों के बीच जीवंत सेतु का काम करता है और सांस्कृतिक तथा मानवीय संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान देता है। सऊदी अरब में 27 लाख भारतीय रहते हैं और वहां काम करते हैं।

# पोप फ्रांसिस का अंतिम संस्कार शनिवार सुबह 10 बजे होगा, बुधवार से लोग कर सकेंगे अंतिम दर्शन



वेटिकन सिटी, (एपी) पोप फ्रांसिस के निधन के बाद 'कार्डिनल्स' ने अपना पहला निर्णय लेते हुए उनका अंतिम संस्कार शनिवार को करना तय किया है, वहीं बुधवार से श्रद्धालु उनके अंतिम दर्शन कर सकेंगे।

फ्रांसिस का उत्तराधिकारी चुनने के लिए एक बैठक शुरू होने से पहले, आगे की प्रक्रिया की रूपरेखा तैयार करने के लिए कार्डिनल्स (प्रमुख पादरी) पहली बार मंगलवार को वेटिकन के धर्मसभा हॉल में मिले।

पोप फ्रांसिस का सोमवार को निधन हो गया था। इतिहास के पहले लैटिन अमेरिकी पोप के निधन के बाद दुनियाभर से शोक संदेश आ रहे हैं। मौजूदा नियमों के अनुसार, 'कॉन्क्लेव' (नये पोप के चयन के लिए वेटिकन की गुप्त प्रक्रिया) पांच और 10 मई के बीच अवश्य शुरू हो जानी चाहिए।

कार्डिनल्स ने सेंट पीटर स्क्वायर में फ्रांसिस के अंतिम संस्कार के लिए शनिवार सुबह 10 बजे का समय तय किया है। इस प्रक्रिया को 'कॉलेज ऑफ कार्डिनल्स' के डीन कार्डिनल गियोवानी बतिस्ता रे संपन्न कराएंगे।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की है कि वह और उनकी पत्नी मेलानिया ट्रंप शनिवार को पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार में शामिल होने की योजना बना रहे हैं। अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर मिली भी इसमें शामिल हो सकते हैं।

फ्रांसिस का सोमवार को 88 वर्ष की आयु में निधन हो गया। निमोनिया के कारण पांच सप्ताह तक अस्पताल में भर्ती रहने के बाद वह अपने अपार्टमेंट में स्वास्थ्य लाभ ले रहे थे।

वह रविवार को अंतिम बार सार्वजनिक रूप से सामने आए थे और उन्होंने ईस्टर के आशीर्वाद के साथ अनुयायियों का अंतिम अभिवादन किया था। वेटिकन ने पोप फ्रांसिस के निधन के बाद मंगलवार को उनकी पहली तस्वीर जारी की जिसमें लकड़ी के ताबूत में रखी उनकी पार्थिव देह के साथ ही प्रार्थना करते हुए वेटिकन के 'सेक्रेटरी ऑफ स्टेट' को देखा जा सकता है।

पोप फ्रांसिस की पार्थिव देह को लाल रंग के वस्त्र से ढके लकड़ी के ताबूत में देखा जा सकता है जिसके साथ उनकी पादरी टोपी (माइटर) रखी है और वेटिकन के 'सेक्रेटरी ऑफ स्टेट' प्रार्थना कर रहे हैं। यह तस्वीर डोमुस सेंटा मार्टा होटल के चैपल की है जहां पोप रहते थे।

वेटिकन के 'कैमरलेंगो' द्वारा फ्रांसिस के निधन की घोषणा के बाद दुनिया भर के चैपल, चर्च और कैथेड्रल में घंटियां बजाई गईं और इटली, भारत, ताइवान और अमेरिका में झंडे आधे झुके रहे। कैमरलेंगो की पदवी उन कार्डिनल या उच्चस्तरीय पादरी को दी जाती है जो पोप के निधन या उनके इस्तीफे की घोषणा के लिए अधिकृत होते हैं।

अर्जेंटीना मूल के पोप के सम्मान में इटली और अर्जेंटीना में फुटबॉल मैच स्थगित कर दिए गए।




# डाक सेवाओं में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं डाककर्मियों को पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने किया सम्मानित

## डाकघरों के माध्यम से वित्तीय समावेशन, डिजिटलीकरण और नागरिक केंद्रित सेवाओं पर भी फोकस-पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



डाक विभाग अब सिर्फ चिट्ठियाँ पहुँचाने वाला संगठन नहीं, बल्कि देश की प्रगति में सक्रिय योगदान देने वाला एक आधुनिक और गतिशील संगठन बनने की ओर अग्रसर है। डिजिटल युग में एक बहुआयामी सेवा प्रदाता के रूप में डाक विभाग उभर रहा है, जिसके माध्यम से तमाम योजनाओं को लागू किया जा रहा है। उक्त उद्गार उत्तर गुजरात परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने 22 अप्रैल, 2025 को अहमदाबाद में आयोजित मण्डलाध्यक्षों एवं उपमंड-लाध्यक्षों के वित्तीय वर्ष 2024-25 के कार्यों की समीक्षा बैठक और उत्कृष्टता सम्मान वितरण के दौरान व्यक्त किये। डाक सेवाओं में नवाचार के साथ इसकी दक्षता व आउटरीच बढ़ाने, वित्तीय समावेशन, डिजिटलीकरण, प्रौद्योगिकी को एकीकृत करने और मार्केटिंग की रणनीति को मजबूत करने पर उन्होंने जोर दिया। डाक सेवाओं और इनकी विशेषताओं को सहेजते गुजराती भाषा में एक बुकलेट भी इस अवसर पर जारी की गई।

इस दौरान उत्तर गुजरात के अधीन आठ जिलों के डाकघरों में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 80 से ज्यादा डाककर्मियों को सम्मानित कर हौसला अफजाई भी की। इनमें प्रवर डाक अधीक्षक के साथ-साथ सहायक निदेशक, सहायक डाक अधीक्षक, डाक निरीक्षक, पोस्टमास्टर, डाक सहायक, मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव, विकास अधिकारी (डाक जीवन बीमा), डायरेक्ट एजेंट, पोस्टमैन, एमटीएस, ब्रांच पोस्टमास्टर, ग्रामीण डाक सेवक इत्यदि शामिल थे।

पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि, डाकघरों में एक ही छत के नीचे पत्र-पार्सल, बचत बैंक, बीमा, इण्डिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक, डीबीटी, डिजिटल बैंकिंग, आधार, पासपोर्ट, कॉमन सर्विस सेंटर, डाकघर निर्यात केंद्र जैसी सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं। डाकघर निर्यात केंद्र के माध्यम से 'लोकल टू ग्लोबल' कॉन्सेप्ट के तहत स्थानीय उद्यमियों को बढ़ावा दिया जा रहा है, वहीं पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत देश भर में टूल किट्स डाकघरों के माध्यम से भेजे जा रहे हैं। ई-कॉमर्स, एमएसएमई, स्थानीय हस्तशिल्प, ओडीओपी व जीआई उत्पादों को डाकघरों के माध्यम से भेजने हेतु विशेष व्यवस्था की गई है। दुनिया के सबसे बड़े डाक नेटवर्क में अब आईटी मॉडर्नाइजेशन प्रोजेक्ट 2.0 के माध्यम से भारतीय डाक सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में भी अपने डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ करते हुए 'डिजिटल इंडिया' और 'विकसित भारत' में महत्वपूर्ण योगदान दे सकेगा। 'डाक सेवा-जन सेवा' के तहत गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस से लेकर राष्ट्रीय डाक सप्ताह के दौरान आयोजित 6,886 'डाक चौपाल' के माध्यम से नागरिक केंद्रित सेवाओं से लोगों को जोड़ने के अभियान में डाक कर्मियों के उत्साहजनक भागीदारी की उन्होंने प्रशंसा की।

### डाककर्मियों का हुआ सम्मान

पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रवर अधीक्षक डाकघर, अहमदाबाद सिटी मंडल को सर्वाधिक नए बचत बैंक खाते खोलने, शाखा एवं उप डाकघरों में नए बचत खाते खोलने के शत-प्रतिशत कवरेज, डाक जीवन बीमा एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा प्रीमियम हेतु, प्रवर अधीक्षक डाकघर, गांधीनगर मंडल श्री पियूष राजक को सर्वाधिक नेट बचत खाता खोलने एवं आधार राजस्व हेतु सम्मानित किया। इसके साथ ही अहमदाबाद जीपीओ के डिप्टी चीफ पोस्टमास्टर श्री अल्पेश शाह को सर्वाधिक पोस्टल ऑपरेशन रेवेन्यू, सर्वाधिक स्पीड पोस्ट व पार्सल राजस्व, स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड पोस्ट के उत्कृष्ट वितरण हेतु, साबरकांठा मंडल के अधीक्षक श्री संजीव कुमार वर्मा को नेट बचत खाता खोलने, आधार राजस्व, पार्सल राजस्व, सर्वाधिक डाक जीवन बीमा प्रीमियम हेतु, रेल डाक सेवा ह्यए.एमह्न मंडल, अहमदाबाद के प्रवर अधीक्षक श्री गोविन्द शर्मा को स्पीड पोस्ट राजस्व, पाटन मंडल के डाक अधीक्षक श्री हर्षदकुमार परमार को पोस्टल ऑपरेशन रेवेन्यू, लक्ष्य के सापेक्ष सर्वाधिक नेट बचत खाता खोलने, सर्वाधिक आधार राजस्व हेतु, बनासकांठा मंडल के डाक अधीक्षक श्री राजेन्द्रपुरी गोस्वामी को पोस्टल ऑपरेशन रेवेन्यू, लक्ष्य के सापेक्ष डाक जीवन बीमा एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा का प्रीमियम, स्पीड पोस्ट व पार्सल राजस्व, महेसाणा मंडल के डाक अधीक्षक श्री सिराजभाई मंसूरी को शाखा एवं उप डाकघरों में नए बचत खाते खोलने के शत प्रतिशत कवरेज, सर्वाधिक ग्रामीण डाक जीवन बीमा प्रीमियम हेतु सम्मानित किया गया। क्षेत्रीय कार्यालय में विभिन्न सेवाओं की सतत मॉनीटरिंग और उकृष्ट कार्य निष्पादन हेतु सहायक निदेशक श्री एम.एम शेख और श्री रितुल गाँधी भी सम्मानित हुए।

मंडलों के साथ-साथ उपमंडल स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों को भी सम्मानित किया गया। इनमें सहायक अधीक्षक, अहमदाबाद (उत्तर) सिटी मंडल के श्री हार्दिकसिंह राठोड, सहायक अधीक्षक, अहमदाबाद (पश्चिम) सिटी मंडल के श्री अल्केश परमार, पाटन उपमंडल के डाक निरीक्षक श्री नेहलकुमार पटेल को डाकघर बचत बैंक के अंतर्गत डाक उपमंडल श्रेणी में नेट खाता खोलने में क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने हेतु पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने सम्मानित किया। डेवलपमेंट ऑफिसर (डाक जीवन बीमा) श्री उमंग भट्ट एवं डायरेक्ट एजेंट सुश्री वंदनाबेन दरजी को भी सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर विभिन्न मण्डलाधीक्षकों के साथ सेवानिवृत्त निदेशक डाक सेवाएं सुश्री मीता शाह, सहायक निदेशक श्री एम एम शेख, सहायक निदेशक श्री रितुल गाँधी, सहायक निदेशक श्री वारिश वहोरा, सहायक लेखाधिकारी श्री चेतन सैन, सहायक अधीक्षक श्री जिनेश पटेल, श्री रमेश पटेल, श्री रविन्द्र परमार, श्री रोनक शाह, डाक निरीक्षक सुश्री पायल पटेल, श्री सौरभ कुमावत सहित तमाम अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### बृज की पावन नगरी ग्राम खाम्बी में बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया श्री हनुमान जी का जन्मोत्सव





नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

हरियाणाः पलवल ज़िले की बृज नगरी ग्राम खाम्बी में श्री हनुमान जी के जन्मोत्सव को विद्यार्थियों, युवाओं, बच्चों एवम् वृद्ध जनों और मातृशक्ति सभी ने मिलकर बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया। जन्मोत्सव की पूर्व संस्था पर भगवान श्री राम, लक्ष्मण, जानकी और हनुमान जी सहित श्री राम दरबार की भव्य झाँकियाँ निकाली गयी। पूरी बस्ती माता की गली गली में जय श्री राम के उदघोष से पूरा वातावरण भक्ति के रंग में रंग गया। भगवान की झाँकियों ने बिखेरे अपनी महान संस्कृति के विविध रंग। एक दिन पहले से ही श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में बाबा श्री मथुरादास जी के प्रांगण में और श्री बिहारी जी के मंदिर में श्री रामचरितमानस के 24 घंटे के अखंड पाठ को भव्य आयोजन किया गया। आज प्रातः दोनों मंदिरों में श्री रामचरितमानस के पारायण के अवसर पर विशाल महायज्ञ का आयोजन किया गया।

इस पावन अवसर भागवत भूषण पंडित श्री लक्ष्मी नारायण (भेदी पंडा जी) पूजा अर्चना के पश्चात मीडिया से बात करते हुए युवाओं को सम्बोधित करते हुए बताया कि श्री हनुमान जी की भक्ति करने से किस प्रकार से उनका आशीर्वाद प्राप्त जीवन को सफल बनाया जा सकता है। उन्होंने युवाओं की अपनी वैदिक संस्कृति के प्रति रूचि को देखकर उनकी प्रशंसा करते हुए कहा कि आपको ही अपने राष्ट्र और अपनी संस्कृति की रक्षा करनी है और देश दुनिया में भारत माँ का गौरव बढ़ाना है। उन्होंने ने सिद्धेश्वर बाबा श्री मथुरादास जी के बारे में बताते हुए कहा कि बाबा श्री मथुरादास जी को भी सिद्धियाँ प्राप्त थी। उन्होंने अनेकों भक्तों की मनोकामना पूर्ण की। और आज भी जो सच्चे हृदय से उनके स्थान पर आकर अपनी प्रार्थना करता है तो बाबा आज भी लोगों के मनोरथ पूर्ण करते हैं।

श्री हनुमान जी के जन्मोत्सव के सफल आयोजन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका के बिहारी जी मंदिर के पुजारी पंडित सुखदेव शर्मा श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर के पुजारी पंडित हेतराम शर्मा जी और श्री नरेन्द्र गुरू जी सहित पंडित दिनेश शास्त्री जी, किशोर पंडित जी, रवि शर्मा, लक्ष्मण शर्मा, रोहित शर्मा, विक्की शर्मा, चिंटू शर्मा, शिवम शर्मा, दीपक शर्मा, गौरव शर्मा, सोनू शर्मा, देवू शर्मा, और समस्त बाला जी सेवक परिवार का बस्ती माता हृदय से आभार व्यक्त करती है।

## महिलाओं व शिशुओं को मिल रही चिकित्सीय सुविधाओं का लिया जायजा, व्यवस्थाएं पाई संतोषजनक

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान ने मातृ एवं शिशु रेफरल चिकित्सालय (लोहिया) का औचक निरीक्षण किया। यह निरीक्षण महिलाओं और नवजातों को प्रदान की जा रही चिकित्सा सुविधाओं की वास्तविक स्थिति का आकलन करने और व्यवस्थाओं की गुणवत्ता परखने के उद्देश्य से किया गया।

निरीक्षण के दौरान डॉ. चौहान ने चिकित्सालय के विभिन्न प्रमुख विभागों जैसे गायनी ओपीडी, एसएनसीयू वार्ड, लेबर रूम, ऑपरेशन थियेटर, आईसीयू, सीएसएसडी विभाग तथा ब्लड बैंक का निरीक्षण किया। साथ ही, भर्ती महिलाओं और नवजातों की स्थिति की जानकारी ली और परिजनों से सीधी बातचीत कर उनके अनुभव भी जाने।

चिकित्सालय की किचन, स्नानागार और शौचालयों की सफाई व्यवस्था को अध्यक्ष ने संतोषजनक बताया। उन्होंने किचन में रसोइयों से भोजन निर्माण की प्रक्रिया और साफ-सफाई के बारे में भी जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान अस्पताल की दवाओं की उपलब्धता, 24 घंटे एम्बुलेंस सेवा और स्टाफ तैनाती की स्थिति की समीक्षा की गई। चिकित्सालय के निदेशक सीएम सिंह और प्रभारी श्रीकेश सिंह ने अवगत कराया कि वर्तमान में अस्पताल में 105 महिलाएं भर्ती हैं, जिनमें से 30 महिलाएं गर्भवती हैं। चिकित्सालय में पर्याप्त संख्या में टॉयलेट, बाथरूम और अन्य जरूरी सुविधाएं 24 घंटे उपलब्ध हैं।

निरीक्षण के अंत में डॉ. बबीता सिंह चौहान ने कहा कि मातृ एवं शिशु चिकित्सालय द्वारा प्रदान की जा रही अधिकांश सेवाएं संतोषजनक हैं। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को साफ-सफाई व मरीजों के प्रति संवेदनशीलता बनाए रखने के निर्देश दिए, ताकि महिलाओं को सम्मानजनक और सुरक्षित चिकित्सा सेवा मिलती रहे।

## पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर व बलूचिस्तान जल अयोध्या राम मंदिर में अर्पित करेंगेः डॉ. जौली

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो




अयोध्या : वैश्विक भारत ब्रांड एम्बेसडर डॉ. विजय जौली ने आज पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया कि ह्यह्यपाकिस्तान अधिकृत कश्मीर व बलूचिस्तान से शीघ्र एकत्रित होने वाले जल को अयोध्या राम मंदिर में अर्पित किया जायेगा।

ज्ञात रहे 23 अप्रैल 2023 को डॉ. जौली के नेतृत्व में 156 देशों की नदियों व समुद्रो के जल से अयोध्या राम मंदिर का जलाभिषेक धूमधाम से किया गया था। फिर 23 अप्रैल 2024 को डॉ. जौली की अगुवाई में दोबारा सैकड़ों राम भक्तों ने राम लला के दर्शन किये। और अब इस वर्ष भी सैकड़ों राम भक्त डॉ. जौली के नेतृत्व में अयोध्या पधारे हैं। तथा कल बुधवार 23 अप्रैल 2025 को सभी राम भक्त डॉ. जौली संग अयोध्या राम मंदिर के दर्शन करेंगे।

सभी श्रद्धालु पहले की भाँति अयोध्या में परिक्रमा मार्ग स्थित प्रसिद्ध धर्मशाला श्री जानकी महल ट्रस्ट में ठहरे हैं।

अयोध्या धार्मिक स्थल में बढ़ रही, साईबर अपराध की घटनाओं पर डॉ. जौली ने गंभीर चिंता व दुःख व्यक्त की। धोखेबाज अयोध्या की मशहूर धर्मशालाओं व होटलों के फर्जी वेबसाईट बनाकर, आम नागरिकों से धोखाधड़ी कर पैसे लूट रहे हैं।

ऐसी जालसाजी की घटना, स्वयं डॉ. विजय जौली व उनके गैर सरकारी संगठन दिल्ली स्ट्डी ग्रुप के साथ हाल ही में घटित हुई। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। डॉ. जौली ने ऐसी अप्रिय घटनाओं से सबको सचेत रहने की आज अपील भी की।

## शिवसेना हरियाणा के अध्यक्ष नीरज सेठी ने कश्मीर हमले पर दी खुली धमकी

### कहा- अगर सरकार ने जवाब नहीं दिया तो दिल्ली ही नहीं, कश्मीर तक पहुंचेगा विरोध!

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो




हरियाणाः आज कश्मीर में हुआ आतंकवादी हमला न केवल देश की आत्मा पर वार है, बल्कि यह हमारी सहनशीलता की परीक्षा भी है। इस बर्बर हमले की कड़ी निंदा करते हुए शिवसेना हरियाणा के अध्यक्ष नीरज सेठी ने केंद्र सरकार को खुली चेतावनी दी है।

नीरज सेठी ने कहा- ये कायराना हमला देश की एकता को चुनौती देने वाला है। शिवसेना हरियाणा इसकी कड़ी निंदा करती है और सरकार को साफ-साफ कहती है- अगर आपने इस हमले का मुँहतोड़ जवाब नहीं दिया, तो हम दिल्ली की सड़कों तक ही सीमित नहीं रहेंगे। हम कश्मीर की सरहद तक जाकर विरोध करेंगे। जो भी कीमत चुकानी पड़े, चुकाएंगे, लेकिन आतंक का ये नंगा नाच अब और नहीं सहेंगे।

उन्होंने यह भी कहा कि देश की जनता अब सिर्फ बयानबाजी नहीं चाहती-अब बस बहुत हो चुका! हर बार खून बहता है और सरकार केवल निंदा करके बैठ जाती है। शिवसेना हरियाणा खामोश नहीं बैठेगी। हम बदला लेंगे ह्र हर उस कायर से जो हमारे सैनिकों और निदोर्षों पर हमला करता है। यह हमारी आखिरी चेतावनी है!

सेठी की यह धमकी न केवल सत्ता के गलियारों में हलचल मचाने वाली है, बल्कि जनता के आक्रोश को भी स्वर देती दिख रही है। अब देखने वाली बात होगी कि केंद्र सरकार इस चेतावनी पर क्या कदम उठाती है। अब खामोशी नहीं- बदला होगा! शिवसेना हरियाणा मैदान में उतर चुकी है।

## भामाशाह मंडी के रक्त भामाशाह ने फिर निभाया जीवनदायिनी किरदार

- गणेश ने कुसुम को दिया जीवनदान, गंभीर मरीज के लिए डोनेट की एसडीपी
- भीषण गर्मी में रक्त व एसडीपी की किल्लत को समझे आमजन, लोगों के जीवन को बचाने के लिए आगे आएं।

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो




कोटाः भीषण गर्मी में कुछ समाजसेवी व सहज हृदय ही लोगों की मद को आगे आ रहे हैं। जबकी रक्त की कमी के साथ ही एसडीपी डोनर्स के लिए भी परेशानियां आ रही है, ऐसे में लोगों को पीड़ित की मजबूरी समझनी होगी, लोगों के जीवन का मोल समझना होगा और स्वप्रेरणा से ही आगे आना होगा तभी किसी के जीवन को बचाया जा सकेगा। टीम जीवनदाता के संरक्षक व संयोजक भुवनेश गुप्ता ने बताया कि गुना निवासी कुसुम को ए पॉजीटिव एसडीपी की आवश्यकता थी, मरीज की स्थिति बिगड रही थी, ऐसे में किसी गार्ड ने टीम जीवनदाता से सम्पर्क के लिए कहा, भुवनेश गुप्ता से सम्पर्क होने पर उन्होंने शहर के कई ग्रुपों में मैसेज किए लेकिन किसी का रिसपोंस नहीं आया, ऐसे में गणेश विजयवर्गीय जो भामाशाह मंडी से अपना कार्य कर लौट रहे थे, जब उन्हें कॉल किया तो वह अपना ब्लड सेंटर पहुंचे और उन्होंने मरीज के परिजनों की हालत को समझा और चौथी बार एसडीपी डोनेट की जबकि ब्लड वे 28बार डोनेट कर चुके है। टीम जीवनदाता के साथी व प्रेरक आशीष खंडेलवाल ने पूरा संयोजन किया व आभार व्यक्त किया। रात करीब 1 बजे तक चले प्रोसेस को जब परिजनों ने देखा तो गणेश विजयवर्गीय का आभार जताया।

## धरोहरों से जुड़ने की अनूठी पहल: राज्य संग्रहालय ने मनाया विश्व धरोहर दिवस

### संस्कृति से संवादः विश्व धरोहर दिवस पर प्रदर्शनी, व्याख्यान और ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित

### नई पीढ़ी को विरासत संरक्षण के प्रति जागरूक करने का प्रयास, छात्रों में दिखा उत्साह

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



लखनऊ। विश्व धरोहर दिवस के उपलक्ष्य में राज्य संग्रहालय, लखनऊ द्वारा आयोजित शैक्षिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में मंगलवार को राजकीय इंटर कॉलेज, निशातगंज एवं यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल, मड़ियांव में प्रदर्शनी, व्याख्यान तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस पहल का उद्देश्य ऐतिहासिक धरोहरों और सांस्कृतिक विरासत के प्रति नई पीढ़ी को जागरूक करना एवं उन्हें संरक्षण का संदेश देना रहा। राजकीय इंटर कॉलेज, निशातगंज में राज्य संग्रहालय की दुर्लभ कलाकृतियों के छायाचित्रों की प्रदर्शनी लगाई गई। इसके माध्यम से विद्यार्थियों को उत्तर प्रदेश की समृद्ध कला और संस्कृति के विविध पक्षों से परिचित कराया गया। व्याख्यान के माध्यम से विद्यार्थियों को विरासत के महत्व और उसके संरक्षण की आवश्यकता पर विचार साझा किए गए। उन्हें संग्रहालय भ्रमण हेतु आमंत्रित भी किया गया।

### प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाया उत्साह

राजकीय इंटर कॉलेज, निशातगंज में आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में 104 छात्रों ने भाग लिया। विजेताओं को विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती आशा पांडेय द्वारा पुरस्कार और प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल, मड़ियांव में आयोजित प्रश्नोत्तरी में 50 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। चयनित प्रतिभागियों को पुरस्कार, तथा सभी को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से छात्रों में इतिहास और संस्कृति के प्रति रुचि जागृत होती दिखाई दी।

### कार्यक्रम को सफल बनाने में इनकी रही अहम भूमिका

कार्यक्रम के आयोजन और सफलता में राज्य संग्रहालय की टीम और विद्यालयों के शिक्षक-प्रधानाचार्य का विशेष योगदान रहा। प्रमुख सहयोगियों में शामिल रहेः डॉ. मीनाक्षी खेमका, सहायक निदेशक, सुश्री अल शाज फात्मी, सहायक निदेशक, शारदा प्रसाद, प्रमोद कुमार, सुश्री प्रीति साहनी, धनंजय कुमार राय, सुश्री शालिनी श्रीवास्तव, राहुल सैनी, बृजेश कुमार यादव, अरुण मिश्रा, रामू विश्वकर्मा, सतपाल शर्मा, परवेज खान।

## परिवार



ध्रुव-2
बातों से खुशी बटोरना
भी परिवार सिखाता है
मृदु वाणी का सदैव
उपयोग करना
परिवार सिखाता है
जीवन में सभी
परिस्थिति से सही
से सामना करने का
ज्ञान परिवार देता है
कहते है कि हमारा
खाया पिया अंग लगेगा
दान नदिया संग चलेगा
बाकी बचा जंग लगेगा
धन घर तक साथ चलेगा
परिवार श्मशान तक
साथ चलेगा और
साँसे समान परिवार
जीवन में धागा
बन सबके सपने
रिश्ते-नाते सब बुनती है
वह सब करीब है
अपनापन है का
अहसास देता है ।
प्रदीप छाजेड़
**( बोरावड़)**

# आदेश के बावजूद सड़क दुर्घटना पीड़ितों को मुआवजा न देना 'तकलीफदेह' : न्यायालय

नयी दिल्ली, (भाषा) उच्चतम न्यायालय ने मोटर दुर्घटना दावा (एमएसी) न्यायाधिकरणों के आदेश के बावजूद सड़क दुर्घटना पीड़ितों को मुआवजा नहीं दिये जाने को''तकलीफदेहङ्क करार दिया है।

न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने मंगलवार को कई निर्देश जारी करते हुए कहा कि मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के तहत दावा याचिका दायर करते समय घायलों या क्षतिग्रस्त संपत्ति के मालिकों के नाम और पते, उनके आधार और पैन विवरण और ईमेल आईडी प्रस्तुत किए जाने चाहिए। पीठ ने कहा, ''यदि उपरोक्त विवरण प्रस्तुत नहीं किए जाते हैं, तो उस आधार पर आवेदन के पंजीकरण को अस्वीकार नहीं किया जाना चाहिए, लेकिन नोटिस जारी करते समय एमएसीटी याचिकाकर्ताओं को संबंधित जानकारी प्रस्तुत करने का निर्देश दे सकते हैं और नोटिस जारी किये जाने को लेकर इसके अनुपालन की शर्त रख सकते हैं।''

पीठ ने कहा कि मुआवज़ा के अंतरिम या अंतिम आदेश पारित करते हुए एमएसीटी को मुआवजा पाने के हकदार लोगों को अपने बैंक खाते का विवरण प्रस्तुत करने का आदेश देना चाहिए, साथ ही बैंकर का प्रमाणपत्र जिसमें आईएफएस कोड सहित सभी विवरण प्रस्तुत




किए गए हों, या रद्द किए गए चेक की एक प्रति भी प्रस्तुत करनी चाहिए। इसने कहा कि दावाकर्ताओं को निर्दिष्ट उचित समय के भीतर दस्तावेज़ प्रस्तुत करने होंगे।

शीर्ष अदालत का यह आदेश एमएसीटी और श्रम न्यायालयों में जमा राशि को स्वतः संज्ञान लेकर शुरू की गयी सुनवाई पर आया है।

पीठ ने कहा कि मुआवज़ा पाने के हकदार व्यक्तियों को बैंक खातों और ईमेल आईडी में परिवर्तन की स्थिति में नयी जानकारी अद्यतन करते रहने के लिए आगे निर्देश जारी किये जाएंगे।

देश में कहा गया है, ''यदि (याचिका की) अनुमति संबंधी आदेश दिया जाता है, तो एमएसी न्यायाधिकरण दावेदारों को जारी किए जाने वाले मुआवज़े की राशि को इसके हकदार व्यक्तियों के बैंक खातों में जमा करने का निर्देश दे सकता है।''

शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि सहमति शर्तों में मुआवज़ा पाने के हकदार व्यक्तियों के सभी प्रासंगिक खाता विवरण शामिल होने चाहिए।

पीठ ने कहा, ''पक्षों के बीच समझौते के आधार पर राशि के वितरण के लिए पारित आदेश में खाते का विवरण भी शामिल किया जा सकता है।'' पीठ ने एमएसी न्यायाधिकरणों के न्यायाधीशों को बैंकर द्वारा जारी प्रमाण पत्र से सत्यापित करने और यह पता लगाने की जिम्मेदारी सौंपी कि मुआवजा पाने के हकदार लोग वास्तविक बैंक खाताधारक हैं या नहीं।

शीर्ष अदालत ने आगे एक डैशबोर्ड बनाने का निर्देश दिया, जिसमें 1988 या 1923 के अधिनियमों के तहत दिए गए मुआवजे की जमा राशि की जानकारी होगी, जिसे नियमित रूप से विवरण के साथ अपलोड किया जाएगा।

अदालत ने निर्देश दिया कि सभी उच्च न्यायालयों को एमएसीटी और आयुक्तों को प्रशासनिक निर्देश जारी करने चाहिए ताकि उन लोगों का पता लगाने के लिए व्यापक अभियान शुरू किया जा सके, जिन्हें मुआवजा पाने का हकदार माना गया है, लेकिन उन्होंने मुआवजा नहीं लिया है। पीठ ने कहा,''राज्य सरकारें स्थानीय पुलिस अधिकारियों/जिला और तालुका के राजस्व अधिकारियों के कानूनी सेवा प्राधिकरणों को उन दावेदारों का पता लगाने में सहायता प्रदान करेंगी जिन्हें मुआवजा पाने का हकदार माना गया है।''

## 'जन सुनवाई' से जुड़ी सूचना की मदद से सोशल मीडिया पर हथियार लहराने वाला व्यक्ति गिरफ्तार

नयी दिल्ली, (भाषा) नांगलोई में 'जन सुनवाई' कार्यक्रम के तहत दिल्ली पुलिस ने एक ऐसे व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, जो लोगों के मन में डर पैदा करके प्रसिद्धि पाने के लिए सोशल मीडिया पर बंदूक लहराता हुआ दिखाई दे रहा था।

पश्चिमी दिल्ली के नांगलोई में 19 अप्रैल को पुलिस ने हर शनिवार को आयोजित होने वाले 'जन सुनवाई' कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें पुलिस ने लोगों से इलाके के कुख्यात तत्वों की पहचान करने व उन्हें गिरफ्तार करने में प्रशासन की मदद करके इलाके की कanानून-व्यवस्था को मजबूत करने का आग्रह किया। निवासियों को किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना क्षेत्र के नामित बीट अधिकारियों को देने के लिए प्रोत्साहित किया गया, जिनके संपर्क विवरण उन्हें प्रदान किए । स्थानीय निवासी ने 20 अप्रैल को सोशल मीडिया पर वीडिओ से युवाओं के गुमराह होने की आशंका जताते हुए एक बीट अधिकारी से संपर्क किया और अर्जुन (25) के बारे में शिकायत की।

# जनता एजेंसियों के दुरुपयोग के बारे में जान गई है, रणनीति में बदलाव करें प्रधानमंत्री: प्रियंका

नयी दिल्ली, (भाषा) कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने अपने पति रॉबर्ट वाद्रा से पूछताछ और मां सोनिया गांधी तथा भाई राहुल गांधी के खिलाफ 'नेशनल हेराल्ड' मामले में आरोप पत्र दाखिल किए जाने को लेकर मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उनके सलाहकार गलत सलाह दे रहे हैं और उन्हें अब अपनी रणनीति में बदलाव करना चाहिए। उन्होंने संसद परिसर में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि यह सब राजनीतिक कारणों से हो रहा है।

प्रियंका गांधी ने कटाक्ष करते हुए कहा कि वह भी ईडी के 'निमंत्रण' का इंतजार कर रही हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नेशनल हेराल्ड मामले में कथित तौर पर 988 करोड़ रुपये के धनशोधन के लिए यहां एक विशेष अदालत में कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी सहित अन्य के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया है। इस बीच, ईडी ने 2008 के हरियाणा भूमि सौदे में कथित अनियमितताओं से जुड़े



धनशोधन मामले में पिछले दिनों में रॉबर्ट वाद्रा से तीन दिनों तक पूछताछ की।

प्रियंका गांधी ने कहा, ''मुझे लगता है कि प्रधानमंत्री के सलाहकार गलत सलाह दे रहे हैं। जनता समझ रही है कि एजेंसियों का किस तरह से दुरुपयोग हो रहा है, यह पूरी तरह से राजनीतिक है।'' उनका कहना था कि आमतौर पर चुनाव से एक दिन पहले यह सब होता है। उन्होंने कहा, ''आप बार-बार बुला रहे हैं, जनता देख रही है... मेरे पति से पूछा जा रहा है कि उन्होंने 17 साल पहले अपनी मां को चार लाख रुपये क्यों दिए। ये किस तरह के सवाल हैं?''

प्रियंका गांधी ने 'नेशनल हेराल्ड' मामले को लेकर कहा कि सब कुछ लोगों के सामने है...यह सब राजनीतिक कारणों से किया जा रहा है। सभी आरोप झूठे हैं। उन्होंने कहा, ''प्रधानमंत्री को अपनी रणनीति में बदलाव करना चाहिए।''

उनका कहना था, ''सोनिया जी, राहुल जी, मेरे पति पूरी तरह से सहयोग कर रहे हैं। मैं तो इंतजार कर रही हूं कि मुझे भी ईडी बुलाए, मुझे भी निमंत्रण दे।''

प्रियंका गांधी 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' संबंधी विधेयक पर विचार कर रही संसद की संयुक्त समिति की बैठक में शामिल हुईं।

समिति की एक और सदस्य तथा भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज बैठक में एक थैला लेकर पहुंची थी जिस पर 'नेशनल हेराल्ड की लूट' लिखा हुआ था।

इस पर प्रियंका ने कहा, ''मुझे तो मजेदार लगा। उनसे (बांसुरी से) इस बारे में पूछा तो वह मुस्करा दीं।''

# दिल्ली: सरकारी विद्यालयों के शिक्षकों की गैर-शिक्षण कार्यों में सहायता करेगा 'एआई टूल'

**नयी दिल्ली,** (भाषा) दिल्ली सरकार सरकारी विद्यालयों के शिक्षकों को कृत्रिम मेधा (एआई) के इस्तेमाल से गैर-शिक्षण कार्यों जैसे 'पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन' बनाने, पाठ्येतर गतिविधियों के लिए नये विचारों की खोज करने और फोटो संपादित करने आदि का प्रशिक्षण देगी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) के एक अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि इस पहल का उद्देश्य शिक्षकों को कक्षा में पढ़ाने के लिए अधिक समय देना और दोहराव वाले तथा अधिक समय लेने वाले काम को प्रौद्योगिकी की मदद से आसान बना। है। उन्होंने बताया कि योजना के हिस्से के रूप में सरकारी विद्यालयों में कंप्यूटर विज्ञान के 100 शिक्षकों का चयन किया जाएगा और इन कार्यों को सरल बनाने के लिए तैयार किये गये



विभिन्न 'एआई टूल' का इस्तेमाल करने के लिये प्रशिक्षित किया जाएगा।

अधिकारी ने बताया,''प्रशिक्षण के बाद ये 100 शिक्षक 'मास्टर ट्रेनर' के रूप में 50 चुनिंदा सरकारी विद्यालयों का दौरा करेंगे और अन्य शिक्षकों को इन 'एआई टूल' का प्रभावी ढंग से उपयोग करने का प्रशिक्षण देंगे।" उन्होंने बताया,''हम न केवल इस कार्यक्रम को शुरू कर रहे हैं, बल्कि शिक्षकों से प्रतिक्रिया प्राप्त कर यह भी पता लगाएंगे कि वे एआई उपकरणों का सही तरीके से उपयोग कर पा रहे हैं या नहीं।" अधिकारी ने बताया कि कुछ शिक्षक शुरू में एआई के उपयोग को लेकर झिझक रहे थे, क्योंकि उन्हें डर था कि यह उनकी नौकरी छीन सकता है। उन्होंने बताया,''इस पहल के माध्यम से हम उन्हें (शिक्षकों को) आश्वस्त करना चाहते हैं कि एआई उनकी मदद करने के लिए है, न कि उनकी जगह लेने के लिए।"

अधिकारी ने बताया कि इस पहल का लक्ष्य शिक्षकों के गैर-शिक्षण कार्यभार को कम करना है, ताकि वे शिक्षण पर अधिक ध्यान केंद्रित कर सकें।उन्होंने बताया कि शिक्षक अक्सर प्रस्तुतियां तैयार करने, दृश्य सामग्री के लिए छवियों को संपादित करने और सांस्कृतिक या पाठ्येतर गतिविधियों के लिए विचार ढूंढने में काफी समय खर्च करते हैं।

अधिकारी ने बताया,''अगर एआई इन कार्यों में मदद कर सकता है, तो शिक्षकों के पास विद्यार्थियों से जुड़ने और अपने शिक्षण की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए अधिक समय होगा।"

# नीतीश कटारा हत्याकांड: न्यायालय ने एक दोषी की रिहाई के खिलाफ दिल्ली सरकार की दलील पर आश्चर्य जताया

नयी दिल्ली, (भाषा) उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को दिल्ली सरकार के इस रुख पर आपत्ति जताई कि 2002 के नीतीश कटारा हत्याकांड में, बिना किसी छूट के 20 साल की जेल की सजा काट रहे एक दोषी को उसकी कैद की अवधि पूरी होने के बाद भी रिहा नहीं किया जा सकता।

न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने दिल्ली सरकार की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) अर्चना पाठक दवे की इस दलील पर आश्चर्य जताया कि सुखदेव यादव उर्फ पहलवान की स्वतः रिहाई नहीं हो सकती।

पीठ ने कहा, ''हम एक व्यक्ति की स्वतंत्रता से संबंधित मामले पर विचार कर रहे हैं। उच्च न्यायालय से लेकर उच्चतम न्यायालय तक ने दोषसिद्धि को बरकरार रखा है। अवधि तय की गई है। यदि हम पाते हैं कि उसे कानूनी रूप से स्वीकार्य अवधि से अधिक समय तक हिरासत में रखा गया है, तो वह हिरासत अवैध होगी। प्रत्येक दिन की हिरासत अवैध होगी।'' दोषी की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ मृदुल ने कहा कि उनके मुवक्किल ने 9 मार्च 2025 को सजा की अवधि पूरी कर ली। उन्होंने दोषी को 9 मार्च से आगे हिरासत में रखने के किसी भी कानूनी औचित्य से इनकार किया और कहा कि दिल्ली सरकार ने सजा की अपनी व्याख्या में गलती की है।

हालांकि, दवे ने दलील दी कि 20 साल के बाद स्वतः रिहाई नहीं हो सकती और आजीवन कारावास का मतलब है जीवन पर्यंत जेल में रहना।

एएसजी ने यह भी कहा कि याचिकाकर्ता ने शीर्ष अदालत में दायर याचिका में अपनी रिहाई का अनुरोध नहीं किया, बल्कि 'फरलो'



का आग्रह किया।

'फरलो' जेल से एक अस्थायी रिहाई है, न कि पूरी सजा का निलंबन या छूट। यह आमतौर पर उन लंबी अवधि के कैदियों को दी जाती है जिन्होंने अपनी सजा का एक हिस्सा पूरा कर लिया है।

इसके बाद उच्चतम न्यायालय ने कहा, ''हमने इस मामले की सुनवाई दोपहर करीब ढाई बजे शुरू की। 24 फरवरी और 28 मार्च 2025 के दो आदेशों से स्पष्ट संकेत मिलता है कि अदालत को दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले के प्रभावी हिस्से के कार्यान्वयन पर विचार करना था।''

पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता के दलील पेश करने और एएसजी द्वारा आधे घंटे तक दलील दिये जाने के बाद, एएसजी ने कहा कि याचिकाकर्ता ने अपनी विशेष अनुमति याचिका में, वास्तविक 20 साल की सजा काटने के बाद रिहा किये जाने का अनुरोध नहीं किया है।

न्यायालय ने कहा, ''इस प्रकार, यह दलील दी जा रही है कि यह न्यायालय इस प्रश्न पर विचार नहीं कर सकता।'' शीर्ष अदालत ने अपने पिछले आदेशों को ''बिल्कुल स्पष्ट'' मानते हुए कहा कि रिहाई के मुद्दे पर विचार किया जाएगा, इसलिए न्यायालय ने यादव को याचिका में संशोधन करने का निर्देश दिया।

न्यायालय ने कहा, ''अपराह्न (करीब) 3:15 बजे, चूंकि हमें लगा कि इस मामले में समय लगेगा, इसलिए हमने मामला सूची से शेष मामलों को हटा दिया और कहा कि शेष मामलों पर सुनवाई नहीं की जाएगी। इसलिए, आधे घंटे तक दलीलें पेश किये जाने के बाद भी इस तरह की प्रारंभिक आपत्ति उठाना अन्य वादियों के साथ अन्याय है।''

''कड़ी आपत्ति'' को ध्यान में रखते हुए पीठ ने याचिकाकर्ता को तीन दिनों के भीतर याचिका में संशोधन करने की अनुमति दी और सुनवाई 7 मई के लिए निर्धारित कर दी। पीठ ने 24 फरवरी को दिल्ली सरकार की इस दलील पर सवाल उठाया था कि वह मामले में 20 साल की जेल की सजा पूरी होने के बाद भी यादव को रिहा नहीं करेगी।

यादव की याचिका में दिल्ली उच्च न्यायालय के नवंबर 2024 के आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें उसे तीन सप्ताह के लिए 'फरलो' पर रिहा करने के अनुरोध वाली उसकी याचिका खारिज कर दी गई थी।


# कृषि वृद्धि दर बढ़ने से गांव के युवाओं का पलायन रोका जा सकेगा : गडकरी

नयी दिल्ली, (भाषा) केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को ग्रामीण युवाओं के शहरों की ओर पलायन को रोकने के लिए ग्रामीण भारत में कृषि की वृद्धि दर और क्रय शक्ति बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया।

यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गडकरी ने कहा कि वर्तमान में कृषि फसलों के लिए सरकार का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) वाणिज्यिक बाजार की कीमतों से कहीं अधिक है। उन्होंने कहा, ''कृषि की वृद्धि दर बढ़ने पर ग्रामीण युवाओं को आजीविका के लिए दिल्ली और मुंबई जैसे महानगरों की ओर पलायन करने के लिए मजबूर नहीं होना पड़ेगा।''

उनके अनुसार, कृषि की वृद्धि दर बढ़ने से ग्रामीण आबादी की क्रय शक्ति में वृद्धि होगी।

गडकरी ने देश में बांस संसाधनों के अधिक गहन उपयोग की आवश्यकता पर भी जोर दिया और कहा कि बांस रोजगार के अवसर पैदा



कर सकता है और ग्रामीण विकास में योगदान दे सकता है।

उन्होंने बताया कि ऊर्जा क्षेत्र में बांस के उपयोग से भारत को जीवाश्म ईंधन के आयात को कम करने में मदद मिलेगी।

गडकरी ने कहा कि बांस में कोयले के विकल्प के रूप में इस्तेमाल की क्षमता है और इसका उपयोग निर्माण कार्य में भी किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बांस का उपयोग जैव-सीएनजी और चारकोल बनाने के लिए भी किया जा सकता है और बांस मिशन से विशेष अनुदान की मदद से इस पर आगे अनुसंधान करने के लिए आईआईटी को शामिल किया जा सकता है।

# पेगासस विवाद: याचिकाओं पर सुनवाई के लिए उच्चतम न्यायालय ने 29 अप्रैल की तारीख तय की

नयी दिल्ली, (भाषा) उच्चतम न्यायालय ने पत्रकारों समेत अन्य लोगों की निगरानी के लिए पेगासस स्पाइवेयर के कथित अनधिकृत इस्तेमाल की जांच की मांग वाली याचिकाओं पर सुनवाई के लिए मंगलवार को अगले सप्ताह की तारीख तय की।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने समय के अभाव में सुनवाई टालते हुए इसके लिए 29 अप्रैल की तारीख निर्धारित की।

कुछ याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान ने कहा कि शीर्ष अदालत ने पहले एक तकनीकी पैनल की रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया था, लेकिन ऐसी कोई रिपोर्ट साझा नहीं की गई। दीवान ने कहा, ''इस अदालत को कुछ निर्देश पारित करने होंगे क्योंकि हमें रिपोर्ट नहीं मिली है। कृपया इस पर तत्काल सुनवाई करें।''

पीठ ने मामले को अगले सप्ताह सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया।

शीर्ष अदालत ने सात मार्च को याचिकाओं पर सुनवाई के लिए 22 अप्रैल की तारीख तय की थी।



न्यायालय ने 25 अगस्त, 2022 को कहा था कि पेगासस के अनधिकृत उपयोग की जांच के लिए उसके द्वारा नियुक्त तकनीकी पैनल को 29 में से पांच सेल फोन में कुछ मैलवेयर मिले, लेकिन यह नहीं माना जा सकता कि इजराइली स्पाइवेयर का इस्तेमाल किया गया था।

शीर्ष अदालत के पूर्व न्यायाधीश आर वी रवींद्रन द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट पर गौर करने के बाद न्यायालय ने कहा कि केंद्र सरकार ने पेगासस जांच में सहयोग नहीं किया। शीर्ष अदालत ने 2021 में नेताओं, पत्रकारों और कार्यकर्ताओं की लक्षित निगरानी के लिए सरकारी एजेंसियों द्वारा इज़राइली स्पाइवेयर का इस्तेमाल किए जाने के आरोपों की जांच का आदेश दिया था और मामले की जांच के लिए तकनीकी एवं पर्यवेक्षी समितियों की नियुक्ति की थी।

# दिल्ली दंगे: अदालत ने 57 लोगों के खिलाफ आगजनी, तोड़फोड़ के आरोप तय करने के आदेश दिए

नयी दिल्ली, 22 अप्रैल (भाषा) राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने 2020 के दिल्ली दंगों के दौरान तोड़फोड़, आगजनी और चोट पहुंचाने के अपराधों को लेकर 57 व्यक्तियों के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश देते हुए कहा कि उनके खिलाफ ''प्रथम दृष्टया मामला'' बनता है।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पुलस्त्य प्रमाचला 57 आरोपियों के खिलाफ मामले की सुनवाई कर रहे हैं जिनपर दयालपुर पुलिस थाने में, 24 फरवरी 2020 को मुख्य वजीराबाद रोड और चांद बाग के पास अपराध करने को लेकर मामला दर्ज किया था।

अदालत ने पंद्रह अप्रैल के अपने आदेश में कहा, ''रिकॉर्ड पर मौजूद साक्ष्यों से प्रथम दृष्टया पता चलता है कि आरोपी व्यक्ति एक गैरकानूनी जमावड़े का हिस्सा थे, जो उत्पात मचाने और संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने की साझा मंशा से एकत्र हुए थे।'' आदेश में कहा गया है कि एकत्र होने के मकसद को पूरा करने के लिए उन्होंने एक ट्रक, एक दोपहिया वाहन और एक गोदाम को आग लगा दी।

अदालत ने कहा, ''दंगाइयों की भीड़ में सभी आरोपियों की मौजूदगी विभिन्न गवाहों द्वारा स्थापित की गई है।''

अदालत ने कहा कि प्रथम दृष्टया उनके खिलाफ तोड़फोड़ और आगजनी का मामला बनता है। इसके अलावा ओम प्रकाश नामक व्यक्ति को गलत तरीके से रोकने और उसे चोट पहुंचाने का भी मामला बनता है।

प्रमाचला ने कहा, ''मुझे लगता है कि सभी आरोपियों के खिलाफ प्रथम दृष्टया, भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 148 (घातक हथियार से लैस होकर दंगा करना), 435 (सौ रुपये या उससे अधिक की राशि का नुकसान पहुंचाने के इरादे से आग लगाना), 436 (मकान को नष्ट करने के इरादे से आग लगाना), 323 (स्वेच्छा से चोट पहुंचाना), 341 (गलत तरीके से रोकना) के साथ-साथ धारा 149 (गैरकानूनी तरीके से एकत्र होना) और 188 (लोक सेवक द्वारा दिए गए आदेश की अवज्ञा) के तहत दंडनीय अपराध का मामला बनता है।''

दैनिक नेशनल एक्सप्रेस
हर खबर समय पर
43 वर्षों से निष्पक्ष व निर्भीक समाचार पत्र
1981 43 YEARS 2024
आवश्यकता है
नई दिल्ली से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक नेशनल एक्सप्रेस को हिंदी पत्रकारिता में ब्यूरो प्रमुख, अनुभवी पत्रकार / विज्ञापन प्रसार के लिए दिल्ली व उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में आवश्यकता है। जर्नलिज्म में अपना कैरियर बनाने को इच्छुक व्यक्ति संपर्क कर सकते है।
7080333338 011-49066569
news.vpl@gmail.com
VPL MEDIA PRIVATE LIMITED
S-561, Greater Kailash- II, New Delhi-110048
15/240 G Civil Lines Kanpur - 208001
Instagram nationalexpressindia
nationalexpressindia
70 80 333338
facebook fb/groups/nationalexpressindia

# भारतीय विरासत स्थलों पर पर्यटकों की संख्या पांच साल में 19 फीसदी बढ़ी, टिकट राजस्व 2.83 फीसदी घटा

नयी दिल्ली, (भाषा) भारत के लोकप्रिय विरासत स्थलों पर 2023-24 में पर्यटकों की संख्या में कोरोना-पूर्व काल के मुकाबले 19 फीसदी से अधिक वृद्धि दर्ज की गई। हालांकि, इससे टिकट ब्रिकी से अधिक राजस्व हासिल करने में मदद नहीं मिली, अलबत्ता यह राशि 2.83 प्रतिशत घट गई। आधिकारिक आंकड़ों का विश्लेषण तो कुछ यही बयां करता है।

राज्यसभा में 143 विरासत स्थलों के संबंध में पेश भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि इन स्थलों पर पर्यटकों की संख्या 2019-20 में लगभग 4.60 करोड़ से 19.35 फीसदी बढ़कर 2023-24 में करीब 5.49 करोड़ हो गई।

विश्लेषण के मुताबिक, पर्यटकों की संख्या में वृद्धि के बावजूद इन विरासत स्थलों पर टिकट की बिक्री से होने वाले राजस्व में 2.83 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई और यह 2019-20 में लगभग 312.54 करोड़ रुपये से घटकर 2023-24 में करीब 303.70 करोड़ रुपये हो गया। विश्लेषण के अनुसार, टिकट बिक्री से होने वाले राजस्व में गिरावट घरेलू और विदेशी पर्यटकों की संख्या में आए बदलाव की ओर इशारा करती है।



आंकड़ों पर गौर करें तो इन विरासत स्थलों पर घरेलू पर्यटकों की संख्या 2019-20 में लगभग 4.36 करोड़ से 21.75 फीसदी बढ़कर 2023-24 में करीब 5.31 करोड़ हो गई, जबकि विदेशी पर्यटकों की आमद में 16.03 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई और यह 2019-20 में करीब 27.56 लाख से घटकर 2023-24 में लगभग 23.15 लाख हो गई। विश्लेषण के मुताबिक, घरेलू पर्यटकों की संख्या में वृद्धि और विदेशी आगंतुकों की तादाद में कमी कोरोना-पूर्व काल की तुलना में कुल पर्यटक संख्या में इजाफे के बावजूद टिकट ब्रिकी से राजस्व में गिरावट की मुख्य वजह है, क्योंकि विदेशी आगंतुकों से अधिक टिकट शुल्क वसूला जाता है।

यह रुझान राष्ट्रीय तस्वीर को बयां करता है। आंकड़ों के अनुसार, देश में 2023-24 में राष्ट्रीय स्तर पर विदेशी पर्यटकों का आगमन (एफटीए) 2019-20 के स्तर के मुकाबले लगभग 87 फीसदी (95.2 लाख) रहा। आंकड़ों के मुताबिक, राष्ट्रीय स्तर पर पर्यटन से होने वाली कुल विदेशी मुद्रा आय (एफईई) 2023-24 में 28.08 अरब अमेरिकी डॉलर रही, जो 2019 में रिकॉर्ड 30.72 अरब अमेरिकी डॉलर एफईई से कम है।

संयुक्त राष्ट्र की ओर से विकसित लेखांकन ढांचे 'टूरिज्म सैटेलाइट अकाउंट' के आंकड़ों के अनुसार, पर्यटन क्षेत्र अर्थव्यवस्था में एक महत्वपूर्ण योगदानकर्ता बना हुआ है, जिसकी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में कुल (प्रत्यक्ष+अप्रत्यक्ष) हिस्सेदारी पांच फीसदी होने का अनुमान है और 2022-23 में इसने 7.62 करोड़ नौकरियों का सृजन किया। 0एएसआई के आंकड़ों के मुताबिक, 2019-20 के मुकाबले 2023-24 में राजरानी मंदिर (301 फीसदी), अशोकन रॉक एडिक्ट (251 फीसदी) और कोणार्क सूर्य मंदिर (53.5 फीसदी) जैसे विरासत स्थलों पर टिकट बिक्री से राजस्व में भारी वृद्धि दर्ज की गई, जबकि तिरुमलाई नायक महल (98.2 प्रतिशत), मूवरकोइल (90.1 प्रतिशत) और आगरा किला (47.2 प्रतिशत) में इसमें ःस्त गिरावट देखने को मिली। आंकड़ों के अनुसार, ताज महल में पर्यटकों की संख्या में 31.27 फीसदी की वृद्धि हुई, जबकि टिकट बिक्री से राजस्व महज 1.48 प्रतिशत बढ़ा। वहीं, कुतुब मीनार में पर्यटकों की संख्या में 45.1 फीसदी, जबकि टिकट बिक्री से राजस्व में 18 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। इसके विपरीत, हुमायूं के मकबरे पर पर्यटकों की संख्या में 16.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि राजस्व में 29.8 फीसदी की गिरावट आई।

पर्यटन मंत्रालय के 'इंडिया टूरिज्म डेटा कम्पेंडियम 2024' से पता चलता है कि 2023-24 में 61 लाख घरेलू और 6.8 लाख विदेशी पर्यटकों के साथ ताज महल आगंतुकों के बीच सबसे लोकप्रिय भारतीय पर्यटन स्थल बनकर उभरा। रिपोर्ट के मुताबिक, 2023-24 में कोणार्क सूर्य मंदिर (32 लाख) और कुतुब मीनार (31.2 लाख) घरेलू पर्यटकों के बीच दूसरे और तीसरे सबसे लोकप्रिय पर्यटन स्थल रहे, जबकि विदेशी पर्यटकों की बात करें तो कुतुब मीनार (2.2 लाख) और आगरा किला (2.18 लाख) घूमने-फिरने के लिए उनके बीच दूसरे और तीसरे सबसे पसंदीदा स्थल साबित हुए।



# हिंदू युवक से प्रेम विवाह के कारण लड़की वालों का घर में घुसकर तांडव

## घर में घुसकर मारपीट और लूटपाट, लड़की को जान से मारने और परिवार को ऑनर किलिंग की धमकी

नेशनल एक्सप्रेस

बरेली। मामला रामगंगा नगर कालोनी, चन्द्रपुर विचपुरी क्षेत्र का है जहां उस वक्त क्षेत्र में सनसनी फैल गई जब एक युवती के परिजनों ने दूसरे मजहब में प्रेम विवाह से नाराज होकर युवक के घर पर हमला बोल दिया। आरोप है कि हथियारों से लैस भीड़ ने देर रात युवक के घर में घुसकर परिवार के साथ जमकर मारपीट की, लूटपाट की और जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में एसएसपी ने आरोपियों के खिलाफ एसएसपी से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है। क्या है पूरा मामला प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रेम शंकर निवासी रामगंगा नगर कालोनी का पुत्र अमित कुमार (उम्र 26 वर्ष) व सूफी टोला, थाना बारादरी निवासी हुमैरा फातिमा एक-दूसरे को जानते थे और कई वर्षों से प्रेम संबंध में थे। हुमैरा फातिमा ने हिंदू धर्म को स्वीकार कर देवी-देवताओं में आस्था



जताई और अमित कुमार से स्वेच्छा से विवाह कर लिया। इस विवाह से आक्रोशित होकर हुमैरा के पिता को कथित तौर पर एक स्वयंभू धर्मगुरु नदीम खान (निवासी बानखाना) ने भड़काया, जिसके बाद 21/22 अप्रैल की मध्य रात्रि करीब 1-30 बजे एक भीड़ ने अमित कुमार के घर पर हमला कर दिया। प्रेम शंकर का आरोप है कि हमलावरों में मो. रिजवान, उसका मामा काकू, मां नरगिस, बेबी सहित 20-25 अन्य लोग शामिल थे। हमलावरों ने लोहे के रॉड व अवैध हथियारों से लैस होकर घर का गेट तोड़ा और अंदर घुसकर पूरे परिवार को बंधक बना लिया। इस दौरान उनके मोबाइल फोन छीन लिए गए, महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार किया गया, 50 हजार रुपये नकद और सोने की चेन लूट ली गई। घर में जमकर तोड़फोड़ की गई और जातिसूचक गालियां दी गई। पीड़ित परिवार का आरोप है कि हमलावरों ने साफ कहा कि यदि 24 घंटे के भीतर हुमैरा फातिमा को वापस नहीं किया गया, तो पूरे परिवार को जिंदा जला दिया जाएगा। कुछ ही समय बाद रात 3 बजे दोबारा कुछ लोग आए और वही धमकी दोहराकर चले गए। प्रेम शंकर ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रार्थनापत्र देकर उक्त हमलावरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

# आईएएस अविनाश सिंह बने बरेली के नए डीएम, रविन्द्र कुमार अब संभालेंगे आजमगढ़ जिले की कमान

## रविन्द्र कुमार का कार्यकाल जनहित, पारदर्शिता और नवाचारों से परिपूर्ण रहा बरेली को दिए विकास के पंख

नेशनल एक्सप्रेस

बरेली। योगी सरकार ने किए 33 आईएएस अफसर के तबादा जिसके तहत बरेली में प्रशासनिक व्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार का तबादला भी किया गया है। अब उन्हें आजमगढ़ का जिलाधिकारी नियुक्त किया गया है। वहीं 2014 बैच के तेजतर्रार आईएएस अधिकारी अविनाश सिंह को बरेली का नया डीएम बनाया गया है।

रविन्द्र कुमार ने 3 अक्टूबर 2023 को बरेली में चार्ज संभाला था, और करीब 18 माह 18 दिन तक जिले की कमान संभाली। उनका कार्यकाल जनहित, पारदर्शिता और नवाचारों से परिपूर्ण रहा।डीएम रविन्द्र कुमार के चार्ज संभालने के बाद कि प्रमुख उपलब्धियों में जनसुनवाई और शिकायत निस्तारण में रचा इतिहास आई जी आर एस पोर्टल पर 100% शिकायत निस्तारण कराकर बरेली को राज्य स्तरीय रैंकिंग में टॉप पर पहुँचाया।मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर बरेली का प्रदर्शन भी उत्कृष्ट रहा, जिससे आम जनता का भरोसा प्रशासन पर और मजबूत हुआ, बरेली की पौराणिक



पहचान को टेबुल बुक में किया दर्ज। जिले के धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों की जानकारी को डिजिटल रूप में लाने वाली टेबल बुक तैयार कराई। हर पेज पर क्यू आर कोड स्कैन कर स्थल की पूरी जानकारी हासिल की जा सकती है यह उत्तर प्रदेश की पहली अनूठी पहल मानी जा रही है।

भ्रष्टाचार पर शिकंजा कसने के साथ भृष्ट अफसरों पर कार्रवाई की गई। सितारगंज फोरलेन और रिंग रोड घोटाले की जांच खुद कराई। शासन को सौंपी गई रिपोर्ट पर दो पीसीएस अधिकारी आशीष कुमार और मदन कुमार निलंबित किए गए।

आंवला क्षेत्र के भूमि घोटालों की भी रिपोर्ट शासन को भेजी। पशु संरक्षण में मिसाल, गौशालाओं का व्यापक निर्माण, मनरेगा फंड से 100 से अधिक गौशालाएं बनवाकर छुट्टा पशुओं के लिए संरक्षित आश्रय सुनिश्चित कराया। ग्रामीण अंचलों में अतिक्रमण हटवाकर चारागाह की भूमि को मुक्त कराया।अंबेडकरनगर से स्थानांतरित होकर आए अविनाश सिंह 2014 बैच के आईएएस हैं। इनको नगर आयुक्त, जिला प्रशासन समेत कई पदों का अनुभव है। गुणवत्ता के साथ समय पर विकास कार्य पूरे कराना इनकी कार्यशैली की पहचान है।

मूल रूप से बिहार के निवासी हैं, लेकिन कार्यशैली पूरी तरह मृदुभाषी और निर्णयात्मक मानी जाती है। रविन्द्र कुमार का कार्यकाल न केवल व्यवस्थागत सुधारों, बल्कि जनसंपर्क, धार्मिक समरसता और प्रशासनिक सख्ती के लिए भी बरेली में मिसाल बन गया है।

अब बरेली की जनता को आईएएस अविनाश सिंह से नई उम्मीदें हैं कि वह इस विरासत को और ऊंचाइयों तक ले जाएंगे।

# हाईवे किनारे के होटल बन रहे नौजवानों की अय्याशी का अड्डा



## शहर में समाज के डर से हाईवे किनारे होटलों में मुंह काला कर रहे नौजवान, रेस्टोरेंट में रंगरेलियों का भंडाफोड़, कई युवक-युवतियां हिरासत में

नेशनल एक्सप्रेस

बरेली। देवरनिया थाना क्षेत्र में नैनीताल हाईवे किनारे स्थित एक रेस्टोरेंट में पुलिस ने देर रात छापा मारकर अश्लील पार्टी का भंडाफोड़ किया। डीजे की तेज आवाज में अश्लील गाने चल रहे थे और युवक-युवतियां आपत्तिजनक हालत में रंगरेलियां मना रहे थे। पुलिस ने मौके से कई युवक-युवतियों को हिरासत में लिया है।छापेमारी देवरनिया थाना प्रभारी के नेतृत्व में की गई। सूत्रों के अनुसार, रेस्टोरेंट में गुपचुप तरीके से रात में अश्लील पार्टियों का आयोजन हो रहा था। सूचना मिलने पर पुलिस ने दबिश दी तो वहां का नजारा चौंकाने वाला था।रेस्टोरेंट का मालिक और मैनेजर मौके से फरार हो गए, जिनकी तलाश जारी है। पुलिस ने बताया कि संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। साथ ही रेस्टोरेंट के संचालन, लाइसेंस और गतिविधियों की जांच भी की जा रही है।

# सैटेलाइट बस स्टैंड को गोली कांड से दहलाने वाले आरोपी अभी भी पुलिस की गिरफ्त से फरार

## परिवार का आरोप, पुलिस की सुस्ती से 70 दिन बाद भी न्याय अधूरा ,सरेशाम सेटेलाइट पर पार्सल ठेकेदार की गोली मारकर हत्या करने वाले पांच आरोपी अभी भी फरार

नेशनल एक्सप्रेस



बरेली। सेटेलाइट बस स्टैंड पर 70 दिन पहले सरेशाम पार्सल ठेकेदार की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, लेकिन हैरानी की बात यह है कि इस सनसनीखेज वारदात के मुख्य आरोपियों में से अब भी पांच आरोपी फरार हैं। परिजनों का आरोप है कि पुलिस यदि चाहती तो अब तक सभी आरोपी सलाखों के पीछे होते, लेकिन लापरवाही के चलते परिवार अब खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है। घटना 11 फरवरी की शाम करीब 6 बजे की है। प्रतापगढ़ निवासी अनुज पांडेय और उनके भाई अतुल पांडेय सेटेलाइट बस स्टैंड स्थित पार्सल कार्यालय में मौजूद थे, तभी कुली नौबत यादव अपने साथियों के साथ वहां पहुंचा और दोनों भाइयों को गोली मार दी। अनुज के सीने में गोली लगने से घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि अतुल गंभीर रूप से घायल हुए। वारदात के वक्त आरोपी हवा में फायरिंग करते हुए फरार हो गए, जिससे बस स्टैंड पर अफरा-तफरी मच गई। वारदात के तुरंत बाद पुलिस ने मुख्य आरोपी नौबत यादव और उसके साथी सुनील कश्यप को गिरफ्तार कर लिया था। लेकिन मामले में नामजद अन्य आरोपी दिनेश यादव, राजन, कामदेव, नन्हे और इसरार अब भी फरार हैं। अनुज के पिता राजेश पांडेय ने बारादरी थाने में 7 नामजदों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था।

अनुज के साले शुभम शुक्ला ने बताया कि उनके जीजा की सरेआम हत्या के बाद पूरा परिवार सदमे में है। अनुज के दो छोटे बच्चे हैं, जिनके सिर से पिता का साया उठ गया है। शुभम का कहना है कि परिवार को लगातार जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं, लेकिन पुलिस कार्रवाई के नाम पर चुप्पी साधे बैठी है।अनुज और अतुल पांडेय को उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के तहत एवीजी लॉजिस्टिक का पार्सल टेंडर मिला था। नवंबर से काम शुरू हुआ था, लेकिन तभी से बस स्टैंड पर कुछ कुली उन पर दबाव बना रहे थे। आरोपियों ने उन्हें बरेली छोड़ने की धमकी तक दी थी, जो अंततः जानलेवा हमले में बदल गई।परिजनों ने कहा कि अब वे डीआईजी और एसएसपी से मिलकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करेंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द गिरफ्तारी नहीं हुई तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे।

# चोरों का गढ़ बना थाना कैंट एरिया एक हफ्ते में दो बड़ी चोरियों को अंजाम

## सोता रहा परिवार, लाखों का सामान समेट ले गए चोर

## गहरी नींद में थे परिजन, नहीं खुली आंख, घर में लगे सीसीटीवी कैमरे भी उखाड़े

नेशनल एक्सप्रेस

बरेली। कैंट थाना क्षेत्र में चोरों ने एक हफ्ते के भीतर दूसरी बड़ी चोरी को अंजाम दिया। जिससे कैंट थाना क्षेत्र इलाके में दहशत का माहौल व्याप्त है।

ताजा मामला सोमवार देर रात अज्ञात चोरों ने एक मकान को निशाना बनाते हुए घर में रखे सोने-चांदी के जेवर, नगदी



और कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया।

घटना के समय परिवार वाले गहरी नींद में थे, जिस कारण चोरी की भनक नहीं लगी। पीड़ित ने कैंट थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कैंट के राजीव कॉलोनी निवासी अभिषेक शास्त्री पुत्र स्वर्गीय प्रमोद कुमार ने बताया कि रात के वक्त जब घरवाले सो रहे थे, तभी चोर घर में घुसे और अलमारी व ड्रॉअर खंगाल डाले। चोरों ने उनकी पत्नी की एक सोने की चेन, एक जोड़ी झुमके, कुंडल, झाले, तीन अंगूठियां, करीब 200 ग्राम चांदी के बर्तन, 20 चांदी के सिक्के और 25 हजार रुपये चोरी कर लिए। चोर घर में लगे सीसीटीवी कैमरे को भी उखाड़ ले गए। इससे साफ है कि चोरी को पूरी प्लानिंग के साथ अंजाम दिया गया। पीड़ित ने कैंट थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आस-पास के इलाकों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।

# तांडव करने लगे सूर्य देवता, गर्मी का प्रकोप प्रारंभ

नेशनल एक्सप्रेस

बरेली अप्रैल का महीना चल रहा है और गर्मी अपने तेवर दिखाने लगी है। बरेली में जगह-जगह लोग पेड़ों की छांव तलाश ने लगे मौसम विभाग के द्वारा हीट वेव को लेकर अभी से जिले को येलो अलर्ट जोन में रखा गया है। दिन में लोगों के पसीने छूटने लगे हैं, रातें भी गमार्ने लगी हैं। जिले में सोमवार को अधिकतम तापमान 39.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 25.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि पारा बढ़ने के साथ ही जिले को आरेंज या रेड अलर्ट श्रेणी में रखा जाएगा। आईएमडी की आधिकारिक बेवसाइट के अनुसार जिले में अधिकतम तापमान सामान्य से 1.1 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान में 2.5 डिग्री की बढ़ोतरी हुई। हवा में सुबह



72 प्रतिशत और शाम को 44 प्रतिशत नमी दर्ज की गई। 6-8 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। आंचलिक मौसम केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि अधिकतम

## सोमवार अधिकतम तापमान 39 .4 डिग्री न्यूनतम तापमान 25 .5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया हीट वेव और गर्मी का प्रकोप देखते हुए बरेली को अलर्ट येलो जोन में रखा गया

और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी जारी रहेगी। मंगलवार से गुरुवार तक तापमान लगभग इतना ही रहेगा। शुक्रवार से रविवार तक अधिकतम तापमान 40-41 डिग्री सेल्सियस दर्ज होने का अनुमान है। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और मौसम विभाग की संयुक्त कार्ययोजना के अनुसार जिले में 42 डिग्री पर आरेंज अलर्ट और 44 डिग्री पर हीट वेव का रेड अलर्ट घोषित हो जाएगा। सोमवार को धूप में तेजी होने का असर लोगों पर दिखाई दिया।

# भगवान श्री कृष्ण के जन्म होते ही कथा पंडाल जयकारों से गूंजा



नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर ।

जसराना। गांव नगला जाट में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा को सुनने के लिए बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ रही है। कथावाचक अखिलेश लवानिया ने भगवान श्री कृष्ण के जन्म की लीला सुनाई। इस अवसर पर बहुत सुन्दर झांकियों ने पंडाल में उपस्थित श्रोताओं का मन मोह लिया। महिलाओं ने नृत्य कर यशोदा मैया को श्री कृष्ण जन्म की बधाई दी। जैसे ही भगवान श्री कृष्ण का जन्म हुआ तो पूरा कथा पंडाल श्री कृष्ण के जयकारों से गूंज उठा। श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिवस कथा व्यास ने बताया कि जब जब पापा अत्याचार बढ़ता है तब प्रभु अपने निज भक्तों की रक्षा के लिए भिन्न भिन्न अवतार लेके प्रगट होते हैं। इसके अलावा माखन चोरी, पूतना वध, गोवर्धन पूजा आदि भगवान श्री कृष्ण की अनेकों बाल लीलाओं को सुनाकर भक्तों को भाव विभोर कर दिया।

# अम्बे मैया को आज उड़ाऊ चुनरिया जयपुर वाली...

## कस्बा पाढम में मां पूर्णागिरी मंदिर पर हुआ देवी जागरण का आयोजन

## कासगंज से आयी आर्केस्ट्रा पार्टी ने दी एक से बढकर एक प्रस्तुति

नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर ।



जसराना.कस्बा पाढम स्थित मां पूर्णागिरी मंदिर पर सचिन वर्मा द्वारा मां का जगराता कार्यक्रम बीती रात आयोजित कराया गया। जिसमें कासगंज से सुपर आर्केस्टा एवं जागरण मण्डल की टीम आयी। इस दौरान कासगंज से आयी टीम से सुभाष भैरव संग उनकी टीम ने एक से बढकर एक बेहतरीन प्रस्तुतियां दीं। बताया कि सचिन वर्मा से परिवार सहित ये मातारानी का जगराता कराया है। टीम में संगीता अरोडा, अनुष्का भारद्धाज, श्रीमान संतोष शास्त्री, पंडा जी संग कई कलाकार आये।

कई झांकियां सजायी गयीं। हमारी टीम मैनेजर प्रशांत दुबे डब्बू हैं। वहीं अनुष्का भारद्धाज ने मीडिया से रूबरू होकर अपना परिचय दिया। साथ ही भेंटों में मां की एक भेंट का अंतरा अम्बे मैया को आज उड़ाउ चुनरिया जयपुर वाली, चुनरिया जयपुर वाली। आयोजन कराने वालों में श्यामवीर वर्मा, सविन वर्मा, विपिन वर्मा, परायन सिंह वर्मा संग काफी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक मौजूद रहे।

# 22 साल की विवाहिता 14 साल के किशोर के साथ फरार

नेशनल एक्सप्रेस

अलीगढ़। सास-दामाद के बाद अब एक नया मामला सामने आया है, 22 साल की विवाहिता 14 साल के एक किशोर के साथ घर से फरार हो गई। दोनों के बीच काफी समय से बातचीत चल रही थी, दोनों सोमवार से गायब हैं। दोनों जब घर से गायब हुए तो उनके परिवार के लोगों ने उनकी खोजबीन शुरू कर दी। काफी ढूंढ़ने के बाद जब दोनों का पता नहीं चला तो फिर परिवार के लोग मंगलवार को रोरावर थाने पहुंचे हैं और पुलिस को लिखित शिकायत दी है। वहीं परिवार की शिकायत मिलने के बाद अब पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। किशोर और विवाहिता दोनों ही मुस्लिम समाज से हैं, रोरावर थाना क्षेत्र के एक ही मुहल्ले में दोनों के घर हैं। जिसके कारण दोनों का आपस में परिचय है, बताया जा रहा है कि युवती का एक साल पहले निकाह हुआ था, लेकिन वह बीते काफी दिनों से मायके में ही है। मायके में रहने के दौरान उसकी पड़ोस में ही रहने वाले एक 14 साल के किशोर से बातचीत हो रही थी। लेकिन परिवार के लोगों ने यह कभी नहीं सोचा था कि दोनों ऐसा कदम उठाएंगे और घर से फरार हो जाएंगे।

# मंदिर की भूमि पर भूमाफिया अवैध निर्माण करने का कर रहे हैं प्रयासः कौशल किशोर



नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

चंदौसी के राष्ट्रीय सनातन महासंघ के अध्यक्ष कौशल किशोर वंदेमातरम ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपा है। जिसमें आरोप है कि लक्ष्मणगंज स्थित बांके बिहारी मंदिर की भूमि पर कुछ भूमाफिया अवैध निर्माण करने का प्रयास कर रहे हैं। बताया कि लक्ष्मणगंज मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र हैं। उनके द्वारा 21 दिसंबर 2024 को समाधान दिवस में लिखित रूप से शिकायत की गई थी। तहसील प्रशासन की जांच आख्या में उक्त भूमि मंदिर महादेव जी बिहारी जी के नाम अभिलेखों में दर्ज पाई गई। वर्तमान में प्राचीन क्षतिग्रस्त मंदिर की 14 बीघा भूमि पर अराजक तत्वों से हमसाज होकर भूमाफिया गिरोह द्वारा षड़यंत्र पूर्वक अवैध निर्माण करके प्लाटिंग करने का षड़यंत्र रचा जा रहा है। जबकि प्राचीन मंदिर में हिंदू समाज की आस्था है, भूमाफियों के मंदिर की भूमि पर अवैध कब्जा के प्रयास से हिंदू समाज में रोष व्याप्त है। एसपी से मांग की है कि अराजक तत्वों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रत्येक ग्राम में एफपीओ का गठन किया जाए: मुख्य विकास अधिकारी



नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/सम्भल बहजोई। कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया के निर्देशन एवं मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में कृषि विभाग की जनपद स्तरीय परियोजना प्रबंध इकाई की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के अन्तर्गत जिला गन्ना अधिकारी राजेश्वर यादव ने शुगर बीट्स प्रजाति के विषय में बताया इसके बोने का समय तथा इसके कटाई के समय के विषय में भी बताया गया। गन्ना मे पायरिला रोग को लेकर भी जानकारी दी गयी। एफ पी ओ को कैसे आगे बढाया जाए उस पर भी चर्चा की गयी तथा मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक ग्राम में एफपीओ का गठन किया जाए। इसका प्रचार प्रसार किया जाए। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि ग्राम की सड़कों पर कोई घूरा ना डाले इसको सुनिश्चित किया जाए। मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि क्रॉप पैटर्न चेंज करने का प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि गाँव के लोग कृषि, पशुपालन तथा उद्यान को अपना कर आर्थिक रूप से सम्पन्न हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि आर्गेनिक खेती को बढ़ावा दिया जाए। मिलेटस ( श्री अन्न) पर भी चर्चा की गयी। मिक्स आटा का प्लांट लगाने के लिए भी एफपीओ को प्रोत्साहित किया। परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह ने कहा कि जिले में श्री अन्न को प्रोत्साहित करें एफपीओ तथा पैदावार ऐसी हो जो स्वास्थ्य के लिए भी अच्छी हो। एफपीओ में ज्यादा से ज्यादा किसानों को जोड़ा जाए। मिलेटस मोबाइल आउटलेट तथा मिलेटस स्टोर की स्थापना पर भी चर्चा की गयी एक संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह, कृषि उपनिदेशक अरुण कुमार त्रिपाठी, जिला कृषि अधिकारी प्रबोध मिश्रा तथा जिला उद्यान अधिकारी सुघर सिंह, जिला गन्ना अधिकारी रामेश्वर यादव जिला सूचना अधिकारी बृजेश कुमार एवं एफपीओ के सदस्य उपस्थित रहे।

### 1500 बच्चों ने मिलकर विश्व मानचित्र के आकार में बनाई मानव श्रंखला

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/चंदौसी एएम वर्ल्ड स्कूल में पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विद्यालय के 42000 वर्ग मीटर में 1500 बच्चों ने मिलकर विश्व मानचित्र के आकार में मानव श्रंखला बनाई। जिसने पर्यावरण संरक्षण व वैश्विक एकता का संदेश दिया। विद्यालय प्रबंधक अनूप मंगल ने बुधवार की सुबह 8 बजे बच्चों को एकत्र किया। इसके बाद बच्चों के साथ श्रंखला बनाने में सहयोग दिया। जिसमें कक्षा 2 से 12 तक के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग अद्भुत मानव आकृति बनाई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य कुलदीप सिंह, रवि सैनी, शेखर वार्ष्णेय, रमेश गुप्ता, अमन गोयल आदि मौजूद रहे। एबीसी किड्स मांटेसरी स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। जिसमें स्कूली बच्चों ने धरती बचाओ जीवन बचाओ कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। विद्यालय संचालिका संगीता भार्गव ने बताया कि पृथ्वी और पर्यावरण के महत्व के प्रति जागरुक करने के लिए हर वर्ष 22 अप्रैल को विश्व पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। स्कूली बच्चों को पर्यावरण संरक्षण द्वारा पर्यावरण को साफ व प्रदूषण रहित बनाने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर काजल, इशिता, रुपाली, शालू, दीक्षित, शिल्पा, दीपिका, ज्योति, दीया, पारुल, सोनाली, शालू, निशा, सिल्की, लक्षिता, नीरज, मंतशा, सोनल, सरिता आदि मौजूद रहे।



# फिल्म निर्देशक अनुराग कश्यप के खिलाफ दी तहरीर

नेशनल एक्सप्रेस अंशुल सिंह

चंदौसी के विकास कुमार मिश्रा एडवोकेट पुत्र राजीव कुमार मिश्रा निवासी गणेश कॉलोनी चंदौसी जिला सम्भल,ने नगर के बहुत से ब्राह्मणों के साथ मिलकर फिल्म निर्देशक अनुराग कश्यप के खिलाफ एक तहरीर चंदौसी कोतवाली में दी, जिसमें फिल्म निर्देशक अनुराग कश्यप द्वारा हाल ही में दिनांक 18/04/2025 को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से जिसका यूजर नेम ल्ल४१ॅ"२ॅ८स्र10 से सोच समझकर देश का माहौल खराब करने के उद्देश्य से ब्राह्मण समाज पर एक टिप्पणी की हैदिनांक 21/04/25 रात करीब 10:30 बजे प्रार्थी के इंस्टाग्राम पर उक्त पोस्ट दिखने लगी जब प्रार्थी ने अनुराग कश्यप की पोस्ट पढ़ी तो प्रार्थी की भावनाएं आहत हुई क्योंकि प्रार्थी भी ब्राह्मण समाज का एक अंग है, पोस्ट पिछले चार दिन से इंस्टाग्राम पर पड़ी हुई है। जिससे प्रार्थी व उसके समाज का अपमान हुआ है क्योंकि प्रार्थी भी ब्राह्मण समाज का ही हिस्सा है, डायरेक्टर अनुराग कश्यप की पोस्ट देखकर लगता है।धड़क 2 की स्क्रीनिंग और सेंसर बोर्ड व मोदी के नाम का उपयोग करते हुए ब्राह्मण समाज पर अभद्र टिप्पणी कर के सोशल मीडिया के माध्यम देश के प्रधानमंत्री के नाम का सहारा लेकर देश के दो जातियों में वैमनस्यता फैलाकर दंगे भड़काने का प्रयास किया जा रहा है, अनुराग कश्यप ने अपने इंस्टाग्राम पर टिप्पणी में लिखा है धड़क 2 की स्क्रीनिंग में सेंसर बोर्ड ने बोला, मोदी ने भारत में जाति व्यवस्था खत्म कर दी है। उसके आधार पे संतोष भी भारत में रिलीज नहीं हुई। अब ब्राह्मण को समस्या है फुले से। भैया, जब जाति व्यवस्था ही नहीं है तो काहे का ब्राह्मण। कौन हो आप. आप क्यों समाधान कर रही हैं जब जाति व्यवस्था नहीं थी तो ज्योतिबा फुले और सावित्री बाई क्यों थीं। हां तो आप का बह्मवाद अस्तित्व में ही नहीं है, क्यों कि मोदी जिनके हिसाब से भारत में जाति व्यवस्था नहीं है? या सब लोग मिलके सबको चूतिया बना रहे हो। भाई मिल के फैसला कर लो. भारत में जातिवाद है या नहीं। लोग चूतिया नहीं हैं.. आप ब्राह्मण लोग हो या फिर आप के बाप हैं जो ऊपर बैठे हैं। निर्णय लो.अनुराग कश्यप डायरेक्ट ने इसी इंस्टाग्राम पोस्ट की कॉमेंट में ब्राह्मणों के मुंह में मूतने को लेकर एक कमेंट किया है



डायरेक्टर अनुराग कश्यप के इस कृत्य से प्रार्थी व प्रार्थी के समाज की भावनाओं को गहरी ठेस पहुँची है प्रार्थी व प्रार्थी के समाज में आक्रोश व्याप्त है। उसका यह कृत्य न केवल प्रार्थी का अपमान है बल्कि पूरे ब्राह्मण समाज का अपमान है, बल्कि यह देश के सामाजिक सौहार्द और शांति को भंग करने का भी प्रयास प्रतीत होता है। इस प्रकार के कृत्य से दो समुदायों के बीच विद्वेष और तनाव उत्पन्न हो सकता है, जिससे देश का माहौल खराब हो सकता है।तहरीर में विकास कुमार मिश्रा एडवोकेट व ब्राह्मण समाज के लोगों ने गंभीर मामले का संज्ञान लेते हुए, अनुराग कश्यप के विरुद्ध उचित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति इस प्रकार के घृणित कृत्य करने का कोई भी साहस न कर सके और समाज में शांति एवं सद्भाव बना रहे।मौजूद रहे, गौरव शंखधार, लक्की शर्मा, सभासद निशांत शर्मा, विकास उपाध्याय, सभासद नवकांत शर्मा, करुणेश शर्मा, लक्की मिश्रा, योगेश शर्मा, अजय पाठक, गौरव, उज्वल, सौरव, विकास, दीपक, वीरेश, आदि लोग रहे।

## मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने मोबाइल हैल्थ टीम का औचक निरीक्षण कर दिए निर्देश



नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

सम्भल। मंगल वार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जनपद सम्भल के द्वारा राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत ब्लॉक रजपुरा में कार्यरत मोबाइल हैल्थ टीम टल्ळ1091475 का औचक निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के समय उक्त मोबाइल हैल्थ टीम पी.एम. श्री प्राथमिक विद्यालय गवाँ नवीन में छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर रही थी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा मोबाइल हैल्थ टीम की कार्य-प्रणाली का गहनता से निरीक्षण किया गया। मोबाइल हैल्थ टीम शसन स्तर के दिशा-निदेशों के अनुक्रम में बैनर लगाकर एवं समस्त सदस्य ऐप्रन (अस्त्र१ङ्ग्ल्ल) पहनकर स्वास्थ्य परीक्षण कार्य कर रहे थे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा मोबाइल हैल्थ टीम से पूछे गये समस्त सम्बन्धित प्रश्नों का उत्तर संतोषजनक मिला। स्वास्थ्य परीक्षण पंजिका का निरीक्षण भी किया गया; जिसमें समस्त प्रविष्टियाँ उचित प्रकार भरी जा रहीं थीं। कार्यस्थल पर कार्य करने एवं लगाये जाने वाले बैनर को कस्टमाइज कर उस पर सभी सदस्यों के नाम देखकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभावित हुए तथा जिला स्वास्थ्य समिति की आगामी बैठक में पुरूस्कृत किये जाने को भी कहा।राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत विफ्स कार्यक्रम की समीक्षा हेतु प्रभारी प्रधानाध्यापक ने विफ्स रजिस्टर दिखाया जो कि माह अप्रैल 2025 के तृतीय सोमवार तक अद्यतन था। प्रभारी प्रधानाध्यापक द्वारा अवगत कराया गया कि विद्यालय में अध्ययनरत समस्त छात्र-छात्राओं को मध्यान्ह भोजन के उपरान्त आयरन की गोली खिलायी जाती है। गत सोमवार को अनुपस्थित छात्र-छात्राओं को आज मध्यान्ह भोजन के उपरान्त आयरन की गोली खिलायी गयी है।मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा भी कुछ बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा कक्ष में उपस्थित छात्र-छात्राओं से जिलाधिकारी व अन्य जनपद स्तरीय अधिकारियों के नाम पूछने सम्बन्धी एवं आयरन की गोली खिलायी जाती है अथवा नहीं प्रश्न किये गये तथा छात्र-छात्राओं से क, ख, ग... व ए.बी.सी.डी.. भी सुनी। उपरोक्त प्रश्नों के उत्तर देने वाले सभी छात्र-छात्राओं को पुरूस्कार स्वरूप फल भी दिये।

## आज 9 बजे से शाम 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति ठप रहेगी

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/चंदौसी के विद्युत विभाग की ओर से बुधवार को तहसील उपकेंद्र पर कार्य के चलते सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति ठप रहेगी। एसडीओ अजय चौरसिया ने बताया कि विद्युत लाइन प्रणाली के सुदृढ़ीकरण का कार्य किया जा रहा है। जिसमें नए पोल व तार लगाने का कार्य चल रहा है। बुधवार को तहसील उपकेंद्र पर कार्य के चलते बड़ा महादेव, गोपाल मोहल्ला, सेमर टोला, वाल्मीकि बस्ती, डेहरिया मोहल्ला, ब्रह्म बाजार, हाथी खाना, बारहसैनी मोहल्ला में विद्युत आपूर्ति ठप रहेगी। उपभोक्ता सुबह 9 बजे से पहले पानी से संबंधित कार्य खत्म कर ले।

## ब्राह्मण शक्ति संघ ने प्रभारी निरीक्षक को सौंपा ज्ञापन



नेशनल एक्सप्रेस अंशुल सिंह

**ब्राह्मण समाज को अपमानित करने, व ब्राह्मण मनीष शर्मा पत्रकार पे जानलेवा हमले की कड़े शब्दों में की निंदा**

चंदौसी मे मंगलवार को ब्राह्मण शक्ति संघ द्वारा एक ज्ञापन प्रभारी निरीक्षक कोतवाली चंदौसी को दिया गया,जिसमें पत्रकार एस के सक्सेना द्वारा एक वीडियो मैं ब्राह्मण समाज को अपमानित करने , व ब्राह्मण मनीष शर्मा पत्रकार पे जानलेवा हमले की कड़े शब्दों मैं निंदा करते हुए अपराधियों के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की गई संगठन के अध्यक्ष ने मुकदमा दर्ज न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई। इस दौरान ज्ञापन देने वालों मैं विवेक मिश्रा, विवेक शर्मा गुमथल,सचिन शर्मा, मुकेश गौड़, सचिन मिश्रा,अविरल शर्मा,ऋतुपर्ण शर्मा,अमोल शर्मा,बृजेश शर्मा,निशांत शर्मा,पराग शर्मा ,प्रिंकेश शर्मा,डॉ.विवेक शर्मा,सुशील शर्मा,योगेश भारद्वाज,सौरभ शर्मा,प्रशांत वशिष्ठ,राहुल मिश्रा,पीयूष शर्मा,निखिलशर्मा,विनीत शर्मा आदि ब्राह्मण शक्ति संघ के सदस्य व पदाधिकारी मौजूद रहे।

# कल्याण सिंह हैबिटेट सेंटर में हुआ भव्य कार्यक्रम का आयोजन

नेशनल एक्सप्रेस

अलीगढ़। विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर नगर निगम द्वारा आयोजित कार्यक्रम में महापौर प्रशांत सिंघल व नगर आयुक्त विनोद कुमार के नेतृत्व में स्कूली बच्चों ने पर्यावरण और पृथ्वी को बचाने के लिए सराहनीय प्रयास किए। कल्याण सिंह हैबिटेट सेंटर में आयोजित इस कार्यक्रम में लगभग 30 स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और पृथ्वी, पेड़ पौधों और पर्यावरण को बचाने के लिए मॉडल और संदेश तैयार किए।




महापौर प्रशांत सिंघल ने कहा विश्व अर्थ डे पर स्कूली बच्चों की प्रदर्शनी सराहनीय योग्य है इसके लिए हृदय से सभी स्कूल संचालकों को हृदय से आभार करता हूँ उन्होंने कहा पृथ्वी हमारी माता है और हमें इसकी रक्षा करना हमारा कर्तव्य है। हमें अपने पर्यावरण को बचाने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए। उन्होंने संकल्प दिलाते हुए कहा सिर्फ ह्यआज ही नही 365 दिन अर्थ डे होना चाहिये है स्कूली बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडल और संदेश पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनकी जागरूकता और उत्साह को दशार्ते हैं।

नगर आयुक्त विनोद कुमार जी ने कहा पृथ्वी दिवस के अवसर पर हम सभी को अपने पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी का एहसास कराना चाहिए। हमें अपने दैनिक जीवन में पर्यावरण अनुकूल आदतें अपनानी चाहिए और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण पर आधारित मॉडल और पोस्टर बनाए और अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने पर्यावरण को बचाने के लिए विभिन्न तरीकों पर चर्चा की, जैसे कि वृक्षारोपण, जल संचयन, और ऊर्जा की बचत। नगर निगम द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूली बच्चों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने के लिए प्रेरित करना था।

कार्यक्रम में भाग लेने वाले स्कूली बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझा और इसके लिए अपने स्तर पर योगदान देने का संकल्प लिया। इस अवसर पर महापौर और नगर आयुक्त ने स्कूली बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया और उन्हें अपने दैनिक जीवन में पर्यावरण अनुकूल आदतें अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के अंत में, महापौर और नगर आयुक्त ने स्कूली बच्चों को पुरस्कृत किया और उन्हें पर्यावरण संरक्षण में उनके योगदान के लिए बधाई दी। इस कार्यक्रम ने स्कूली बच्चों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और उन्हें पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने के लिए प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। नगर निगम द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से स्कूली बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझा और इसके लिए अपने स्तर पर योगदान देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में डॉ ज्ञानेंद्र मिश्रा रिंकू सिंह सुमित सर्राफ शीतल नंदन प्रवीण मंगला प्रोफेसर गीता चौधरी डॉ आरती मित्तल को स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर नगर निगम द्वारा ब्रांड एंबेसडर बनाया गया।

# युवक का शव रख परिजनों ने लगाया जाम

## स्वीमिंग पूल में डूबकर हुई थी युवक की मौत, परिजनों ने दोस्तों पर लगाया है हत्या का आरोप

नेशनल एक्सप्रेस

अलीगढ़। थाना देहलीगेट क्षेत्र के खैर बाईपास पर युवक की मौत से नाराज परिवार के लोगों ने शव सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। उन्होंने युवक की हत्या का आरोप लगाया और आरोपियों के खिलाफ तत्काल मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी की मॉग की। परिजनों के हंगामे की सूचना मिलने पर कई थाने की फोर्स मौके पर पहुंच गई और उन्होंने परिवार के लोगों को समझाया। लगभग एक डेढ़ घंटे तक हंगामा चलता रहा। पुलिस के काफी समझाने पर परिवार के लोग शांत हुए और उन्होंने जाम खोला, इसके बाद परिवार के लोग शव का अंतिम संस्कार करने के लिए रवाना हो गए। थाना देहली गेट क्षेत्र के नगला मेहताब निवासी 20 वर्षीय रवि सोमवार को अपने दोस्तों के साथ लोधा थाना क्षेत्र के महादेव स्वीमिंग पूल में नहाने गया था। युवक का शव



संदिग्ध परिस्थिति में स्वीमिंग पूल में पड़ा मिला था और उसके दोस्त मौके से गायब हो गए थे। पंचनामा भरने के बाद पुलिस ने मंगलवार को शव का अंत्य परीक्षण कराया था और शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया था। लेकिन परिवार के लोग हत्या का आरोप लगा रहे थे और उन्होंने युवक के दोस्तों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जॉच कर रही थी, लेकिन आरोपियों की गिरफ्तारी की मॉग को लेकर परिवार के लोगों ने बाईपास पर जाम लगा दिया। परिवार के लोगों ने आरोप लगाया है कि युवक के दोस्तों ने पहले उसके साथ मारपीट की और फिर गला दबाकर हत्या कर दी। मौत को एक्सीडेंट बनाने के लिए आरोपियों ने उसके शव को स्वीमिंग पूल में फेंक दिया और खुद मौके से फरार हो गए। इसलिए आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर तत्काल कार्रवाई की जाए। वहीं लोधा थाना प्रभारी ने बताया कि शव का अंत्य परीक्षण करा लिया गया है। परिवार के लोगों ने जो तहरीर दी है, उसके अनुसार मुकदमा दर्ज कर मामले की जॉच की जाएगी, जॉच के आधार पर जो भी दोषी मिलेंगे, उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## मण्डलायुक्त ने विकास कार्यों, कानून व्यवस्था एवं राजस्व संग्रह की समीक्षा की

नेशनल एक्सप्रेस



अलीगढ़। मण्डलायुक्त अलीगढ़ श्रीमती संगीता सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को मण्डलीय समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में डीएम अलीगढ़ संजीव रंजन, डीएम एटा प्रेम रंजन, डीएम कासगंज मेधा रूपम, डीएम हाथरस राहुल पाण्डेय समेत सभी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सीडीओ, एडीएम एवं सम्बन्धित विभागों के मण्डलीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में मण्डलायुक्त ने विकास कार्यों की प्रगति, कानून व्यवस्था की स्थिति एवं राजस्व संग्रह की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विकास परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण कराने पर बल दिया गया। कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए पुलिस अधिकारियों को सतत गश्त एवं खुफिया तंत्र को सक्रिय रखने के निर्देश दिए गए। बैठक में राजस्व वसूली में शिथिलता पर सम्बन्धित अधिकारियों को चेतावनी और समयबद्ध लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए गए। कमिश्नर ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 अपने शुरूआती दौर में है, शासन द्वारा लक्ष्य आवंटित किए जा रहे हैं। विभागीय स्तर पर कार्ययोजना तैयार करें ताकि वर्ष के अंत तक लक्ष्य हासिल करने में कठिनाई न हो। उन्होंने सार्वजनिक शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। मण्डलायुक्त ने निर्देशित किया कि प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित की जाए और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता दी जाए। आयुक्त द्वारा बैठक के आरंभ में जिलेवार रैंकिंग समीक्षा में गत माह के सापेक्ष एटा और कासगंज की गिरती रैंक पर चिंता व्यक्त की गई वहीं अलीगढ़ व हाथरस में सुधार पर हर्ष व्यक्त किया गया। कमिश्नर ने मण्डल भर में सड़कों की खस्ताहाल स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए एसई लोनिवि को निर्देशित किया कि सड़कों की मरम्मत कराएं। नगर निगम से शुद्ध पेयजल आपूर्ति के बारे में एक्शन प्लान की जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देशित किया कि जनसामान्य को पेयजल की समस्या न हो। भवन निर्माण में मण्डल की स्थित बेहतर परन्तु अलीगढ़ बॉटम पांच में रहने पर एसई आरईडी को ध्यान देने के निर्देश दिए गए। जल जीवन मिशन में अलीगढ़ व एटा डी और कासगंज व हाथरस सी श्रेणी में आने पर एसई जल निगम ग्रामीण को डीएम एटा, हाथरस और कासगंज ने आड़े हाथ लेते हुए कहा कि उनके द्वारा क्षेत्र में निरीक्षण भी नहीं किया जा रहा है। कमिश्नर ने गर्मी को ध्यान में रखते हुए जलापूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि ग्रामीण इलाकों में पानी की समस्या नहीं होनी चाहिए। सभी अधिकारी भौतिक प्रगति के साथ ही वित्तीय प्रगति में भी सुधार लाएं, ऐसा न होने पर रैंकिंग पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। कमिश्नर ने कहा कि सभी अधिकारी शासन की मंशा के अनुरूप विभिन्न माध्यमों से प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराएं। प्रतिदिन आईजीआरएस पोर्टल को स्वयं संचालित कर शिकायतों की मॉनिटरिंग करें। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी अधिकारी तहसील दिवस में अपने से सबंधित प्राप्त 4 शिकायतों को निकाल कर दिए गए मोबाईल नम्बर पर जानकारी करें कि शिकायतों की क्या स्थिति है। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी संवेदनशीलता के साथ विभागीय योजनाओं की रैंकिंग सुधार पर ध्यान दें। आईजीआरएस समीक्षा के दौरान परिवहन एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के सर्वाधिक असंतुष्ट फीडबैक पाए गए।

# परिवार परामर्श केंद्र ने द्वारा काउंसलिंग कर दो परिवारों को टूटने से बचाया

नेशनल एक्सप्रेस

अलीगढ़। थाना गांधी पार्क क्षेत्र की रहने वाली प्रेमलता देवी (बदला हुआ नाम) द्वारा एक प्रार्थना पत्र वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के समक्ष दिया गया जिसमें आवेदिका द्वारा बताया गया कि उसकी बेटी श्रुति (बदला हुआ नाम) विकलांग है तथा घरेलू काम काज करने में सक्षम नहीं है। उसके ससुरलीजन उसे घरेलू काम ना कर पाने के कारण कई कई महीनों तक उसे मायके में छोड़ आते हैं तथा लेने नही आते है। आवेदिका ने बताया कि वर्तमान में भी उनकी बेटी लगभग तीन माह से उन्हीं के पास है तथा उसका पति शराब पीने का आदी है तथा उनकी बेटी श्रुति को लेने नहीं आ रहा है। आवेदिका ने अपने प्रार्थना पत्र में अपनी बेटी को उसके पति के घर भिजवाकर उसका घर टूटने से बचाने हेतु अनुरोध




किया। जिस पर मंगलवार को दोनों पक्षों को परिवार परामर्श केंद्र पुलिस कार्यालय पर बुलाकर दोनों पक्षों से वार्ता कर काउंसलिंग की गई। आवेदिका की पुत्री ने आश्वासन दिलाया कि जितना उससे हो सकेगा वो घरेलू कामों में अपनी सास की मदद करेगी तथा प्रतिपक्ष ने कहा कि वह कल अपनी पत्नी के मायके से उसे अपने साथ ले जाएगा तथा शराब से भी दूरी बनाएगा।दोनों पक्षों ने एक दूसरे का साथ निभाने तथा एक दूसरे का सहारा बनने का विश्वास दिलाया।बेटी का घर टूटने से बचने पर आवेदिका के चेहरे पर खुशी के भाव थे।

एक अन्य प्रकरण में परिवार परामर्श केंद्र पुलिस कार्यालय अलीगढ़ द्वारा दोनों पक्षों में सुलह समझौता कराया गया जिसमें प्रकरण कुछ इस प्रकार था कि कुशल सिंह (बदला हुआ नाम) थाना बनना देवी क्षेत्र अलीगढ़ का रहने वाला है उसकी शादी वर्ष 2019 में मुरैना मध्य प्रदेश की रहने वाली सोनी (बदला हुआ नाम) से हुई थी।

आवेदक ने बताया कि उसके ससुरलीजन उसके तथा उसकी पत्नी के बीच तनाव पैदा करते रहते है। मार्च 2025 में वह अपनी पत्नी के साथ अपने साले की शादी में शामिल होने के लिए अपनी पत्नी के मायके गए थे जहां पर उनकी पत्नी के भाई तथा अन्य ससुरालियों द्वारा उनके साथ गाली गलौज की गई तथा झूठे केस में फंसाने की धमकी दी गई। आवेदक के प्रार्थना पत्र पर परिवार परामर्श केंद्र अलीगढ़ द्वारा दोनों पक्षों की काउंसलिंग कर पति-पत्नी के बीच के विवाद को खत्म कर दोनों के परिवारों के संबंध ठीक ना होने की वजह से अपना रिश्ता खराब न करने की सलाह दी गई। दोनों पति-पत्नी आपसी सहमति से एक दूसरे के साथ रहने को तैयार हुए।

## अलग-अलग थाना क्षेत्र से छह अभियुक्त गिरफ्तार

अलीगढ़। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन द्वारा अपराध की रोकथाम एवं वांछित व वारंटी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना इगलास पुलिस द्वारा अभियुक्त मोनू पुत्र नत्थीलाल निवासी कारस थाना इगलास अलीगढ़ को चाकू के साथ मथुरा रोड पर हीरो एजेन्सी के बराबर मे खाली पडे ग्राउन्ड मे खोखा के पीछे से गिरफ्तार किया। तो वहीं थाना क्वार्सी पुलिस द्वारा अभियुक्त दीपक पुत्र राजेश सिंह निवासी चन्दनियां खेडा थाना क्वार्सी जनपद अलीगढ व मोहित पुत्र भोला निवासी चन्दनियां खेडा थाना क्वार्सी जनपद अलीगढ को पं0 दीनदयाल उपाध्याय संयुक्त चिकित्सालय के मुख्य मार्ग से मय चोरी किये गये मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया तो वहीं थाना क्वार्सी पुलिस द्वारा अभियुक्त शिवम शर्मा पुत्र रवेन्द्र शर्मा निवासी कुलदीप विहार थाना महुआखेडा जनपद अलीगढ व नूर मौहम्मद पुत्र अली मौहम्मद निवासी जमालपुर गोल मार्केट बरेली मस्जिद के पास थाना सिविल लाइन्स जनपद अलीगढ व प्रशान्त पुत्र ऊदल कश्यप निवासी एकता नगर थाना क्वार्सी जनपद अलीगढ को जवाहरपुरी कालौनी के से आने वाले कच्चे रास्ते पर अनूपशहर रोड पर मय दो पेटी उमंग दानेदार घी, पॉच पेटी राग गोल्ड रिफाइन्ड पामोलिन तेल, दो छूरे व एक घटना मे प्रयुक्त टैम्पू यू0पी0 81 ई0टी0 6676 के साथ गिरफ्तार किया।

# संपादकीय

## सजातीय मीडिया

**विज्ञापन** के वृक्ष तले सियासी हरीतिमा खोज रहीं पार्टियों के लिए अब मसला एक समान हो गया है। यहां कांग्रेस का विज्ञापन, भाजपा के विज्ञापन के करीब हो गया या इस पैमाइश की जिरह में हिमाचल का अपना मीडिया कमजोर हो गया। आश्चर्य यह कि मीडिया से बड़ी विज्ञापन की शख्सियत हो गई है। दोनों ओर से दी जा रही चुनौतियों के बीच एक रिवायत सी दिखाई दे रही है, जो विज्ञापन का निर्यात करती है। सवाल यह नहीं कि कांग्रेस ने किसको क्या दिया या भाजपा ने किसे विज्ञापन के कितने गहने पहनाए, बल्कि यह जरूर है कि कई रास्ते हैं और जहां से गुजर जाते हैं अपनों के वास्ते। अंततः मीडिया की परिभाषा खुद से सवाल कर रही है। क्या सत्ता का कोई सजातीय मीडिया भी होता है। अगर यह दस्तूर है तो बहन भाजपा और मियां कांग्रेस को क्यों एक दूसरे पर मीन मेख निकालने का गुरूर। आश्चर्य यह कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने हिमाचली विज्ञापन से कीड़े निकाल दिए, लेकिन वायरस तो उनकी सरकार के दौर में भी पैदा हुआ। सरकारों के विशेषाधिकार, रिवायतें और तौर तरीके जिस तरह बजट को खिलौना बनाती हैं, वहां इस तू तू-मैं मैं से शायद निकलेगा कुछ नहीं। इस व्यवहार में भी एक रोशनी है कि सरकारें चाहें तो मीडिया नीति बना सकती हैं।

मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार नरेश चौहान के आंकड़े भाजपा का किस हद तक मुंह बंद कर पाते हैं, लेकिन उन्हें अपनी सरकार की विज्ञापन नीति को बेहतर बनाने के लिए कुछ और उदाहरण भी सामने लाने होंगे। विज्ञापनों का चि_ा जब खुलता है, तो सवा दो करोड़ बनाम तीन करोड़ की पैमाइश नहीं, बल्कि संदेह यह है कि कहीं स्थानीय मीडिया की मेहनत, आधार, श्रम, साधना और राज्य के प्रति सरोकारों का आकलन कमजोर न हो जाए। हिमाचल में ही हर तरह का मीडिया शिरकत कर रहा है। अखबारें हैं, तो कुछ राज्य की भूमिका में श्रेष्ठ, कुछ राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में उज्ज्वल, तो कुछ स्थानीय परिदृश्य में एकलव्य हैं। इसी तरह कुछ इलेक्ट्रोनिक माध्यम और उनकी वकालत में राज्य का पक्ष जब किसी राष्ट्रीय सम्मेलन के मंच पर गूंजता है, तो उनके संदर्भों का खाका मजबूत होता है। अब नए और डिजिटल मीडिया के दौर में हर नेता का अपना सोशल मीडिया नेटवर्क है, तो दर्जनों पत्रकारों का अपना-अपना सुरूर है। यह मीडिया अगर हिमाचल के न्यूज चैनल के स्वरूप में चलें, तो मेहनत और मशक्कत का दस्तूर दिखाई देता है, वरना वीडियो चैनल के जाल में कौन किस तालाब में मछली और कौन तालाब की मछलियां पकड़ रहा है, इसका अंदाजा लगाने के लिए हिमाचल को मीडिया नीति में व्यवस्था परिवर्तन का ठोस आधार खोज कर लाना होगा। राज्य के संसाधनों में मीडिया का सशक्त होना, नागरिक समाज व लोकतांत्रिक अपेक्षाओं के लिए आवश्यक है। अगर हिमाचल के विश्वविद्यालयों तथा महाविद्यालयों में मीडिया की पढ़ाई का पाठ्यक्रम चल रहा है, तो युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए अखबारों, चैनलों और डिजिटल मीडिया का भी अहम रोल है। प्रदेश में मीडिया के आवरण में प्रत्यक्ष और परोक्ष रोजगार का जिक्र करें, तो करीब पांच हजार लोग इससे पारिश्रमिक, पगार या व्यवसाय चलाते हैं।

ऐसे में सरकारों की भूमिका में अगर विज्ञापन का आबंटन ईमानदारी से होता है, तो राज्य के युवाओं को रोजगार देने में सहायक होता रहेगा। बहरहाल हिमाचल की आर्थिक स्थिति के वर्तमान में राज्य को संवारने की अहमियत होनी चाहिए। यह चाहे सार्वजनिक व्यय में कटौतियों को लेकर हो या आवश्यक खर्च के लिए संसाधन बचाने के लिए हो, लेकिन वित्तीय जवाबदेही के हर पहलू पर निगहबानी होनी चाहिए। हिमाचल के मंदिरों की आय, सांस्कृतिक समारोहों के आयोजन और पारंपरिक मेलों के प्रबंधन में इतना कौशल तो होना चाहिए कि राज्य मंदिर व सांस्कृतिक आर्थिकी के जरिए अपने कलाकारों को व्यवस्थित रोजगार दे सके। ऐसे में बहस यह नहीं कि किस पार्टी ने अपनी सत्ता के दौरान कितनी फिजूलखर्ची की, बल्कि यह है कि राज्य की व्यवस्था में पारदर्शिता के लिए मजबूत नीतियों का पदार्पण हो।

**विश्व पुस्तक दिवस-23 अप्रैल पर विशेष**

# पुस्तकें कल्पवृक्ष भी है और कामधेनु भी



ललित गर्ग

> किताबें, अपने सभी रूपों में, हमें सीखने और खुद को सशक्त रखने का मौका देती हैं। वे हमारा मनोरंजन भी करती हैं और हमें दुनिया को समझने में मदद करती हैं, साथ ही दूसरों की दुनिया में झांकने का मौका भी देती हैं। इस दिवस की 2025 की थीम है 'अपने तरीके से पढ़ें', यह थीम सभी आयु वर्ग के लोगों विशेषतः बच्चों को अपनी रुचि के अनुसार किताबें चुनने और पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करती है। इसका उद्देश्य बच्चों को पढ़ने में आनंद आने का अनुभव कराना और उनकी पढ़ने की आदत को मजबूत बनाना है।

विश्व पुस्तक दिवस जिसे विश्व पुस्तक कॉपीराइट दिवस भी कहा जाता है, पुस्तक-संस्कृति को बल देने और पढ़ने की प्रवृत्ति के आनंद को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाने वाला एक विश्व उत्सव है। हर साल 23 अप्रैल को दुनिया भर में पुस्तकों के दायरे को पहचानने, उसे प्रोत्साहन देने एवं दुनिया को जोड़ने के लिए पुस्तक उत्सव अतीत और भविष्य के बीच एक कड़ी, पीढ़ियों और संस्कृतियों के बीच एक पुल है। इस अवसर पर, यूनेस्को और पुस्तक उद्योग के तीन प्रमुख क्षेत्रों - प्रकाशक, पुस्तक विक्रेता और पुस्तकालयों का प्रतिनिधित्व करने वाले अंतर्राष्ट्रीय संगठन, अपने स्वयं के प्रयासों के माध्यम से, दिवस के उत्सवों की प्रेरणा को बनाए रखने के लिए एक वर्ष के लिए विश्व पुस्तक राजधानी का चयन करते हैं। किताबें, अपने सभी रूपों में, हमें सीखने और खुद को सशक्त रखने का मौका देती हैं। वे हमारा मनोरंजन भी करती हैं और हमें दुनिया को समझने में मदद करती हैं, साथ ही दूसरों की दुनिया में झांकने का मौका भी देती हैं। इस दिवस की 2025 की थीम है 'अपने तरीके से पढ़ें', यह थीम सभी आयु वर्ग के लोगों विशेषतः बच्चों को अपनी रुचि के अनुसार किताबें चुनने और पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करती है। इसका उद्देश्य बच्चों को पढ़ने में आनंद आने का अनुभव कराना और उनकी पढ़ने की आदत को मजबूत बनाना है।

23 अप्रैल विश्व साहित्य में एक प्रतीकात्मक तिथि है। इस दिन कई विश्वप्रसिद्ध लेखकों का जन्मदिवस या पुण्यतिथि होती है। विलियम शेक्सपियर, मिगुएल डे सर्वेंट्स और जोसेप प्लाया का इसी दिन निधन हुआ था, जबकि मैनुएल मेजिया वल्लेजो और मौरिस ड्रून इसी दिन पैदा हुए थे। यूनेस्कों ने 23 अप्रैल 1995 को इस दिवस को मनाने की शुरुआत की थी। पैरिस में यूनेस्को की एक आमसभा में फैसला लिया गया था कि दुनियाभर के लेखकों का सम्मान करने, उनको श्रद्धांजली देने और किताबों के प्रति रुचि जागृत करने के लिए इस दिवस को मनाया जाएगा। पुस्तकों को ज्ञान का बाग भी कहा जाता है। यदि कोई इन पुस्तकों से सच्ची दोस्ती कर ले तो यकीन मानिए उसे जीवन भर का ज्ञान और हर समस्या का समाधान कुछ ही समय में मिल जाता है। समस्याओं एवं परेशानी के दौर में पुस्तक दोस्ती का पूरा फर्ज निभाती हैं। पुस्तक का महत्व सार्वभौमिक, सार्वकालिक एवं सार्वदैशिक है, किसी भी युग या आंधी में उसका महत्व कम नहीं हो सकता, इंटरनेट जैसी अनेक आंधियां आयेगी, लेकिन पुस्तक संस्कृति हर आंधी में अपनी उपयोगिता एवं प्रासंगिकता को बनाये रख सकेगी। क्योंकि पुस्तकें पढ़ने का कोई एक लाभ नहीं होता। पुस्तकें मानसिक रूप से मजबूत बनाती हैं तथा सोचने समझने के दायरे को बढ़ाती हैं। किताबों का अस्तित्व खत्म नहीं हो सकता। आधुनिकता की बात करें तो भी यह बात हर वक्त संभव नहीं कि किताबों के स्थान पर लैपटॉप आदि से पढ़ा जाए।



पुस्तक या किताब लिखित या मुद्रित पेजों के संग्रह को कहते हैं। पुस्तकें ज्ञान का भण्डार हैं। पुस्तकें हमारी दुष्ट वृत्तियों से सुरक्षा करती हैं और सकारात्मक सोच को निर्मित करती है। अच्छी पुस्तकें पास होने पर उन्हें मित्रों की कमी नहीं खटकती है वरन वे जितना पुस्तकों का अध्ययन करते हैं पुस्तकें उन्हें उतनी ही उपयोगी मित्र के समान महसूस होती हैं। पुस्तकें एक तरह से जाग्रत देवता हैं उनका अध्ययन मनन और चिंतन कर उनसे तत्काल लाभ प्राप्त किया जा सकता है। तकनीक ने भले ज्ञान के क्षेत्र में क्रांति ला दी है, पर पुस्तकें आज भी विचारों के आदानझ्प्रदान का सबसे सशक्त माध्यम हैं। महात्मा गाँधी को महान बनाने में गीता, टालस्टाय और थोरो का भरपूर योगदान था। प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी को विश्व ख्याति दिलाने में पुस्तकों की महत्वपूर्ण भूमिका है, यही कारण है कि उन्होंने पुस्तक संस्कृति को जीवंत करने का अभिनव उपक्रम 'मन की बात' कार्यक्रम में अनेक बार किया। पुस्तकों में जीवन का रहस्यमय एवं रोमांचक संसार है। इसलिये पुस्तक संस्कृति को प्रोत्साहन देकर ही हम उन्नत संस्कार, संसार एवं सृष्टि का निर्माण कर सकेंगे। किताबों में ही किताबों के बारे में जो लिखा है वह भी बहुत उल्लेखनीय और विचारोत्तेजक है। मसलन टोनी मोरिसन ने लिखा है- 'कोई ऐसी पुस्तक जो आप दिल से पढ़ना चाहते हैं, लेकिन जो लिखी न गई हो, तो आपको चाहिए कि आप ही इसे जरूर लिखें।'

शिक्षाविद चार्ल्स विलियम इलियट ने कहा कि पुस्तके मित्रों में सबसे शांत व स्थिर हैं, वे सलाहकारों में सबसे सुलभ और बुद्धिमान होती हैं और शिक्षकों में सबसे धैर्यवान तथा श्रेष्ठ होती हैं। निःसंदेह पुस्तकें ज्ञानार्जन करने, मार्गदर्शन एवं परामर्श देने में में विशेष भूमिका निभाती है। नरेन्द्र मोदी प्रयोगधर्मा एवं सृजनकर्मा राजनायक हैं, तभी उन्होंने उपहार में 'बुके नहीं बुक' यानी किताब देने की बात कही। सत्साहित्य में तोप, टैंक और एटम से भी कई गुणा अधिक ताकत होती है। अणुअस्त्र की शक्ति का उपयोग ध्वंसात्मक ही होता है, पर सत्साहित्य मानव-मूल्यों में आस्था पैदा करके स्वस्थ एवं शांतिपूर्ण समाज की संरचना करती है। इसी से सकारात्मक परिवर्तन होता है जो सत्ता एवं कानून से होने वाले परिवर्तन से अधिक स्थायी होता है। यही कारण है कि मोदीजी भारत को बदलने में सत्साहित्य की निर्णायक भूमिका को स्वीकारते हैं।

पुस्तकें चरित्र निर्माण का सर्वोत्तम साधन हैं। उत्तम विचारों से युक्त पुस्तकों के प्रचार और प्रसार से राष्ट्र के युवा कर्णधारों को नई दिशा दी जा सकती है। देश की एकता और अखंडता का पाठ पढ़ाया जा सकता है और एक सबल राष्ट्र का निर्माण किया जा सकता है। पुस्तकें प्रेरणा की भंडार होती हैं उन्हें पढ़कर जीवन में कुछ महान कर्म करने की भावना जागती है। पुस्तकें कल्पवृक्ष भी है और कामधेनु भी है, क्योंकि इनकी छत्रछाया में मनुष्य अपनी हर मनोकामना को पूरा करने की शक्ति एवं सामर्थ्य पाता है। पुस्तकें अमूल्य है और जन-जन के लिये उपयोगी है, निश्चित ही वे एक नये व्यक्ति और एक नये समाज-निर्माण का आधार भी है। पुस्तकें ही व्यक्ति में सकारात्मकता का संचार करती है। नये मूल्य, नये मापदण्ड, नई योग्यता, नवीन क्षमताएं, आकांक्षाएं और नये सपने- तेजी से बदलती जिंदगी में सकारात्मकता को स्थापित करने में पुस्तकों की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है।

इंसान घर बदलता है, लिबास बदलता है, रिश्ते बदलता है, दोस्त बदलता है, फिर भी परेशान क्यों रहता है? क्योंकि उसने पुस्तकरूपी कल्पवृक्ष की छाया में बैठना बन्द कर दिया है जबकि इन्हीं पुस्तकों की सार्थक कोशिश होती है कि इंसान बदलें, उसकी सोच बदलें, उसका व्यवहार बदलें लेकिन बदलने की उसकी दिशा सदैव सकारात्मक हो ताकि वह जिंदगी के वास्तविक मायने समझ सके। जब तक इंसान खुद को नहीं बदलता, वह अपनी मंजिल को नहीं पा सकता। मंजिल को पाने एवं जीत हासिल करने के लिए स्वयं का स्वयं पर अनुशासन जरूरी है। यही सूत्र पुस्तक-संस्कृति की उपयोगिता एवं महत्व को उजागर करता है। पुस्तकें एक रचनात्मक एवं सृजनात्मक दुनिया है, जिसमें विद्वान लेखकों, विचारकों एवं मनीषियों ने अपनी कलम में वही सब कुछ लिखा होता है जिसे उन्होंने अपने आस-पास की जिंदगी में देखा है, भोगा है। इन पुस्तकें के विचार किसी न किसी के द्वारा कभी न कभी सोचा, कहा, लिखा, मनन किया या जीया गया होता है। ये पुस्तकें एक जरिया है, झरोखा है, जिसमें युगों का ज्ञान है, महापुरुषों के अनुभव हैं, संतपुरुषों की सूक्तियां हैं, प्रबुद्धजनों के जीवन का निचोड़ हैं। जिनकी प्रेरणा और ऊर्जा से इंसानों को रोशनी मिलती है, जो सबके घर में आनंद को और सूरज को अवतरित करने की क्षमता का स्रोत भी है।

इंटरनेट और ईझ्पुस्तकों की व्यापक होती पहुंच के बावजूद छपी हुई किताबों का महत्व कम नहीं हुआ है और वह अब भी प्रासंगिक हैं। भारत ही बल्कि दुनिया को बदलने में सत्साहित्य की निर्णायक भूमिका असंदिग्ध हैं। हजारीप्रसाद द्विवेदी ने तभी तो कहा था कि साहित्य वह जादू की छड़ी है, जो पशुओं में, ईंट-पत्थरों में और पेड़-पौधो में भी विश्व की आत्मा का दर्शन करा देती है।' निश्चित ही विश्व पुस्तक दिवस की पुस्तक-प्रेरणा भारतीय जन-चेतना को झंकृत कर उन्हें नये भारत के निर्माण की दिशा में प्रेरित कर रही है।

## 23 अप्रैल :इतिहास की अहम घटनाएं

- 1954 सेंट लुइस कार्डिनल्स के विक रासची के खिलाफ बल्लेबाजी करते हुए मिल्वौकी ब्रेव्स के हांकराओन ने मेजर लीग बेसबॉल में अपने तत्कालीन रिकॉर्ड 755 होमरून में से पहला झटका दिया।
- 1961 अल्जीरियाई युद्ध के बीच में, फ्रांसीसी राष्ट्रपति चार्ल्स डीगॉले ने एक सैन्य भाषण दिया, जो सैन्य कर्मियों और स्थानीय लोगों को उनके खिलाफ तख्तापलट की कोशिश का विरोध करने के लिए बुला रहा था।
- 1967 सोयुज 1, सोवियत सोयुज अंतरिक्ष यान का पहला मिशन, बैकोनूर कॉसमोड्रोम से कॉस्मोनॉट व्लादिमीर कोमारोव ले जाने के लिए लॉन्च किया था।
- 1968 कोलंबिया विश्वविद्यालय न्यूयॉर्क शहर में वियतनाम युद्ध का विरोध कर रहे छात्रों ने प्रशासन की इमारतों को अपने कब्जे में ले लिया और इस विविधता को बंद कर दिया।
- 1979 एक्टिविस्ट ब्लेयर पीच को टाउन हॉल में ब्रिटिश नेशनल फ्रंट की चुनाव बैठक के खिलाफ लंदन के साउथॉल में एक नाज़ी लीग विरोधी प्रदर्शन के दौरान बेहोश होने के बाद घातक सिर की चोटों का सामना करना पड़ा।
- 1985 कोका-कोला कंपनी ने अपनी नई शीतल पेय कोका-कोला को बदलने के लिए 'न्यू कोक' की शुरुआत की, जिससे कंपनी की नकारात्मक प्रतिक्रियाएं बहुत अधिक उत्पन्न हो गईं और कंपनी ने पिछले फॉर्मूले को कम थैंथ्री महीनों बाद बाजार में वापस ला दिया।
- 1991 ब्योर्न बोर्ग ने 8 साल के अंतराल के बाद जोर्डी एरेसे को 6-2, 6-3 से हराया।
- 1992 मैकडॉनल्ड्स चीन में अपना पहला फास्ट-फूड रेस्तरां खोलता है।
- 1996 सोथेबी ने जैकी ऑस्मियम के 4 दिनों की शुरुआत की, जिसमें 24 मिलियन हिट हुए।
- 2000 बहमिन की खाड़ी में वायुसेना की उड़ान 72 दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में 124 लोगों की मौत।
- 2005 यू ट्यूब पर पहली बार वीडियो अपलोड किया गया।
- 2007 रूस के पूर्व राष्ट्रपति बोरिस निकोलाइएविच ऐल्तसिन का निधन।
- 2009 गामा किरण फट GRB 090423 का पता लगाया गया था, उस समय किसी भी प्रकार की सबसे ज्ञात खगोलीय वस्तु से आ रही थी।
- 2010 शिया मस्जिदों के पास बम विस्फोट की एक श्रृंखला है। इसमें दर्जनों लोग और अन्य मारे गए थे।
- 2010 एरिज़ोना के गवर्नर जान ब्रेवर ने विवादास्पद विरोधी अवैध आव्रजन बिल एसबी 1070 कानून में हस्ताक्षर किए।
- 2011 प्रिंस विलियम और रेट मिडलटन की निराई की गाइड सूची इंग्लैंड में जारी की गई है।
- 2011 कम्बोडियन और थाईलैंड के विवादित सीमा क्षेत्र में जो नकदी होती है, वह हजार की निकासी की ओर ले जाती है।
- 2012 फिल्म बोरेट कजाकिस्तान पर एक प्रारंभिक प्रतिबंध जारी किया गया था और आधिकारिक रूप से अपने अच्छे चरित्र के कारण अभिनेता बोरान कोहेन को धन्यवाद देने के लिए धन्यवाद।
- 2013 वेस्टइंडीज के विस्फोटक बल्लेबाज क्रिस गेल ने क्रिकेट इतिहास का सबसे तेज शतक मात्र 30 गेंदों में जड़ा। उन्होंने यह शतक आईपीएल 2013 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम की ओर से खेलते हुए पुणे के खिलाफ जमाया।
- 2013 फ्रांस में एक संशोधित विधेयक फ्राँस्वा हॉलैंड के लिए इसे खोलने के लिए पारित किया गया है।
- 2014 लोकतांत्रिक गणराज्य कांगो में हुई एक भीषण ट्रेन दुर्घटना में 60 लोग मारे गए और 80 से अधिक लोग घायल हो गए।
- 2014 फेसबुक ने 2013 में पहली तिमाही के मुनाफे में 3 के एक कारक को बढ़ाने के लिए $ 642 मिलियन लीड के पहले मुनाफे की घोषणा की।

**समसामयिक**

## रिश्तों के नए अध्याय की आहट!



ऋषभदेव शर्मा

**21 अप्रैल** को शुरू हुई अमेरिका के उपराष्ट्रपति जे.डी. वेंस की भारत यात्रा का पहला दिन न केवल कूटनीतिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण रहा, बल्कि यह भारत और अमेरिका के बीच गहरे राजनैतिक, कूटनैतिक और व्यापारिक रिश्तों की संभावनाओं को भी रेखांकित करता है। पहले दिन की गतिविधियों में उपराष्ट्रपति वेंस की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मुलाकात और द्विपक्षीय वार्ता प्रमुख रही। इस दौरान दोनों नेताओं ने भारत-अमेरिका संबंधों की प्रगति की समीक्षा की और हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान जारी संयुक्त बयानों के कार्यान्वयन पर चर्चा की। विदेश मंत्रालय के अनुसार, यह यात्रा दोनों देशों को, आपसी हितों को आगे बढ़ाने और वैश्विक चुनौतियों का सामना करने के लिए एक मंच प्रदान करेगी। संयुक्त बयान में दोनों देशों ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इसके अलावा, जलवायु परिवर्तन, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और रक्षा सहयोग जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर ज़ोर दिया। यह बयान भारत-अमेरिका संबंधों की गहराई को दर्शाता है, जो केवल व्यापार और रक्षा तक सीमित नहीं, बल्कि वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए एक साझा दृष्टिकोण पर आधारित है।

बेशक, यह यात्रा अमेरिका के नए प्रशासन के तहत भारत के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण को दर्शाती है। यह ठीक है कि डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका ने अवैध प्रवासन और व्यापारिक टैरिफ जैसे मुद्दों पर सख्त रुख अपनाया है। लेकिन भारत के साथ अच्छे रिश्तों की अहमियत उन्हें भी मालूम है। वेंस की यात्रा इस बात का संकेत है कि अमेरिका भारत को एक विश्वसनीय साझेदार के रूप में देखता है - खासकर चीन की बढ़ती आक्रामकता के संदर्भ में।कूटनीतिक दृष्टिकोण से, यह यात्रा दोनों देशों के बीच विश्वास और सहयोग को और मजबूत कर सकती है। भारत और अमेरिका के बीच नियमित उच्च-स्तरीय मुलाकातों जैसे कि इस यात्रा का दोनों देशों के बीच संवाद को जीवंत रखने में अहम रोल है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत की भूमिका को अमेरिका द्वारा मान्यता देना और क्वाड जैसे मंचों पर भारत की सक्रिय भागीदारी इस बात का प्रमाण है कि दोनों देश मिलकर क्षेत्रीय स्थिरता के लिए काम कर रहे हैं।व्यापार के क्षेत्र में, भारत और अमेरिका के बीच संबंध पिछले दो दशकों में तेजी से बढ़े हैं। 2022 में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 191 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुँच गया था, और भारत अमेरिका का नौवाँ सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बन गया। वर्तमान यात्रा के दौरान व्यापारिक वार्ताओं पर ध्यान दिया जाना स्वाभाविक है - खासकर अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ को लेकर। दोनों देशों के बीच अंतरिम व्यापार समझौते की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता, जिससे टैरिफ विवाद को हल करने और व्यापार को बढ़ावा देने में मदद मिल सकती है। लेकिन, अमेरिका के वैश्विक स्तर पर प्रदर्शित अड़यिल रुख को देखते हुए शायद बहुत उत्साहित होना भी ठीक न हो!

सयाने याद दिला रहे हैं कि अमेरिका द्वारा अवैध भारतीय प्रवासियों के निर्वासन और टैरिफ नीतियों ने रिश्तों में भले ही तनाव पैदा किया है; फिर भी भारत ने इन मुद्दों पर सकारात्मक और रचनात्मक दृष्टिकोण अपनाया है। इन हालात में, उपराष्ट्रपति वेंस की भारत यात्रा को इस बात का प्रतीक कहा जा सकता है कि भारत और अमेरिका एक-दूसरे के साथ न केवल रणनीतिक साझेदार के रूप में, बल्कि वैश्विक शांति और समृद्धि के लिए सहयोगी के रूप में भी खड़े हैं। यह यात्रा दोनों देशों के बीच विश्वास को और मजबूत करे तथा भारत-अमेरिका रिश्तों के लिए एक नया और सकारात्मक अध्याय शुरू करे, फिलहाल यही शुभकामना है। तथास्तु!

# पुराने वस्त्र पहनों पर पुस्तकें नई खरीदो




संजीव ठाकुर

महात्मा गांधी ने कहा है कि पुराने वस्त्र पहनों पर नई पुस्तकें खरीदो,उन्होंने यह भी कहा कि पुस्तकों का महत्व रत्नों से कहीं अधिक है, क्योंकि पुस्तकें अंतःकरण को उज्जवल करती हैं।मनुष्य के जीवन में अध्ययन जितना आवश्यक है उतना ही आवश्यक मनन और चिंतन भी है।पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे कलाम साहब ने कहा है कि एक पुस्तक कई मित्रों के बराबर होती है और पुस्तकें सर्वश्रेष्ठ मित्र होती हैं। शिक्षाविद चार्ल्स विलियम इलियट ने कहा कि पुस्तके मित्रों में सबसे शांत व स्थिर हैं, वे सलाहकारों में सबसे सुलभ और बुद्धिमान होती हैं और शिक्षकों में सबसे धैर्यवान तथा श्रेष्ठ होती हैं। केवल पुस्तक पढ़ना ही संपूर्ण मानवीय उद्देश्य ना होकर उससे प्राप्त ज्ञानामृत का मनन एवं चिंतन भी अत्यंत आवश्यक है। किसी भी पुस्तक का अध्ययन मनन एवं उस पर चिंतन मनुष्य के संस्कारों को परिष्कृत करता है एवं जीवन के उच्च आदर्शों को प्राप्त करने में सदैव सहायक सिद्ध होता है। अतः मनुष्य को सदैव निरंतर ज्ञानवर्धक पुस्तकों से न सिर्फ ज्ञान प्राप्त करना चाहिए अपितु उसका निरंतर मनन तथा चिंतन भी करना होगा तब जाकर हमारे संस्कार,संस्कृति एवं जीवन के उद्देश्य सफल होंगे। सच्चाई भी यही है कि पुस्तकें ज्ञान के अंतःकरण और सच्चाईयों का भंडार होती है। आत्मभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम भी होती हैं। जिन्होंने पुस्तके नहीं पढी हैं या जिन्हें पुस्तक पढ़ने में रूचि नहीं है वे जीवन की कई सच्चाईयों से अनभिज्ञ रह जाते हैं।

पुस्तकें पढ़ने का सबसे बड़ा फायदा यह होता है कि हम जीवन की कठिन परिस्थितियों से जूझने की शक्ति से परिचित हो जाते हैं,और समस्या कितनी भी बड़ी हो हम उससे जीतकर निजात पा जाते हैं। कठिन से कठिन समय पर पुस्तकें हमारा मार्गदर्शन एवं दिग्दर्शन करती है। जिन मनीषियों ने पुस्तक लिखी है और जिन्हें पुस्तकें पढ़ने का शौक है उन्हें ज्ञानार्जन के लिए इधर-उधर भटकने की आवश्यकता नहीं होतीहैं।हैं।

निसंदेह पुस्तकें ज्ञानार्जन करने मार्गदर्शन एवं परामर्श देने में में विशेष भूमिका निभाती है। पुस्तकें मनुष्य के मानसिक, सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक,नैतिक, चारित्रिक, व्यवसायिक एवं राजनीतिक विकास में अत्यंत सहायक एवं सफल दोस्त का फर्ज अदा करती हैं। प्राचीन काल से ही बच्चों तथा नौनिहालों के विकास के लिए पुस्तकें लिखे जाने का चलन तथा रिवाज रहा है। 'पंचतंत्र'तथा 'हितोपदेश' इसके बहुत बड़े उदाहरण हैं। पंचतंत्र,हितोपदेश में ज्ञानार्जन के लिए एवं संस्कृति सभ्यता और शिक्षा के उपयोग की बातें जो दैनिक जीवन में अत्यंत प्रभावशाली तथा उपयोगी होती है, लिखी गई हैं। और यही पुस्तकें इस देश की सभ्यता संस्कृति के संरक्षण तथा प्रचार प्रसार में अहम भूमिका निभाती आई है। इसी तरह की पुस्तकों ने ज्ञान का विस्तार भी किया है। विश्व की हर सभ्यता मे लेखन सामग्री का बड़ा ही महत्वपूर्ण योगदान रहा है। पुस्तकों के माध्यम से ही धर्म जाति संस्कृति एवं शिक्षा की मार्गदर्शिका से ही समाज आगे बढ़ा है। अच्छी किताबें अच्छे मार्गदर्शक तथा शिक्षित तथा अशिक्षित समाज को चेतना तथा सद्गुणों से संचारित करती है, व्यक्ति के अंदर मानसिक क्षमता का विकास भी होता है।




ऐतिहासिक किताबें हमें इतिहास, धर्म, राजनीति, संस्कृति के अनेक पहलुओं से अवगत भी कराती है,जिससे व्यक्तित्व विकास में अत्यंत सहायता मिलती है। पुस्तकों के महत्व को देखते हुए डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने कहा कि पुस्तके वह साधन है जिसके माध्यम से हम विभिन्न संस्कृति एवं समाज के बीच सेतु का निर्माण कर सकते हैं। पुस्तके वह मित्र होती हैं जो हर परिस्थिति तत्काल में सहायक होती है, और यही कारण है कि अनेक लोग गुरुवाणी, हनुमान चालीसा अभी अपने पास रखते हैं।

वर्तमान युग डिजिटल युग कहलाता है अब इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में प्रिंट मीडिया के स्थान पर अपने पैर जमा लिए हैं। इस डिजिटल युग में इंटरनेट का महतेव काफी बढ़ गया है। पहले हम बचपन में चंदा मामा, नंदन, बालभारती और अन्य किताबों से ज्ञान से लेकर मनोरंजन तक प्राप्त करते थे। आज इंटरनेट के बढ़ते बाजार की दिशा में युवक पुस्तकों को विभिन्न साइटों मैं खंगाल कर पढ़ लेते हैं। अब डिजिटल किताबें भी आ गई है साथ ही डिजिटल लाइब्रेरी भी धीरे-धीरे विकसित हो रही है। पर कई कंपनियां विविध किताबों को साइट पर प्रकाशित कर बच्चों के पढ़ने के लिए उपलब्ध करा रही हैं। इससे बड़ी संख्या में बच्चे पढ़ कर लाभान्वित हो रहे हैं। इस दिशा में भारत सरकार तथा राज्य सरकारों द्वारा डिजिटल कार्यक्रमों के अंतर्गत ई शिक्षा तथा ई पुस्तकों के पुस्तकालयों के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही पठन सामग्रियां बच्चों की जिज्ञासा को शांत करने का काम कर रही है।

डिजिटल किताबों तथा पुस्तकालयों से यह लाभ है कि देश विदेश में किसी भी भाग में रहकर लोग अपनी इच्छा के अनुसार पुस्तकों पत्रिकाओं आदि को पढ़ सकते हैं। इंटरनेट अब अध्ययन का सुलभ साधन बन गया है। पर दूसरी तरफ इससे कुछ नुकसान भी हो रहे हैं, उचित मार्गदर्शन वाली किताबें न पढ़कर भ्रामक पुस्तकों का अध्ययन कर अपने को दिग्भ्रमित कर रहे हैं और इससे बच्चों का भविष्य भी प्रभावित हो रहा है। इसके लिए छोटे बच्चों को अपनी निगरानी में इंटरनेट से किताबें पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना अन्यथा दिगभ्रमित साहित्य बच्चों की मानसिकता पर विकृत प्रभाव डाल सकता है।

इस प्रकार हम यह कह सकते हैं कि पुस्तकें ज्ञान देने के साथ मार्गदर्शन तथा चरित्र निर्माण का सर्वोत्तम साधन है। पुस्तकों से राष्ट्र की युवा कर्ण धारों को नई दिशा दी जा सकती है तथा एकता और अखंडता का संदेश देकर एक महान और सशक्त राष्ट्र की पृष्ठभूमि रखी जा सकती है।

खबरें फटाफट

## वकीलों के चेंबर के पीछे पड़े कूड़े में शार्ट सर्किट की वजह से आग लग गई



कानपुर कचहरी परिसर में आज वकीलों के चेंबर के पीछे पड़े कूड़े में शार्ट सर्किट की वजह से आग लग गई। तेज हवाओं से आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। कुछ ही देर में तेज लपटों के साथ धुआ उठने लगा, जिससे कचहरी में अफरा तफरी मच गई। सूचना पर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने करीब एक घंटे में आग पर काबू पाया।

कचहरी परिसर में मस्जिद के पीछे स्थित कंपाउंड के पीछे कूड़े का ढेर पड़ा हुआ है। मस्जिद के पास जर्जर बिजली के तार है, जिनमें आज दोपहर करीब 2 बजे शार्ट सर्किट हुआ। शार्ट सर्किट से कूड़े के ढ़ेर में आग लग गई, कुछ ही देर में खाली पड़े कंपाउंड से ऊंची–ऊंची लपटे उठने लगी। जिससे वकीलों में हड़कंप मच गया।

वकीलों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग बढ़ती गई। जिसके बाद लोगों ने फायर ब्रिगेड को घटना की जानकारी दी। सीएफओ दीपक शर्मा ने बताया कि कंट्रोल रूम की सूचना पर फायर ब्रिगेड की 2 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया था, आग पर काबू पा लिया गया है।

## ईंट भट्टे उगल रहे जहरीला धुआं, प्रदूषण से जनमानस को खतरा



कानपुर सरसौल क्षेत्र स्थित ईंट भट्टो में मानको को ताक पर रख कर लोगो के जीवन से खिलवाड़ किया जा रहा है।सरसौल क़स्बा में ईंट भट्टे में ईंटे पकाने में पुराने जूते- चप्पल रबर प्लास्टिक की कुट्टी बनाकर ईटों को पकवाने का काम किया जा रहा है। इससे निकलने वाला जहरीला धुआं स्वास्थ्य के लिये बहुत ही हानिकारक हैं।दरअसल ईंट भट्टे में ईंटो को पकाने के लिये लकड़ी और कोयले का उपयोग किया जाता है। लेकिन क्षेत्र के नामचीन ईंट भट्टे में लकड़ी कोयले के साथ पुराने जूते- चप्पल, रबर व प्लास्टिक की कुट्टी बनाकर ईटों को पकवाने का काम किया जा रहा है। भट्टे की चिमनियों से निकलने वाला काला धुआं क्षेत्र की जनता के स्वास्थ्य की सांसों को तकलीफ पहुंचा रहा है वहीं क्षेत्र की जनता के स्वास्थ्य के साथ इस तरह के कार्य कर क्षेत्र की जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। इस संबंध में जब भट्टा में काम कर रहे मज़दूरों से बात की गई तो उन्होंने बताया कि सभी भट्टा इसी तरह के कार्य कर रहे है। लोगों का कहना है कि जूते- चप्पलों के जलाने से निकलने वाला जहरीला धुआं प्रदूषण फैला रहा है जो लोगों के स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहा है। अधिकांश ईंट भट्टे राजनीतिक पहुंच वाले ही चलाते हैं। लेकिन कोई शिकायत करने की हिम्मत नहीं जुटा पाता यदि कोई शासन में शिकायत कर देता है तो उसे धन- बल से चुप कर दिया जाता है।

# प्रधानमंत्री के आगमन से पहले सीएम योगी ने शहर में स्वच्छता अभियान चलाने की अपील की

नेशनल एक्सप्रेस डी के सिंह





कानपुर कानपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन से पहले सीएम योगी आदित्यनाथ ने शहर में स्वच्छता अभियान चलाने की अपील की थी। जिसके बाद विधायक सुरेंद्र मैथानी, कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल और महापौर प्रमिला पांडेय ने स्वच्छता अभियान चलाया।

4 साल की बच्ची ने लगाई झाड़ू विधायक सुरेंद्र मैथानी ने बताया कि एकता चौराहा रावतपुर से नमक फैक्ट्री चौराहा तक पड़े हुए कूड़े के ढेरों को उठवाकर अतिरिक्त सफाई कराई। स्वच्छता अभियान के दौरान 4 साल की छोटी बच्ची लशिका हटवाल ने भी झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। नाला में मिला भराव, नगर आयुक्त से शिकायत अभियान के दौरान नमक फैक्ट्री से एकता चौराहा की तरफ जाने वाला बड़ा नाला भरा हुआ मिला। इसकी सफाई न होने से सीवर भराव बना हुआ था। इसको लेकर विधायक ने नगर आयुक्त सुधीर कुमार से बात की। जिस पर जल्द सफाई कराने का आश्वासन दिया गया।

क्षेत्रीय अध्यक्ष ने लगाई झाड़ू कंपनीबाग चौराहा पर लगी बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा की अभियान के तहत क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल और महापौर प्रमिला पांडेय ने सफाई की। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने बताया कि कंपनीबाग चौराहे से स्वच्छता अभियान प्रारंभ किया गया। उक्त अभियान लगातार 24 अप्रैल तक पूरे शहर के सभी प्रमुख चौराहों, महापुरुषों की प्रतिमाओं और मंदिरों में चलता रहेगा। पूरे शहर में चलाया जाएगा अभियान महापौर प्रमिला पांडेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस प्रकार पहली बार प्रधानमंत्री बनते ही स्वच्छता को विशेष महत्व दिया था। इस कदम पर उनके स्वागत के लिए पूरे शहर को स्वच्छता व सफाई अभियान चलाया जा रहा है। सफाई अभियान के दौरान पार्षद नवीन पंडित भी मौजूद रहे।

## लॉज गौर हरि सिंघानिया द्वारा दृष्टिबाधित बच्चों को आवश्यक संसाधन वितरित किए



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कानपुर, कानपुर,अंध विद्यालय जूनियर हाई स्कूल नेहरू नगर में लॉज गौर हरि सिंघानिया द्वारा दृष्टिबाधित बच्चों को आवश्यक संसाधन वितरित किए गए ब्रेल पेपर उनकी शैक्षिक जरूरतों को पूरा करने के लिए अलमारी भंडारण और संगठन के लिए, रिफ्रेशमेंट में चॉकलेट,चिप्स, केक,बिस्कुट और फ्रूटी इत्यादि सामग्रियों का वितरण किया गया किसको पाकर सभी बच्चों प्रफुल्लित हो गए और संस्था के सभी लोगों को बच्चों ने थैंक यू बोला कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नवीन खन्ना,मनीष मिश्रा, वाईएम देसाई,ब्रजेश गुप्ता, सचिन गर्ग,विराट गुप्ता,पंकज निगम,अजय महरोत्रा ,आंकर अंशवानी,अवधेश कुमार गुप्ता, नुज पुरवार,अभय पुरवार,विराट गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

## कानपुर में ट्रेन से कट मरा बेटियों द्वारा बेज्जती से आहत पिता, घर में कोहराम



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कानपुर। जिन बेटियों को पालपोस कर बड़ा किया। जीवन भर की जमा पूंजी खर्च करके उनके लिए जीवन साथी का बंदोबस्त किया। उन्हीं बेटियों द्वारा दिए गए जवाब ने एक व्यक्ति को आत्महत्या करने के लिए मजबूर कर दिया। यह घटना काका देव थाना क्षेत्र में हुई। जानकारी के मुताबिक पांडुनगर नहर पटरी किनारे बस्ती निवासी राजकुमार सोनकर (50) प्राइवेट नौकरी करते थे। घर में पत्नी ममता, दो बेटियां डॉली और मुस्कान हैं। पत्नी ममता ने मौके पर पहुंची पुलिस को बताया कि रात को पति की बेटियों से कहासुनी हो गई थी। जिस पर डाली और मुस्कान ने उनका काफी भला बुरा कहा था, जबकि पिता राजकुमार को यकीन था कि उसकी दोनों बेटियां उसे कोई जवाब नहीं देंगी। बेटियों द्वारा इस तरह से बेइज्जत किए जाने से आहत होकर ही राजकुमार आत्महत्या करने की धमकी देकर घर से निकल गए थे, लेकिन जब देर रात नहीं नहीं लौटे। उनका सभी जगह तलाश के बाद भी उनका कुछ पता नहीं चला। सुबह गुमशुदगी दर्ज कराने काकादेव थाने पहुंचे, जहां थाने में फोटो, पर्स और दस्तावेजों से पहचान की। घटना के बाद परिवार में कोहराम भी मचा हुआ है। पुलिस के अनुसार घटना की वजह पारिवारिक कलह ही है ,जिसकी जांच की जा रही है

## धरती का जीवन है अनमोल, इसको हमें बचाना है, यह संकल्प निभाना है, धरतीमाता करे पुकार, हरा भरा कर दो संसार

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



कानपुर। धरतीमाता करे पुकार, हरा भरा कर दो संसार₹, ₹धरती का जीवन है अनमोल, इसको हमें बचाना है, यह संकल्प निभाना है₹ इन नारों के साथ शीलिंग हाउस स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। तीव्र गति से बढ़ रहे औद्योगीकीकरण एवं विकास की प्रक्रिया में प्रकृति का दोहन एवं शोषण किया जा रहा है। आज की नई पीढ़ी को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ उनमें प्रकृति प्रेम की भावना भी जगानी होगी। इसी उद्देश्य के विद्यालय में वृक्षारोपण किया गया।

सभी को पर्यावरण के लिए जागरूक होने की जरूरत

प्रधानाचार्य वनिता मेहरोत्रा ने कहा- 'जब हम अभूतपूर्व पर्यावरणीय चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, तो शीलिंग हाउस स्कूल अपनी संवेदनशीलता तथा पर्यावरण के संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के लिए कृतसंकल्प है।

हम में से प्रत्येक को इस दिशा में जागरूक होना चाहिए। इस पृथ्वी को बचाना हमारा कर्तव्य है, तभी हम स्वस्थ जीवन जी सकते हैं।' उन्होंने बच्चों को भविष्य में ऊर्जा एवं जल संकट से बचने तथा पॉलिथीन का प्रयोग ना करने की सलाह दी।

इस अवसर पर प्रश्नानाचार्य एवं ईको क्लब के शिक्षकगणों द्वारा क्लब की आंतरिक समिति के अधिकारी विद्यार्थियों को सदस्यता चिन्ह प्रदान किए गए। ईको क्लब की प्रमुख शिवानी अग्रवाल ने शपथ ली कि हमें मानव अस्तित्व के रक्षा के लिए अधिकाधिक वृक्ष लगाते हुए पर्यावरण को बचाना है।छात्र समिति की अध्यक्षा अरीबा फातिमा ने भी विद्यार्थियों को जल ऊर्जा संवर्धन एवं वृक्षारोपण के महत्त्व से अवगत कराया।

विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए ₹दिस इज अवर अर्थ₹ गीत प्रस्तुत किया गया।

## संदिग्ध परिस्थितियों में गेहूं के खेत में लगी आग, किसानों ने पुलिस की मदद से आग पर काबू पाया

कानपुर के साढ़ में मंगलवार दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में गेहूं के खेत में आग लग गई। किसानों ने पुलिस की मदद से आग पर काबू पाया। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत से आग बुझाई है। इस दौरान किसानों की लगभग 20 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। नरवल एसडीएम ने लेखपाल को जांच के आदेश दिए हैं।

साढ़ थाना क्षेत्र में मंगलवार दोपहर गेहूं के खेत में आग लग गई। साढ़ थाना क्षेत्र के चिरला गांव के पास स्थित खेतों में अचानक लगी आग ने विकराल रूप धारण कर लिया।

किसानों की सूचना पर साढ़ पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने ग्रामीणों के साथ मिलकर आग को बुझाने का प्रयास किया। फायर ब्रिगेड की टीम ने भी पहुंचकर आग पर काबू पाया।

## सपा सरकार में दलितों का अपमान हुआ : असीम अरुण

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



लखनऊ, समाज कल्याण विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तीखा हमला बोलते हुए उन्हें ₹बांटने वाली राजनीति₹ का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव ने सत्ता में रहते दलितों का अपमान करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। ऐसी राजनीति की वजह से ही जनता ने उन्हें पूरी तरह नकार दिया और वे आज राजनीतिक हाशिए पर पहुंच गए हैं। अखिलेश यादव के बयान पर पलटवार करते हुए उन्होंने इसे सोची-समझी रणनीति बताया। राज्यमंत्री ने जारी बयान में कहा कि सपा के ज्यादातर लोगों को निर्देश दिए गए हैं कि दूध में नींबू डालने का काम करो, यानी समाज को बांटो और जहर घोलो। लेकिन अब उत्तर प्रदेश की जनता जागरूक है। मुख्यमंत्री योगी के स्पष्ट संदेश है कि 'बंटोगे तो कटोगे, एक रहोगे तो सेफ रहोगे।' सरकार सबको साथ लेकर चल रही है। असीम अरुण ने कहा कि समाजवादी पार्टी का दलित प्रेम सत्ता से बाहर होने के बाद ही जागा है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब अखिलेश यादव मुख्यमंत्री थे, तब उन्होंने दलित महापुरुषों के नाम पर बने जिलों और संस्थानों के नाम बदल दिए। भीम नगर, महामाया नगर, ज्योतिबा फुले, संत रविदास, यहां तक कि भगवान बुद्ध की माता महामाया जी के नाम पर कलम चला दी। क्या यह सम्मान है? नहीं, यह सामाजिक चेतना का अपमान है। पूर्व आईपीएस अधिकारी होने के नाते असीम अरुण ने पुलिस पोस्टिंग को लेकर भी बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि सपा शासन में अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग के अधिकारियों को नियम के बावजूद थानों और तहसीलों में पोस्टिंग नहीं दी जाती थी। जब उनके हाथ में पावर थी, तब दलितों के हक मारे गए। लेकिन आज पोस्टिंग काबिलियत के आधार पर हो रही है। जो निकम्मे हैं उन पर कार्रवाई हो रही है, और जो मेहनती हैं उन्हें प्रशिक्षण और संसाधन मिल रहा है। मंत्री असीम अरुण ने कहा कि उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में छात्रवृत्ति वितरण के क्षेत्र में ऐतिहासिक काम हुआ है। इस वर्ष राज्य सरकार ने 4,000 करोड़ रुपये से अधिक की छात्रवृत्ति वितरित की, जिससे कुल 56 लाख विद्यार्थियों को लाभ हुआ है। समाजवादी पार्टी के कार्यकाल में यह संख्या केवल 34 लाख थी और उस समय छात्रवृत्ति में भारी घोटाले भी सामने आए थे।

## आज का राशिफल

ज्योतिर्विद
डॉ. श्याम सुंदर पाठक 'अनन्त'
Mob:-9760800271

मेष : अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा।

वृष : महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। रूकावटें आएंगी। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है।

मिथुन : परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा।

कर्क : राजकीय कार्यों से लाभ। सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा।

सिंह : अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा।

कन्या : कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। निकटजनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। बुरी संगति से बचें।

तुला : पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

वृश्चिक : स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

धनु : संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा।

मकर : मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहें। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

कुम्भः स्वास्थ्य में ताजगी बनी रहने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी।

मीन : सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी।

## रॉयल ड्रीम वर्ल्ड इंटर कॉलेज बिठूर में अर्थ डे का बड़े उत्साह और जागरूकता के साथ किया आयोजन

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो




कानपुर। कानपुर,रॉयल ड्रीम वर्ल्ड इंटर कॉलेज बिठूर में अर्थ डे का भव्य आयोजन बड़े उत्साह और जागरूकता के साथ किया गया। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट कर्नल प्रफुल्लित कुमार वर्मा (गंगा टास्क फोर्स) एवं रीवैम्प इंडिया फाउंडेशन के सीईओ वैभव राठौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कॉलेज के चेयरमैन रोहित मिश्रा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। वही कर्नल वर्मा ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूक किया,वहीं वैभव राठौर जी ने रोचक कहानियों के माध्यम से बच्चों को उच्च नैतिक मूल्यों की शिक्षा दी।

सुबेदार समरजीत ने बच्चों को गंगा स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई एवं वैभव जी द्वारा बच्चों से बर्ड फीडर बनवाए गए,जिन्हें वे अपने घरों में लगाकर पक्षियों के लिए भोजन एवं पानी रख सकें। प्रतिभागी बच्चों को पदक देकर और सम्मानित किया गया।

वही कक्षा 8 के छात्रों द्वारा ₹सेव प्लांट्स₹ विषय पर एक प्रेरणादायक नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसे सभी ने सराहा और कर्नल सर द्वारा इन बच्चों को बैज़ देकर सम्मानित किया गया।

कॉलेज की प्राचार्या सपना सिंह ने इस अवसर पर कहा कि बच्चों में प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता एवं जिम्मेदारी जगाना समय की आवश्यकता है। इस प्रकार के आयोजनों से न केवल बच्चों में जागरूकता आती है बल्कि वे समाज के लिए एक प्रेरणा भी बनते हैं। इस आयोजन में रीवैम्प इंडिया फाउंडेशन एवं गंगा टास्क फोर्स की टीम के साथ-साथ दीपाली, मुस्कान, शिवम, वेद प्रकाश,वाणी आदि सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## मुख्य विकास अधिकारी ने की निराश्रित गौवंश संरक्षण अभियान एवं गौ आश्रय स्थल संचालन की समीक्षा, दिए निर्देश

नेशनल एक्सप्रेस उत्कर्ष सिंह




कानपुर। कानपुर देहात जिलाधिकारी आलोक सिंह द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन० की अध्यक्षता में निराश्रित गौवंश संरक्षण, गौवंशो को ग्रीष्म ऋतु से बचाव,सहभागिता योजना,नियुक्त नोडल अधिकारियों द्वारा किए गए निरीक्षण एवं गौ आश्रय स्थल संचालन के संबंध में समीक्षा बैठक माँ मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट में की गयी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने पशु चिकित्साधिकारी व समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को अभियान चलाकर निराश्रित गौवंशों को गौशालाओं में संरक्षित करायें जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि गौशालाओं में संरक्षित गौवंश की संख्या के अनुरूप भरण पोषण की मांग समय से प्रेषित की जाये। यदि गौशाला में संरक्षित गौवंशों की संख्या एवं प्रेषित किये गए मांग पत्र में गौवंशों की संख्या में भिन्नता पायी जाती है तो सम्बंधित अधिकारी/कमर्चारी के विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी। सभी गौशालाओं में ग्रीष्म ऋतु से बचाव हेतु आश्रय स्थल के चारो तरफ तिरपाल का प्रबंध तत्काल सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि बीमार गौवंशों पर विशेष ध्यान दिया जाये, उन्हें अलग स्थान पर रखकर इलाज की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जायें। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्माणाधीन गौशालाओं के निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करायें जाने के निर्देश दिये। पशुओं के भरण पोषण के लिए गौशालाओं में भूसा, चूनी, चोकर, पशु आहार आदि की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाये।मुख्य विकास अधिकारी ने नोडल अधिकारियों द्वारा किए गए निरीक्षण की समीक्षा कर संबंधित गौशालाओं में पाई गई कमियों को तत्काल दुरुस्त कराने के निर्देश मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को दिए। उन्होंने कहा कि नोडल अधिकारी नियमित गौशालाओं का निरीक्षण करें,निरीक्षण के दौरान जो भी कमियां मिले, तत्काल मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को अवगत करते हुए, कमियों को दूर कराए। सहभागिता योजना के संबंध में जिलाधिकारी ने कहा कि योजना का क्षेत्र में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये, सुपुर्द गौवंश के भरण-पोषण हेतु लाभार्थियों को निर्धारित धनराशि डी०बी०टी० द्वारा लाभार्थी के बैंक खाते में भुगतान किया जाय। सहभागिता योजना अंतर्गत लाभार्थी को अतिकतम 04 गौवंश सुपुर्दगी में दिये जा सकते है। उन्होंने कहा गौआश्रय स्थलों में संरक्षित गौवंश को सुपुर्दगी में दिये जाने पर उसके भरण-पोषण की बेहतर व्यवस्था हो सकेगी तथा उनके स्वास्थ्य,उत्पादन क्षमता भी बढ़ेगी जिससे गौआश्रय

## सीओ ठाकुरद्वारा ने भोजपुर थाने में किया अभिलेखों का निरीक्षण



**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

**वरिष्ठ पुलिस** अधीक्षक मुरादाबाद के निदेशानुसार क्षेत्राधिकारी ठाकुरद्वारा रुद्रकुमार सिंह द्वारा थाना भोजपुर पर निरीक्षक,उपनिरीक्षकों का ओआर लिया गया।

जिसमें लंबित प्रार्थनापत्रों आईजीआरएस विवेचनाओं के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण यातायात कानून एवं शांति व्यवस्था के दृष्टिगत, संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस मौके पर एस एस आई महेश पाल मलिक, उपनिरीक्षक बृजपाल सिंह,उपनिरीक्षक रामकुमार, उपनिरीक्षक शराफत हुसैन,उपनिरीक्षक अनिल गोस्वामी, उपनिरीक्षक कपिल कुमार, उपनिरीक्षक अजय दुबे आदि मौजूद रहे।

### भाजपा का सम्मान अभियान तहत

# भारतीय संविधान के शिल्पकार एवं भारत रत्न बाबा साहेब की संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी**

**मुरादाबाद।** जनपद स्थित पंचायत भवन में आयोजित संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉ० भीमराव रामजी अम्बेडकर सम्मान अभियान संगोष्ठी में मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेन्द्र सिंह,पूर्व केंद्रीय मंत्री राम शंकर कठेरिया की मौजूदगी में सम्मान अभियान कार्यक्रम आयोजित कर भारतीय संविधान के शिल्पकार एवं भारत रत्न से अलंकृत बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान के अंतर्गत मंगलवार को पंचायत भवन मुरादाबाद में आयोजित संगोष्ठी आयोजित की गई। मुख्य अतिथि के रूप में चौधरी भूपेंद्र सिंह ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने बाबा साहेब से जुड़े स्थान को पंच तीर्थ के रूप में विकसित करने का अभूतपूर्व कार्य किया है। उनके महान सिद्धांतों पर चलते हुए आज भाजपा विकसित



भारत के संकल्प की सिद्धि हेतु निरंतर प्रयासरत है डॉ अंबेडकर जी के द्वारा समानता, न्याय और शिक्षा के क्षेत्र में किया गया कार्य सदैव वंदनीय रहेगा। संगोष्टी में पूर्व केंद्रीय मंत्री राम शंकर कठेरिया, सदस्य विधान परिषद डॉ जयपाल सिंह व्यस्त, सदस्य विधान परिषद गोपाल अंजान, क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा, युवा मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अभिनव प्रकाश, जिला अध्यक्ष आकाश पाल सिंह, महानगर अध्यक्ष गिरीश भांडुला सहित पार्टी के सम्मानित कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

## अवैध कब्जों पर चला प्रशासन का बुलडोजर, कई जमीनें कराई गईं खाली



**गोंडा (मनकापुर)।** तहसील समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा के दिशा-निर्देशन में राजस्व विभाग द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की गई, जिसके परिणाम स्वरूप वर्षों से लंबित राजस्व एवं चकमार्ग संबंधी विवादों का स्थलीय सत्यापन कर नियमानुसार समाधान किया गया।

बताते चलें कि जिलाधिकारी नेहा शर्मा द्वारा पूर्व में ही सभी उपजिलाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश निर्गत किए गए थे कि तहसील समाधान दिवस पर राजस्व एवं चकमार्ग से संबंधित समस्त प्रकरणों का स्थलीय सत्यापन के उपरांत प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इसी

■ **चकमार्ग और खलिहान की जमीनें कब्जा मुक्त, ग्राम प्रधानों को सौंपी जिम्मेदारी**

क्रम में प्रत्येक तहसील स्तर पर 10-10 राजस्व टीमों का गठन किया गया था, जिनके माध्यम से प्राप्त शिकायतों पर समयबद्ध एवं परिणामोन्मुखी कार्यवाही सुनिश्चित की गई। जिलाधिकारी के निदेशानुसार राजस्व टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर संबंधित गाटा संख्या का सीमांकन, निशानदेही एवं कब्जा मुक्त कराकर भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। यह कब्जा विगत 10 वर्षों से चला आ रहा था, इस समाधान दिवस पर प्रस्तुत प्रकरण पर त्वरित कार्यवाही की गई।

## संक्षिप्त समाचार

### मिशन सड़क सुरक्षा अभियान के तहत लोगों को किया गया जागरूक

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मंगलवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के निर्देशन में चलाये जा रहे मिशन सड़क सुरक्षा अभियान के तहत दुर्घटना से सुरक्षा के संबंध में जनपदीय पुलिस दुवारा विभिन्न थानों की पुलिस द्वारा थाना गलशहीद, थाना छछलेट, थाना बिलारी व थाना भगतपुर और थाना डिलारी पुलिस ने थाना क्षेत्रान्तर्गत में पम्पलैट वितरित कर लोगों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया गया तथा सभी से अपने आस-पास के लोगों को भी जागरूक करने हेतु अपील की गई।

### नगर पंचायत में फागिंग समेत कीटनाशक दवाइयों का हुआ छिड़काव

**नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी**

**भोजपुर।** मंगलवार को नगर पंचायत भोजपुर धर्मपुर में मौसम के मिजाज बदलते ही जुखाम,बुखार,खांसी के साथ साथ डेंगू,मलेरिया व अन्य संक्रामक बीमारियों पर नियंत्रण करने के लिए भोजपुर कस्बे में एक विशेष अभियान चलाकर रोगों पर नियंत्रण अभियान चलाया गया।

इस अभियान के तहत नगर पंचायत में साफ-सफाई के साथ साथ कीटनाशक दवाओं व फॉगिंग कराने का कार्य शुरू किया गया है। नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी और चेयरपर्सन के दिशा निर्देश में मलेरिया, डेंगू, बुखार जैसे मच्छर जनित रोगों की रोकथाम के लिए कस्बे में फॉगिंग व कीटनाशक दवाओ का छिड़काव करवाया गया।कस्बे के सभी प्रमुख चौराहों के अतिरिक्त भोजपुर के वार्डो में भी फागिंग व कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कराया गया। स्वच्छ भारत अभियान के ब्रांड एंबेसडर जरीफ इदरीशी ने घरों में रखी हुई टँकी ,गड्ढों में पानी एकत्रित न होने दें। स्वच्छता,घरों में निकले कूड़े का सही से निस्तारण करें। गीले व सूखे कूड़े को अलग अलग डस्टबिन में डालें। फॉगिंग का कार्य शुरू कर भोजपुर के सभी वार्डो में फागिंग के काम को सुचारू रूप से शुरू कर दिया गया है।

### सातवें खेलो इंडिया यूथ गेम्स 23 अप्रैल को बरेली

**नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी**

**मुरादाबाद।** सातवें खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में प्रतिभाग करने वाले खेलों की उत्तर प्रदेश टीमों का चयन 23 अप्रैल 2025 को सेपक टाकरा चयन, ट्रायल्स आयोजित साई सेन्टर बरेली में होगा। खेल के राज्य स्तरीय चयन,ट्रायल्स साई सेन्टर बरेली स्थल पर आयोजित होगा।

ट्रायल्स में वही खिलाड़ी प्रतिभाग कर सकते हैं। जिनका जन्म 1 जनवरी 2007 अण्डर 18 को या उसके बाद हुआ हो। प्रदेशीय टीम में चयनित होने वाले खिलाड़ियों को खेलो इंडिया के ठरफ्र पोर्टल पर अपना पंजीकरण करना अनिवार्य है। उक्त जानकारी जितेन्द्र यादव क्षेत्रीय क्रीड़ाअधिकारी मुरादाबाद मंडल द्वारा बताया गया है कि इच्छुक खिलाड़ी दी गई तिथि पर अपने जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड सहित साई सेन्टर बरेली में दस बजे पहुंचे।

### बैंकों की सुरक्षा को लेकर चलाया चेकिंग अभियान

**नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी**

**मुरादाबाद।** मंगलवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस द्वारा बैंक चेकिंग अभियान चलाकर बैंक,एटीएम तथा बैंकों के आस-पास संदिग्ध व्यक्ति,वाहनों की चेकिंग की गई। तथा बैंकों में लगे सुरक्षा व्यवस्था सम्बन्धित उपकरणों को चेक कर शाखा प्रबंधक एवं बैंक सुरक्षा ड्यूटी पर लगे सुरक्षाकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

## दहेज हत्या मामले में बांछित एक ओर अपराधी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



**भोजपुर।** अमित कुमार पुत्र फूल सिंह निवासी ग्राम दयानाथपुर थाना छजलैट ने आरोपीगण द्वारा वादी की बहन से दहेज की मांग कर मारपीट व गाली गलौच करते हुये प्रताडित करना जिससे वादी की बहन की मृत्यु हो जाने के सम्बन्ध मे थाना भोजपुर पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में अभियुक्त सोनू पुत्र दारा सिंह निवासी ग्राम बहेडी ब्रहमनान थाना भोजपुर जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया जा चुका है। थाना भोजपुर पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्त दारा सिँह पुत्र नत्थू सिँह निवासी ग्राम बहेडी ब्रहमनान थाना भोजपुर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी का मेडिकल परीक्षण कराकर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

### मंडलायुक्त आञ्जनेय कुमार सिंह ने दी डीएम को शुभकामनाएं

**मुरादाबाद।** दिव्यांग बच्चों हेतु स्थापित सुगम्य पुस्तकालय के लिए प्रधानमंत्री एक्सीलेंस अवार्ड मिलना मुरादाबाद के लिए गौरव का क्षण है। उक्त विचार आञ्जनेय कुमार सिंह मंडलायुक्त ने कमिश्नरी सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी अनुज सिंह व टीम को दी शुभकामनाएं। प्रधानमंत्री पुरस्कार मिलने से अधिकारियों को अपना सर्वश्रेष्ठ देने की प्रेरणा मिलेगी। मंडलायुक्त कमिश्नर आञ्जनेय कुमार सिंह ने अनुज सिंह के कुशल नेतृत्व में किए गए अभिनव कार्य की बदौलत हम यह पुरस्कार हासिल कर पाए।

## बच्चों ने मॉडल बनाकर पृथ्वी दिवस पर प्रकृति को बचाने का लिया संकल्प

### एएम पब्लिक स्कूल में पृथ्वी दिवस पर मॉडल एवं चार्ट प्रतियोगिता का आयोजन

**नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी**

**मुरादाबाद।** जनपद के रामनगर मझरा स्थित ए.एम. पब्लिक स्कूल में पृथ्वी दिवस के अवसर पर मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूली बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में बच्चों ने पृथ्वी के सुंदर एवं कलात्मक मॉडल प्रोजेक्ट बनाकर पृथ्वी को स्वच्छ और हरा-भरा रखने का संदेश दिया। प्रधानाचार्य शाह आलम रौनक ने पृथ्वी पर निरंतर बढ़ते प्रदूषण,उसके कारण एवं रोकथाम हेतु बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि यदि समय रहते पृथ्वी को सुरक्षित रखने के उपाय न किए गए तो भविष्य में इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे। अतः सभी को पृथ्वी को साफ सुथरा एवं




प्रदूषण रहित रखें हेतु ज्यादा से ज्यादा पेड़ो को लगायें। इसके उपरांत प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को प्रधानाचार्य एंव पूर्व विधायक बलराम सिंह सैनी ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक बलराम सिंह सैनी,प्रधानाचार्य शाह आलम रौनक,अभिनव सैनी,प्रीति चतुवेर्दी,सुखविंदर कौर,मोहम्मद दानिश,ज्योति सैनी,ईशा परवीन,कशिश,नीतू,इकरार अहमद,शगुफ्ता अंसारी,राशि, इंशा, एमन,बॉबी गौतम,वैष्णवी यादव,आफरीन,ईशा परवीन,शिवानी एवं शगुन आदि सम्मिलित रहे। संचालन शगुन एवं ईशा परवीन ने संयुक्त रूप से किया।

## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा जनसुनवाई में आए फरियादियों की सुनी गई समस्याएं



**नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी**

**मुरादाबाद।** मंगलवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद द्वारा जनसुनवाई में आये फरियादियों की समस्याएं और शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आदेशित किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल द्वारा सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि जनसुनवाई , महिला हेल्पडेस्क को और अधिक प्रभावशाली बनाये ताकि पीड़ित,शिकायतकर्ता को अनावश्यक रुप से अपने थाने से पुलिस कार्यालय आने की आवश्यकता न हो साथ ही सभी थाना प्रभारियों को यह भी निर्देश दिये गये कि जिस समस्या का समाधान थाना स्तर से हो सकता है। उनका समाधान थाना स्तर पर ही समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें।

## परिवार परामर्श नारी उत्थान केंद्र के अथक प्रयासों से पति पत्नी के विवादित दंपत्ति का कराया समझौता

**नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी**

**मुरादाबाद।** परिवार परामर्श केंद्र नारी उत्थान केंद्र मुरादाबाद के अथक प्रयासों से पति-पत्नी के दो विवादित जोड़े आपसी कलह भुलाकर साथ रहने के हुए सहमत। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के कुशल निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी कार्यालय के पर्यवेक्षण में प्रभारी नारी उत्थान केंद्र की अध्यक्षता तथा अनुभवी परामर्श दाता एम.पी. सिंह, श्रीमती रितू नारंग के माध्यम से परिवार परामर्श केंद्र नारी उत्थान केंद्र पुलिस लाईन्स मुरादाबाद में मंगलवार को पति-पत्नी संबंधित पारिवारिक विवादों की काउंसलिंग के दौरान दो प्रार्थना पत्रों में पक्षों की सहमति से सुलह समझौता कराया गया। पत्रों में दोनों पक्षों की पारिवारिक समस्याओं को सुनते हुए आपसी सहमति से समझौता कराया गया। दोनों पक्षों द्वारा आपस में एक दूसरे को विश्वास दिलाया गया कि हम दोनों नवजीवन की नई शुरूआत करते हुए हंसी-खुशी अपना जीवन यापन करेंगे। परिवार परामर्श द्वारा जोड़ों को नवजीवन की शुरूआत की शुभकामनाएं देते हुए समझाया गया कि बीती बातों को लेकर विवाद नहीं करेंगे। और आपस में प्यार से रहेंगे।



## संघठन की मजबूती को लेकर शिक्षकों ने किया बैठक का आयोजन

**नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी**

**भोजपुर।** बीआरसी केंद्र नेकपुर पर विकासखंड भगतपुर में शिक्षकों ने बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ मुरादाबाद संबद्ध अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ज़िलाध्यक्ष रोहित मिश्रा और जिला महामंत्री रविकांत सिंह ने टीकाराम को ब्लाक अध्यक्ष और दुर्गेश कुमार को मंत्री मनोनीत किया। उन्हें शिक्षकों के हितों के लिए कार्य करने के साथ संगठन को मजबूत करने का कार्य करने का दायित्व सौंपा। जिलाध्यक्ष ने नवनियुक्त अध्यक्ष और मंत्री को एक माह में ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन कर जिला कार्यकारिणी को अवगत कराने को कहा इस अवसर पर छजलैट ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र चौधरी ने कहा कि जिला कार्यकारिणी शिक्षकों की हर समस्या में साथ खड़ी हैं। बिलारी ब्लॉक अध्यक्ष सतपाल सिंह ने भी संगठन को मजबूत कर शिक्षक हित में कार्य करने की अपील की। नवनियुक्त ब्लॉकाध्यक्ष टीकाराम सिंह ने कहा कि शीघ्र ही सदस्यता अभियान चलाकर संगठन को मजबूत किया जाएगा। कार्यक्रम में रोहित चौधरी ब्लॉक अध्यक्ष डिलारी के अलावा ,संसारी सिंह, विपेंद्र सिंह ने भी संगठन को मजबूत बनाने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन पंकज दिवाकर मंत्री छजलैट ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक धर्मवीर सिंह, पारूल जैन, प्रवीन कुमार,हरनाम सिंह, सिराजुद्दीन,विनय कुमार,दिलावर केम,आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

## एफडीआर तकनीक से सशक्त हो रहीं उत्तर प्रदेश की ग्रामीण सड़कें

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में ग्रामीण सड़कों के निर्माण में एफडीआर तकनीक एक वरदान साबित हो रही है। इस तकनीक से बनी सड़कें न केवल टिकाऊ हैं, बल्कि निर्माण लागत और समय की बचत भी कर रही हैं। राज्य के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि इन सड़कों से गांवों की कनेक्टिविटी बेहतर होगी और वे विकास की मुख्यधारा से जुड़ पाएंगे। उपमुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बन रही सड़कों की समीक्षा करते हुए कहा कि सड़कों को इस प्रकार बनाया जाए कि वे 'ग्रामीण हाईवे' की तरह नजर आएं। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में लगे नए ऊजार्वान इंजीनियरों और अनुभवी ठेकेदारों के बीच सामंजस्य बनाकर काम किया जाए। उन्होंने कहा कि अगर अभियंता साइट पर खड़े होकर अपने सामने काम कराएंगे, तो उसमें व्यक्तिगत लगाव और जवाबदेही दोनों जुड़ेंगे। इससे निर्माण की गुणवत्ता स्वतः बढ़ेगी।

■ **उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने दिए निदेर्श : अभियंता खुद साइट पर खड़े होकर कराएं निर्माण, गुणवत्ता और समयबद्धता प्राथमिकता में शामिल**

### ग्रामीण भारत की रीढ़ बनेगी सड़कें

श्री मौर्य ने दोहराया कि ₹भारत गांवों में बसता है,₹ इसलिए ग्रामीण सड़कों पर विशेष फोकस जरूरी है। एफडीआर तकनीक के जरिए उत्तर प्रदेश में सड़क निर्माण की नई क्रांति देखने को मिल रही है। यह पहल न केवल परिवहन सुविधाओं को बढ़ाएगी, बल्कि स्थानीय रोजगार और अर्थव्यवस्था को भी सशक्त बनाएगी।

### एफडीआर तकनीक क्या है?

एफडीआर तकनीक में सीमेंट और विशेष केमिकल मिलाकर एक मजबूत आधार परत (बेस लेयर) तैयार की जाती है। इसमें: बाहर से गिट्टी/पत्थर की जरूरत नहीं होती।

# विदेशी धरती पर बिखरेगी पर्यटन की चमक

### ट्रैवल मार्ट के जरिए वैश्विक मंच पर दिखेगा यूपी का सांस्कृतिक वैभव, दुबई से जापान तक, फ्रांस से रूस तक-यूपी पर्यटन विभाग करेगा राज्य की विरासत, हस्तशिल्प और धार्मिक स्थलों का भव्य प्रदर्शन

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग अब विश्व पटल पर राज्य की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को प्रस्तुत करने की व्यापक तैयारी में है। विभाग विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने के उद्देश्य से दुबई, थाईलैंड, फ्रांस, जापान, सिंगापुर, ब्रिटेन सहित अनेक देशों में आयोजित होने वाले ट्रैवल मार्ट/एक्सपो में भाग लेगा। इन कार्यक्रमों के माध्यम से उत्तर प्रदेश की विविध पर्यटन संभावनाओं को वैश्विक मंच पर प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया जाएगा। यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने साझा की। उन्होंने बताया कि इस अंतरराष्ट्रीय पहल की शुरूआत 28 अप्रैल से 1 मई तक दुबई में



आयोजित होने वाले अरेबियन ट्रैवल मार्केट से होगी। मंत्री ने बताया कि यह पहल उत्तर प्रदेश को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर एक मजबूत स्थान दिलाने का माध्यम बनेगी। इससे न केवल विदेशी पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी, बल्कि स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिलेगा और राज्य की अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी।

### वैश्विक मंच पर यूपी पर्यटन की उपस्थिति

पर्यटन विभाग प्रत्येक एक्सपो में विशेष थीम आधारित पंडाल और पवेलियन बनाएगा, जिसमें अयोध्या, वाराणसी, मथुरा-वृंदावन, लखनऊ, विंध्याचल जैसे प्रमुख धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों को प्रदर्शित किया जाएगा। इसके साथ ही विभाग विदेशी टूर ऑपरेटरों, ट्रैवल एजेंट्स और निवेशकों को आमंत्रित करेगा, जिससे राज्य में पर्यटन निवेश को बढ़ावा मिले।

### हस्तशिल्प, खानपान और संस्कृति की अंतरराष्ट्रीय प्रस्तुति

इन ट्रैवल मार्टों में उत्तर प्रदेश की कारीगरी, पारंपरिक हस्तशिल्प, खानपान और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी प्रमुख आकर्षण रहेंगी। राज्य के अल्पज्ञात पर्यटन स्थल जैसे-स्वामीनारायण मंदिर (गोंडा), रामकृष्ण मठ (लखनऊ), इस्कॉन मंदिर (वृंदावन), शुकतीर्थ (मुजफ्फरनगर), नैमिषारण्य, हस्तिनापुर, जैत (मथुरा) आदि को भी प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाएगा।

# अतुल तिवारी हत्याकांड में अधिवक्ता देवेश कुमार शुक्ला के नेतृत्व में अधिवक्ताओं के प्रतिनिधिमंडल ने एसपी से मुलाकात कर सौंपा ज्ञापन

### सरेनी प्रकरण में राजनीतिक लाभ के लिए लोग लाशों पर कर रहे राजनीति : देवेश शुक्ला एडवोकेट

### निष्पक्ष जांच कर कर दोषियों पर हो कार्रवाई, पीड़ित परिवार को बेवजह न किया जाए परेशानः विकास त्रिपाठी एडवोकेट

» नेशनल एक्सप्रेस



**रायबरेली।** सरेनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत अतुल तिवारी की हत्या के मामले में सिविल कोर्ट के अधिवक्ता देवेश कुमार शुक्ला के नेतृत्व में भारी संख्या में अधिवक्ताओं ने पहुंचकर पीड़ित परिवार के लिए न्याय की गुहार लगाई और माहौल खराब करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। अधिवक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि सरेनी में अतुल तिवारी हत्याकांड के मामले में पीड़ितों पर झूठा मुकदमा दर्ज करा कर दबाव बनाने का काम किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक ने मामले में निष्पक्ष जांच का शासन दिया है।

एडवोकेट देवेश शुक्ला ने कहा कि सरेनी हत्याकांड में जो हो रहा है वह शर्मनाक है। राजनीतिक लाभ के लिए लोग लाशों पर राजनीति कर रहे हैं। पीड़ित परिवार ने जवान बेटा खोया है पत्नी विधवा हो गई और बच्चे अनाथ हो गए हैं इसके बावजूद भी इस परिवार पर दबाव बनाकर मुकदमा दर्ज करा देना अन्य की पराकाष्ठा है। उन्होंने कहा कि किसी भी जनप्रतिनिधि को समूची जनता के साथ समान व्यवहार करना चाहिए लेकिन सरेनी में जातीय संघर्ष का बीज बोया गया है। तुच्छ राजनीति करने वालों की मनसा कभी सफल नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने सड़क जमकर नारेबाजी की और लोक व्यवस्था को छिन्न भिन्न किया है उन पर सख्त कार्रवाई हो। अधिवक्ता विकास त्रिपाठी ने कहा कि सरेनी मामले में जिस तरह से राजनीति की गई है वह दुखत है। पीड़ित परिवार को नया दिलाने के बजाय उसे परिवार पर दबाव बनाने का कुत्सिक प्रयास किया गया है। श्री त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक से मामले के निष्पक्ष जांच कर कर दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की है उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार को बेवजह परेशान ना किया जाए। एडवोकेट अजय मिश्रा ने कहा कि घंटे सड़क जाम करने वालों ने लोक व्यवस्था के साथ मजाक किया है आवा गमन बाधित हुआ कई किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कटारे लगी रही यहां तक की एंबुलेंस तक को जाने का रास्ता नहीं मिल पा रहा था। जिससे मरीज इलाज के लिए तड़पते रहे। इस पूरे मामले की जांच होनी चाहिए और कानून से खिलवाड़ करने वाले उन सभी लोगों पर संबंधित धाराओं में तत्काल मुकदमा दर्ज किया जाए जो सड़क जाम कर सामाजिक हिंसा भड़काने का प्रयास कर रहे थे। एडवोकेट नरेंद्र क्रांतिकारी ने कहा कि सरेनी की घटना दुखद है। इस पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा इस मामले में पत्रकार को नामजद किया जाना कानून के साथ भद्दा मजाक है। यदि ऐसे ही चला रहा तो मीडिया कर्मी आजादी के साथ खबरें नहीं दिखा पाएंगे।

मृतक अतुल तिवारी की मां ने कहा कि वह कोई राजनीति नहीं चाहती हैं उन्हें बस न्याय चाहिए। उन्होंने कहा कि उन पर और उनके उन रिश्तेदारों पर फर्जी मुकदमा दर्ज कराया गया है जो मौके पर भी नहीं थे। उन्होंने कहा किसी का निधन होना दुखद है लेकिन उसका जिम्मेदार ठहराकर हत्या का मुकदमा दिखाना दबाव बनाने का प्रयास है। इस मौके पर चंद्रशेखर शुक्ला ,शशिकांत शुक्ला सुभाष मिश्रा ,शुभम अवस्थी ,सी एल त्रिवेदी ,अजय मिश्र , हरिओम मिश्रा आनंद दीक्षित ,श्वेतांक श्रीवास्तव सहित भारी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

# डा. भीम राव आंबेडकर का सम्मान तभी होगा जब दलितों का सम्मान होगा : अजय राय

» नेशनल एक्सप्रेस



**अमेठीः** जामों थाना क्षेत्र अंतर्गत पूरे अल्प सिंह मजरे जोरावरपुर, कल्यानपुर गांव में सोमवार की देर शाम एक दलित युवक की गला रेतकर हत्या कर दी गई थी. मंगलवार को भीम आर्मी के नेता और कार्यकर्ता ने पीड़ित परिवार के घर पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उनके साथ खड़े होने की बात की.वहीं,क ांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय पीड़ित परिवार के घर पहुंचे. उन्होंने प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं. कहा, बाबा साहेब डा. भीम राव आंबेडकर का सम्मान तभी होगा जब दलितों का सम्मान होगा.

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जहां पर भी दलितों के साथ अत्याचार और अन्याय हो रहा है हम लोग वहां पहुंच रहे हैं. हम उन लोगों के साथ खड़े हैं. अभी प्रयागराज में एक दलित के ऊपर पेट्रोल डालकर जिंदा जलाया गया. आजमगढ़ में एक बेटी के साथ बलात्कार हुआ. यही नहीं रामपुर में भी दालित समाज की एक बेटी के साथ बलात्कार के बाद अमानवीकृत व्यवहार किया गया है उसे सिगरेट से दागा गया है. इसी प्रकार अमरोहा में भी एक छोटी बच्ची के साथ बलात्कार और अन्याय हुआ है. अमेठी में भी दलित युवक की गला काटकर हत्या कर दी गई है.

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जगह-जगह पर बाबा साहेब का सम्मान कर रही है . लेकिन वास्तव में डा.भीमराव आंबेडकर का सम्मान तब होगा जब दलितों का सम्मान होगा. जब दलितों के घर में उजाले होंगे. बीजेपी सरकार में दलितों को सताने का काम हो रहा है.

हम सभी राहुल गांधी के सिपाही हैं. हम इन सभी दलितों के साथ मजबूती से खड़े रहेंगे और कंधे से कंधा मिलाकर उनका साथ देंगे. न्याय दिलाएंगे. पूरे प्रदेश में कांग्रेस पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता दलित समाज के ऊपर होने वाले अन्याय के खिलाफ मजबूती से खड़ा है. हम भारतीय जनता पार्टी की तरह दिखावा नहीं करते हैं.

## संक्षिप्त समाचार

### निजी विद्यालयों की मनमानी के विरुद्ध अवध केसरी सेना ने डीएम को सौंपा ज्ञापन



**गोंडा ।** अवध केसरी सेना के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी व जिला विद्यालय निरीक्षक को निजी विद्यालयों के मनमानी के विरुद्ध ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में केसरी सेना ने कहा है कि निजी विद्यालयों के प्रबंधतंत्र द्वारा प्रति वर्ष शैक्षिक सत्र प्रारम्भ होते ही प्रवेश शुल्क व शिक्षा शुल्क में मनमाने तरीके से वृद्धि करने व ड्रेस व किताबों को आर्थिक लाभ के लिए अपने सुविधा के अनुसार दुकानों पर बिकवाया जाता है तथा विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्र छात्राओं पर व्यक्तिगत ट्यूशन के लिए दबाव बनाया जाता है जिसके परिणाम स्वरूप छात्र छात्राओं व उनके अभिभावकों को मानसिक व आर्थिक उत्पीड़न का शिकार होना पड़ता है । जो निश्चित रूप से निंदनीय है ।अवध केसरी सेना के पदाधिकारियों ने ज्ञापन सौंपते हुए मांग किया है कि निजी विद्यालयों के प्रबंधन द्वारा किये जाने वाले मनमानी पर तत्काल अंकुश लगाया जाए।

### हीटवेव से राहत के लिए जिलाधिकारी की विशेष पहल




**गोंडा ।** भीषण गर्मी और हीटवेव के मद्देनजर ज़िलाधिकारी नेहा शर्मा के निर्देश पर जनसामान्य को राहत पहुंचाने के लिए जनपद की समस्त नगर पंचायतों और नगर पालिकाओं में कूलिंग सेंटर स्थापित किए जाएंगे। यह व्यवस्था अगले एक से दो दिनों में पूरी तरह लागू कर दी जाएगी।
जारी आदेश के अनुसार, सभी नगर निकायों में इन कूलिंग सेंटर्स की स्थापना तत्काल की जाएगी, जहां पर छायादार स्थान, पंखा अथवा कूलर, पीने के लिए स्वच्छ जल, ओआरएस पैकेट और आवश्यकता पड़ने पर फर्स्ट एड किट उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर वाटर एटीएम, पानी के घड़े आदि की भी व्यवस्था की जाएगी। सफाई व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए हैं ।प्रत्येक कूलिंग सेंटर पर एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा, जिसकी जानकारी स्पष्ट रूप से बैनर पर अंकित रहेगी। इसके अलावा, वाहनों के माध्यम से पीए सिस्टम का उपयोग कर लोगों को ₹क्या करें, क्या न करें₹ जैसे निर्देश देकर जागरूक किया जाएगा ।जिलाधिकारी नेहा शर्मा की इस पहल का उद्देश्य है कि हीटवेव से आमजन को हर स्तर पर राहत मिल सके और किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि सभी तैयारियों की समयबद्धता से समीक्षा करते हुए कार्यो की जानकारी फोटोग्राफ के माध्यम से साझा की जाए।

### गौशालाओं में पेयजल, छाया और टीकाकरण की व्यवस्था

अपर जिलाधिकारी द्वारा मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया गया है कि सभी गौ-आश्रय केंद्रों और गौशालाओं में मवेशियों के लिए पर्याप्त पेयजल, चारा और छाया की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही, टीकाकरण और दवाओं की उपलब्धता भी जरूरी बताई गई है।

# सरस्वती शिशु मंदिर में वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह धूमधाम से सम्पन्न

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



**गोण्डा।** सरस्वती शिशु मंदिर पाण्डेय चौरा में वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह बड़े ही धूमधाम, हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। विद्यालय परिसर को इस अवसर पर भव्य रूप से सजाया गया था, जहां शिक्षक, अभिभावक, छात्र-छात्राएं एवं क्षेत्रीय गणमान्यजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरूआत वैदिक मंत्रोच्चारण और मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर की गई। इसके उपरांत बच्चों ने स्वागत गीत, सरस्वती वंदना और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी उपस्थितजनों का मन मोह लिया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत गीतों, कविताओं और नृत्य कार्यक्रमों ने समारोह को उल्लासमय बना दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हितेश सिंह ने बच्चों को परीक्षा में अच्छे अंक लाने पर बधाई देते हुए कहा कि विद्या ही सच्ची पूंजी है, और यह विद्यालय न केवल विद्या देता है, बल्कि संस्कार और संस्कृति का भी पोषण करता है। उन्होंने माता-पिता से अनुरोध किया कि वे अपने बच्चों को नैतिक शिक्षा की ओर भी प्रेरित करें। विशिष्ट अतिथि ईश्वरशरण सिंह, जो इस कार्यक्रम के अध्यक्ष थे, ने विद्यालय के शिक्षण स्तर और अनुशासन की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर जैसे संस्थान राष्ट्र निर्माण में नींव का कार्य करते हैं।

# पृथ्वी दिवस प्रकृति का पर्व : मेजर राजाराम

### बच्चों ने रैली के माध्यम से लोगों को पृथ्वी दिवस के विषय में जागरूक किया

### कार्यक्रम में पृथ्वी को स्वच्छ एवम हरा भरा बनाने हेतु शपथ भी दिलाया गया

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो




**गोण्डा।** कन्हैया लाल इंटर कॉलेज करनैलगंज में माध्यमिक शिक्षा विभाग एवं 48वीं यूपी बटालियन एनसीसी कमान अधिकारी कर्नल सुनील कपूर के निर्देशन में प्रधानाचार्य मेजर राजाराम के नेतृत्व में एनसीसी, स्काउट कैडेटों एवं विद्यार्थियों द्वारा विश्व पृथ्वी दिवस पर विविध कार्यक्रम का आयोजन किया।

बच्चों ने रैली के माध्यम से लोगों को पृथ्वी दिवस के विषय में जागरूक किया। रैली रेलवे स्टेशन, सुक्खापुरवा, हुजूरपुर तिराहा होकर पुनः कालेज में पहुंची वहां पर भूगोल विभाग द्वारा भाषण एवम पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मेजर राजाराम ने बच्चों को पृथ्वी के बारे में विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि ब्रह्मांड में ज्ञात-अज्ञात अनेकों सौरमंडल एवं ग्रह है,लेकिन पृथ्वी पर ही जीवन है। यदि अन्य पिंडों की भांति पृथ्वी पर जीवन हेतु आवश्यक भौगोलिक दशाएं नहीं होती तो जीवन संभव नहीं हो पाता और पृथ्वी अन्य ग्रहों की तरह निर्जन तथा वीरान होती।

ऐसे में हम सबका कर्तव्य बनता है कि हम सब पृथ्वी के सभी जंतुओं, वनस्पतियों सहित इसके समस्त संसाधनों का संरक्षण एवं संवर्धन करें।

कभी हिंसा न करें तथा अहिंसा परमो धर्मः का पालन करें। हमें आत्मवत सर्व भूतेषु की भावना से ओत प्रोत होना चाहिए। इसके पश्चात विद्यालय में स्वच्छता अभियान के अंतर्गत साफ सफाई की गई, और वृक्षारोपण करके पृथ्वी को स्वच्छ एवम हरा भरा बनाने हेतु शपथ भी दिलाया गया। इस कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता एवं स्काउट प्रभारी अमित कुमार श्रीवास्तव तथा ईको क्लब के नोडल अधिकारी प्रताप नारायण पांडेय ने किया। अंत में व्याख्यान तथा पेंटिंग प्रतिभागियों को मेडल तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर राजधारी सिंह, मनमोहन सिंह, सत्येंद्रमिश्र, राकेश सिंह, मनोज कुमार, वीरेंद्र यादव आदि शिक्षक एवं एनसीसी कैडेट्स तथा छात्र छात्राओं ने उपस्थित रहकर कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया।

# न्याय ना मिला तो लोकतांत्रिक प्रक्रिया से कराऊँगा विरोध दर्ज, करूंगा आमरण अनशन : रमेश सिंह

### दोषियों को मिले सजा, जिन निर्दोष लोगों को जेल भेजा गया है, उन्हें न्याय मिले : रमेश सिंह

» नेशनल एक्सप्रेस

**लालगंज/रायबरेली –** किसान नेता रमेश सिंह ने सीएम योगी को पत्र लिख कर कहा



है कि जनपद रायबरेली के सौहार्द, अमन और सामंजस्य को कलंकित करने वाली एक घटना की ओर आपका ध्यान आकृष्ट कराता हूँ, विगत दिनों एक अतुल तिवारी नाम के व्यक्ति की दुःखद घटना में मृत्यु हो जाती है, उसको आधार मानकर कुछ लोगों के द्वारा गन्दी राजनीति के प्रचार-प्रसार के लिए वातावरण को दूषित किया जाता है, प्रशासन पर निर्दोष लोगों को जेल भेजने की कोशिश की जाती है और दबाव में आकर उन्हें जेल भेजा जाता है एवं उनके घरों की महिलाओं और अबोध बच्चों को प्रताड़ित कराने के कार्य किये जाते हैं, जिससे आहत होकर एक राजेश उर्फ धुनारी प्रजापति के द्वारा आत्महत्या कर ली जाती है। बड़े दुःख के साथ आपको अवगत कराता हूँ कि आप जैसे सन्त के मुख्यमंत्री रहते एक पिता को अपने नाबालिग पुत्र को न्याय दिलाने के लिए आत्महत्या का सहारा लेना पड़े, इससे हम लज्जित हैं, हम जिस विधानसभा के निवासी हैं, वह विधानसभा रायबरेली की जनता में सबसे सौहार्द, पराक्रम और वीरता की पावन भूमि के रूप में पहचान रखती है, यहां राजनीति के माध्यम से समाज को कलंकित करने का काम कभी नहीं हुआ है, जब भी हुआ है देश और मानवता की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहूति देने का मातृभूमि पर कुर्बान हो जाने का इतिहास सदा विधानसभा सरेनी का रहा है, इस विधानसभा में जिस घटना की ओर आपका ध्यान आकर्षित करा रहा हूँ, इसकी निष्पक्ष न्यायिक जांच की मैं आपसे मांग करता हूँ, जिन लोगों के द्वारा इस घटना को अन्जाम देने में भूमिका का निर्वहन किया गया हो, उन्हें कानून के आधार पर सजा मिले और जिन निर्दोष लोगों को जेल भेजा गया है, उन्हें न्याय मिले और जिस पिता ने अपने पुत्र वियोग में आत्महत्या कर ली, ऐसे परिवार को 50 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाये । हम अपने लोकप्रिय यशस्वी माननीय मुख्यमंत्री जी से अपनी विधानसभा सरेनी के सौहार्द की भीख मांगता हूँ और आशा करता हूँ कि आप हमारी मांग पर विचार करेंगे, हमें न्याय देंगे, मुझे सरकार से कुछ नहीं चाहिए, समाज से वोट भी नहीं चाहिए, क्योंकि मुझे कोई चुनाव नहीं लड़ना, लेकिन अन्याय के खिलाफ लड़ना मेरी पहचान है ।

# थाना सरेनी क्षेत्रान्तर्गत हुयी घटना में पत्रकार के खिलाफ दर्ज FIR पर, पत्रकार साथियों में भारी आक्रोश

» नेशनल एक्सप्रेस



■ उप जिलाधिकारी लालगंज, रायबरेली को पत्रकार जन कल्याण एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने सौंपा ज्ञापन

**लालगंज,रायबरेली।** जनपद रायबरेली के सरेनी थाने में दर्ज हुई एक एफआईआर में पत्रकार का भी नाम आरोपी के रूप में दर्ज कराया गया है। लोकतंत्र के चौथे स्तंभ मीडिया को बदनाम करने का काम किया गया है जिसके चलते पत्रकारों में आक्रोश व्याप्त है। स्वतंत्र एवं स्वच्छ पत्रकारिता पर भी सवालिया निशान खड़ा करने का काम लोगों के द्वारा किया गया है। पत्रकार जन कल्याण एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष राममिलन शर्मा ने लालगंज उप जिलाधिकारी से मिलकर ज्ञापन सौंपा और कहा कि अगर इसी तरह यदि पत्रकारों को मुकदमों में सामिल किया गया तो मीडिया क्षेत्र के लिए पत्रकारिता करना बहुत ही मुश्किल हो जाएगा। बताते चले कि सरेनी कस्बे में धुनारी प्रजापति उर्फ राजेश नाम के व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है इसमें राजनीतिक दबाव के चलते उसकी पत्नी श्यामा देवी ने पत्रकार आदित्य मिश्रा के साथ-साथ अन्य कई लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। उल्लेखनीय है कि माननीय सुप्रीम कोर्ट ने भी मौके पर मौजूद पत्रकारों को कभी भी पार्टी न बनाने का निर्देश दे रखा है लेकिन फिर भी पत्रकारों के खिलाफ मुकदमा लिखकर लोकतंत्र की जड़ों को कमजोर करने का काम किया जा रहा है जिसका पत्रकार जन कल्याण एसोसिएशन घोर निंदा करता है। ज्ञापन देने पहुंचे मीडिया के पत्रकारों ने सरेनी थाने में दर्ज मुकदमे की निष्पक्ष जांच कराकर पत्रकार आदित्य मिश्रा का नाम मुकदमे से हटाने की मांग की है। वहीं लालगंज उप जिलाधिकारी मिथिलेश त्रिपाठी ने कहा है कि मुकदमे की निष्पक्ष जांच होगी और किसी भी पक्ष के साथ अन्याय नहीं होगा।

इस अवसर पर मनीष प्रजापति, रवि शंकर, उमेश प्रजापति,जितेंद्र सविता, संजय सोनकर, पंकज साहू इत्यादि पत्रकार साथी मौजूद रहे।

# बैसवारा महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय पृथ्वी दिवस के अवसर पर वाद- विवाद प्रतियोगिता कार्यक्रम आयोजित

» नेशनल एक्सप्रेस



**लालगंज/ रायबरेलीः** शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी जनपद के प्रतिष्ठित बैसवारा महाविद्यालय में प्राचार्य प्रोफेसर शीला श्रीवास्तव के कुशल नेतृत्व एवं प्रबंधक श्री लाल देवेंद्र बहादुर सिंह के निर्देशन में अंतरराष्ट्रीय पृथ्वी दिवस के अवसर पर भूगोल विभाग के तत्वाधान में *हमारी पृथ्वी संकट में है* विषयक एक वाद-विवाद प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर शीला श्रीवास्तव ने सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारी पृथ्वी के पास मानव की आवश्यकता पूर्ति की क्षमता तो है किंतु उसके लोभ को पूर्ण करने की क्षमता नहीं ।महाविद्यालय के प्रबंधक श्री लाल देवेंद्र बहादुर सिंह ने बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमें प्रकृति का सम्मान करना चाहिए और अधिक से अधिक पौधारोपण करने की सलाह सभी छात्र-छात्राओं को दिया।

महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी, डॉ. रमेश चंद्र यादव ने बताया कि भाग लेने वाले प्रतियोगियों में प्रथम स्थान संयुक्त रूप से बी .ए . छठे सेमेस्टर की छात्रा प्रिया और चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा अनुप्रिया का रहा। द्वितीय स्थान पर बीए छठे सेमेस्टर के छात्र रुद्रांश दीक्षित, तृतीय स्थान बीए चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र देवांश गुप्ता रहा । विकास साहू और अवनीश कुमार को सांत्वना स्थान प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम की रूपरेखा भूगोल विभाग के सहायक आचार्य डॉ वीरेंद्र कुमार यादव ने प्रस्तुत किया तथा डॉ यादव ने आगे बताया कि कि पृथ्वी दिवस 1970 से मनाया जा रहा है और संयुक्त राष्ट्र संघ ने भी 2009 में इसे मान्यता दे दी है ताकि पृथ्वी पर मानव का कार्बन फुटप्रिंट कम किया जा सके तथा पृथ्वी पर होने वाले संकट को रोका जा सके । भूगोल भाग के सहायक आचार्य डॉ के के दीक्षित ने कहा कि पृथ्वी हमारी मां है जो हमारा जन्म देने वाली जननी माँ के सामान है। इसलिए हमें पृथ्वी के संसाधनों का अनुकूलतम अनुप्रयोग करना चाहिए। समाजशास्त्र के विभागध्यक्ष एवं पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर शैलेंद्र कुमार सिंह ने अपने उद्बोधन में बताया कि हमें पृथ्वी को बचाने के लिए व्यक्तिगत प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। अन्यथा हमें एक दिन पानी की बोतल की तरह सांस लेने के लिए ऑक्सीजन सिलेंडर भी लेकर चलना पड़ेगा। डॉ सत्येंद्र सिंह ने अपने भाषण में कहा की हमारी संस्कृति पर्यावरण अनुकूल है। अगर हम अपनी संस्कृति का अनुकरण करे तो पर्यावरण संरक्षण स्वयं ही हो जायेगा। इस मौके पर महाविद्यालय परिवार के प्रोफेसर निरंजन राय ,प्रोफेसर पुष्पा बरनवाल, प्रोफेसर कुंदन कुमार, डा अजय कुमार सिंहा, डॉ सूर्य प्रकाश मिश्रा , डा सत्यद्र सिंह, डा नवीन कुमार विश्वकर्मा, डा संजीव कुमार मिश्रा, डॉ प्रवीण सिंह, डा सुरजन यादव, डा वीरेंद्र कुमार यादव, डा संदीप कनौजिया, डा नवीन कुमार सिंह, डॉ सूर्य प्रकाश वर्मा , डा मनोज कुमार त्रिपाठी,श्रीमती नीलम शुक्ला, लेखाकार सुरेश कुमार गुप्ता , विज्ञान संकाय से इंदु त्रिपाठी, रिया गुप्ता, कांची बाजपेई, पूजा श्रीवास्तव, प्रखर राज श्रीवास्तव, शिवचंद्र, हरिश्चंद्र, विजय बहादुर सिंह , शिव शंकर वर्मा, विशाल आदि समस्त महाविद्यालय के सदस्य उपस्थित रहे ।

# जिलाधिकारी ने चीफ फार्मासिस्ट को निलंबित करने के दिए आदेश

## न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मिली खामियां, जिलाधिकारी ने चीफ फार्मासिस्ट को निलंबित करने के दिए आदेश

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।**

टूंडला।जिलाधिकारी रमेश रंजन ने मंगलवार को जनपद की विभिन्न जनहितकारी कार्यों का निरीक्षण किया,जिलाधिकारी के साथ मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य भी मौजूद रहें, जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम उसायनी में 27 करोड़ की लागत से निर्मित और विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी का निरीक्षण किया,प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत कुल 568 आवास निर्मित किए गए हैं,परंतु भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी ने पाया कि अभी भी यहां पर पानी,बिजली,जैसी मूलभूत सुविधाऐं उपलब्ध नहीं कराई जा सकीं हैं,यहां पर निर्मित बाथरूम में साफ-सफाई की व्यवस्था नहीं है,जिलाधिकारी इस पर अत्यंत नाराज दिखें, उन्होंने विकास प्राधिकरण के ए0ई0 को चार्जशीट देने की






बात कहीं,साथ ही उन्होंने कहा कि निर्मित भवनों को जल्द ही संपूर्ण व्यवस्था कराकर लाभार्थियों को सौंपें,जिससे इसके उद्देश्य को पूरा किया जा सके।

इसके पश्चात जिलाधिकारी नारखी स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करने गए,इस निरीक्षण के दौरान उनके साथ मुख्य चिकित्सा अधिकारी भी मौजूद रहें,जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान पाया कि यहां पर कोई डॉक्टर उपलब्ध नहीं है, साथ ही यहां पर बिजली,पानी, जैसी मूलभूत सुविधाएं भी नहीं है,यहां पर केवल मौके पर संविदा कर्मी ही मिलें,मौके पर कोई मरीज भी नहीं पाया गया,जिस पर जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 राम बदन राम को निर्देशित किया,कि यहां की बदतर व्यवस्थाओं को देखते हुए चीफ फार्मासिस्ट को तत्काल निलंबित करें,यहां पर मरीजों की उपलब्धता न होने के कारण उपलब्ध दवाओं का इस्तेमाल नहीं हो पा रहा है,जिससे दवाईयां खराब या एक्सपायरी हो जा रहीं है,जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि सी0एच0 ओ0 को यहां पर बैठाऐं,साथ ही साथ जनपद में जितनी भी न्यू पी0एच0सी0 बनी है,उनके संचालन की क्या स्थिति है, इसका निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने ब्लॉक नारखी का निरीक्षण कर यहां पर विकास कार्यों की समीक्षा की,जिलाधिकारी ने सचिव पुष्पेंद्र,मानवेंद्र सिंह, कपिल गौतम से शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं कन्या सुमंगला योजना,वृद्धावस्था पेंशन योजना, दिव्यांग पेंशन योजना इत्यादि के संबंध में जानकारी चाहीं,परंतु कोई भी सचिव इसका समुचित उत्तर नहीं दे पाया,जिलाधिकारी ने कहा कि यह स्थिति बेहद खराब है,अगर आप सबको ही योजनाओं की जानकारी नहीं होगी, तो आप सब इन योजनाओं के बारे में लोगों को कैसे बताएंगे, जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी सचिवों को शासन की योजनाओं की जानकारी हेतु एक कार्यशाला का आयोजन करें, जिलाधिकारी ने कहा कि हर गांव में लाइब्रेरी अवश्य बनी हो,सभी सचिव इस बात को सुनिश्चित कर लें,अन्यथा कठोर कार्यवाही की जाएगी,कार्यों की जानकारी न होने पर ए0पी0ओ0 मनरेगा को भी चार्जशीट देने की बात जिलाधिकारी ने कहीं, जिलाधिकारी ने सख्त शब्दों में चेतावनी दी,कि प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना में कोई भी पात्र लाभार्थी न छूटे अन्यथा निलंबन की कार्यवाही की जाएगी।अंत में जिलाधिकारी ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से भी वार्ता की,साथ ही उन्होंने जिला विकास अधिकारी को निर्देशित किया,कि ज्यादा से ज्यादा लखपति दीदीयां बनाएं,सभी सचिवों को कडे.शब्दों में उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि,जो भी पंचायत भवन बने हैं, वहां पर लोगों को योजनाओं के संबंध में जानकारी दें,इस दौरान परियोजना निदेशक सुभाष चन्द्र त्रिपाठी,जिला विकास अधिकारी दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी आदि भी मौजूद रहे।

# पूर्व विधायक व पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया शोभायात्रा कमेटी का जोरदार स्वागत



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।**

फिरोजाबाद । मंगलवार को भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक राकेश बाबू एड. द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर शोभायात्रा समिति 2025 के अध्यक्ष आनंद गौतम उर्फ अन्ना ठाकरे एड. तथा अन्य पदाधिकारियों का सकुशल तथा भव्यता के साथ जयंती निकालने को लेकर जोरदार स्वागत किया । इस दौरान पूर्व विधायक राकेश बाबू एडवोकेट ने कहा कि अगर हम समाज के सभी लोग इसी प्रकार एक होकर बाबा साहब की जयंती में जोश के साथ भाग लेंगे तथा जयंती टीम का सहयोग करेंगे तो हर वर्ष हम जयंती को भव्यता एवं दिव्यता के साथ निकाल सकेंगे वहीं उन्होंने कहा कि इस बार की जयंती ऐतिहासिक रही झांकियां की संख्या भी अधिक थी साथ ही साथ एक से एक आकर्षक झांकी देखने को मिली यह सब जयंती टीम तथा समाज की मेहनत एकता के कारण ही संभव हो सका है । इस दौरान जयंती अध्यक्ष आनंद गौतम एडवोकेट ने कहा कि जयंती में आर्थिक ,शारीरिक , तथा झांकियां के माध्यम से तथा अन्य प्रकार से सहयोग करके इस जयंती को भव्य तथा ऐतिहासिक बनाने में सहयोग करने वाले सभी लोग धन्यवाद के पात्र हैं । वहीं के डी जाटव ने कहा कि जल्द ही भीम दरबार के माध्यम से सभी सहयोग करने वाले बाबा साहब के अनुयायियों का जोशीला स्वागत करने की तैयारी की जाएगी । वहीं स्वागत करने में पूर्व विधायक राकेश बाबू के साथ पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रमोद कुमार भी मौजूद रहे तथा इस दौरान जयंती टीम के अध्यक्ष अन्ना ठाकरे, महामंत्री के डी जाटव, वीरेंद्र कुमार संयोजक, अरविंद कुमार ऑडिटर, दीपक बौहरे व हरीश पहलवान उपाध्यक्ष , लोकेश पिपल, रूमान सिंह , धर्मेंद्र कुमार एड. , वेदप्रकाश आदि का स्वागत किया गया ।

## ब्राह्मण एकता मंच ने किया अनुराग कश्यप का पुतला दहन



**नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर ।**

जसराना : फिल्म निमार्ता अनुराग कश्यप द्वारा सोशल मीडिया पर ब्राह्मण समाज के खिलाफ दिए गए विवादित बयान के विरोध में रविवार को कस्बा एका में ब्राह्मण एकता मंच ने उग्र प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारियों ने कस्बे के मुख्य चौराहे राम चौक पर अनुराग कश्यप का पुतला लाकर पहले उस पर जूते-चप्पल बरसाए और फिर आग के हवाले कर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि ब्राह्मण समाज की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने वाले ऐसे बयानों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

इस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व ब्राह्मण एकता मंच के ब्लॉक प्रभारी आशू शर्मा व अध्यक्ष लकी दीक्षित ने किया। उनके साथ मंच के अन्य पदाधिकारी अर्जुन दीक्षित, टीटू, नमन, कान्हा तिवारी, प्रियांशु, हिमांशु, राहुल, बंटी, दीपक पांडे, अंकित शर्मा और सचिन सहित कई ब्राह्मण समाज के युवा उपस्थित रहे।

विरोध कर रहे लोगों ने प्रशासन से अनुराग कश्यप के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की और चेतावनी दी कि यदि ऐसे बयान भविष्य में भी दिए गए तो आंदोलन और अधिक व्यापक किया जाएगा।

## सड़क पार कर रहे युवक को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर मौत

**नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर।**

फिरोजाबाद । थाना जसराना के गांव सनेही नगर में सोमवार की रात सड़क पार कर रहे युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई है। थाना जसराना के गांव अतुर्रा निवासी 45 वर्षीय रामवीर सिंह



पुत्र हेत सिंह सोमवार की रात दवा लेकर पैदल अपने घर लौट रहा था तभी रास्ते में सनेही नगर के समीप किसी अज्ञात वाहन ने उसे रोद दिया जिसके फल स्वरुप उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई इधर सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए और उनमें कोहराम मच गया इधर घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई जहां मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है मृतक ने अपने पीछे विधवा पत्नी दो पुत्र और एक पुत्री को रोते बिलखते छोड़ा है ।

## प्राथमिक विद्यालय जसराना द्वितीय में मनाया गया विश्व पृथ्वी दिवस

**नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर ।**

जसराना । ईको क्लब फॉर मिशन लाइफ अभियान के अंतर्गत मंगलवार को ब्लाक जसराना के प्राथमिक विद्यालय जसराना द्वितीय पर विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में पृथ्वी के संरक्षण तथा वृक्षारोपण के माध्यम से पृथ्वी को हरा भरा रखने के बारे में चर्चा की गई।छात्र-छात्राओं ने चित्रकला व स्लोगन लेखन के माध्यम से पृथ्वी बचाओ का संदेश दिया। अर्जुन,ज्योति,दीक्षा,निधि तथा लकी ने हमारी पृथ्वी हमारा ग्रह विषय पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया।साथ ही जल नहीं तो कल नहीं कविता प्रस्तुत की।छात्रा गौरी ने सुन्दर सेल्फी प्वाइंट बनाया।ईको क्लब कैप्टन छात्र धर्मेंद्र ने मार्मिक अपील की कि हमें पृथ्वी पर उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों का अनावश्यक मात्रा में दोहन नहीं करना चाहिए।पूर्व एआरपी जसराना सुमन राजपूत ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए बताया कि प्रतिवर्ष बाईस अप्रैल को विश्व पृथ्वी दिवस मनाया जाता है।और कहा कि स्वस्थ जीवन शैली हेतु प्रकृति के सभी घटकों का संरक्षण करना आवश्यक है तभी सतत विकास की संकल्पना साकार हो सकेगी और भविष्य की पीढ़ियों के लिए स्वच्छ व स्वस्थ परिवेश उपलब्ध हो सकेगा।इसके अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण,जल संरक्षण,मृदा संरक्षण एवं प्रदूषण से मुक्त भारत आदि विषयों पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।सभी प्रतिभागी छात्रों को विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा पुरस्कृत एवं प्रोत्साहित किया गया।




## सोने चांदी के आभूषण से गरीब कन्या की शादी में महिला शक्ति ने किया कन्यादान

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।**

फिरोजाबाद । जायंट्स ग्रुप ऑफ फिरोजाबाद महिला शक्ति द्वारा एक परिवार की कन्या का विवाह कराने में सहयोग किया गया इस अवसर पर जोयंट्स ग्रुप ऑफ महिला शक्ति की अध्यक्षा प्राची अग्रवाल ने बताया कि सबसे बड़ा दान कन्यादान होता है लेकिन आर्थिक स्थिति की वजह से उस कन्या को खाली हाथ विदा करना परिवार वालों के लिए और भी दयनीय हो जाता है ऐसा एक मामला आया है इस कन्या के विवाह को कराने के लिए उस जरूरतमंद परिवार ने महिला शक्ति से मदद माँगी ।उनके निवेदन पर ग्रुप की सभी सदस्यों ने बढ़ चढ़कर सहयोग किया है। प्रशासनिक निर्देशिका रीना गर्ग ने बताया की विवाह के लिए कन्या की जरूरत का सामान दिया गया जिसमें पलंग, गद्दा ,तकिये, मिक्सी, दरवाजे के बर्तन , सूटकेस प्रेस ,ट्रॉली बैग ,स्टील का डिनर सेट ,11 साड़ी पेटीकोट, सूट ,पर्स ,बेडशीट ,रजाई , तौलिया , मेकअप का सामान ,चाँदी की पायल सोने की नथ ,दूल्हे के कपड़े आदि अन्य जरूरत का सामान भी प्रदान किया गया। वित निर्देशिका दीपा अग्रवाल ने बताया कन्या की जरूरत के सामान के साथ साथ बारातियों के खाने के लिए भी पूरा इंतजाम महिला शक्ति द्वारा ही किया गया जिसमें ग्रुप के संस्थापक अध्यक्षा श्रीमती बीना चौहान ,प्रोजेक्ट ऑर्डिनेटर सौम्या चौहान, पूर्व अध्यक्ष कमलेश सचदेवा वर्तिका जैन अध्यक्ष प्राची अग्रवाल रीना गर्ग एकता मित्तल सीमा अग्रवाल का विशेष सहयोग रहा। कन्या के लिए इतना समान देखकर परिवारजन खुशी से भावुक हो गए और उन्होंने महिला शक्ति की प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर कल्पना राजोरिया रेनू अरोरा मोनिका रानी वाला प्रियांशी जिंदल रिमझिम अग्रवाल राखी मित्तल शालिनी जैन अनीता अग्रवाल नीतु बंसल पूनम गुप्ता नम्रता निहारिका पूनम अग्रवाल निक्की नरूला मोनिका गर्ग तनु बंसल आदि सदस्यों का भी भरपूर सहयोग रहा । सभी ने कन्या को आशीर्वाद देकर उसके सुखी वैवाहिक जीवन की कामना की ।



## न्यूज ब्रीफ

### कांग्रेस की जिला एवं शहर की बैठक संपन्न



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/फिरोजाबाद। जिला एवं शहर कांग्रेस की संयुक्त बैठक जिला अध्यक्ष रामनिवास यादव एवं महानगर अध्यक्ष सफात खान राजू की संयुक्त अध्यक्षता में जिला कार्यालय पर संपन्न हुई । बैठक में जिला अध्यक्ष ने कहा कि संगठन में कार्यशील युवाओं तथा कार्यकताओं को उचित पदों पर रखा जाएगा । महानगर अध्यक्ष ने कहा कि जो जनता की समस्याओं को सुनेगा तथा उनका समाधान कराएगा तथा जनता के बीच में रहेगा वही नेता कहलाएगा । इस दौरान काफी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे ।

### धोखाधड़ी का आरोपी गिरफ्तार पुलिस ने भेजा जेल

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/फिरोजाबाद। थाना मटसेना पुलिस ने चैकिंग के दौरान धोखाधड़ी करने वाले आरोपी गोपेन्द्र कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेजा। वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के क्रम में थाना मटसेना पुलिस ने धोखाधड़ी करने के आरोप के मामले में वाँछित गोपेन्द्र कुमार पुत्र राजाराम निवासी युसुफपुर थाना बरहन जनपद आगरा को विजयपुरा थाना मटसेना को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त गोपेन्द्र के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही कर जेल भेजा।

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार भेजा जेल

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/फिरोजाबाद। थाना टूण्डला पुलिस ने चैकिंग के दौरान वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा। वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के क्रम में थाना टूण्डला पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पंजीकृत मुकदमे में वांछित गोलू उर्फ शिवदत्त पुत्र सोमदत्त निवासी टूण्डली हाल निवासी विकास खण्ड टूण्डला पानी की टंकी के पास किराये का मकान को ईट मण्डी टूण्डली से गिरफ्तार किया गया है। गोलू उर्फ शिवदत्त के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही कर जेल भेजा।

## युवाओं को रोजगार देने के चलाया जा रहा पॉलिटेक्निक चलो अभियान

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।**

टूंडला। फिरोजाबाद जिले में राजकीय पॉलिटेक्निक टूंडला के प्रधानाचार्य हरी सिंह के नेतृत्व में पॉलिटेक्निक के शिक्षकों ने जिले में संचालित सभी हाईस्कूल व इंटर कॉलेज में जाकर विशेष रूप से नौवीं से 12वीं तक तथा आईटीआई के बच्चों को पॉलिटेक्रिक में संचालित हो रहे कोर्सेज और उनमें प्रवेश की प्रक्रिया और आवेदन के बारे में जानकारी दी जा रही है।संस्था प्रधानाचार्य हरी सिंह ने बताया कि पॉलिटेक्निक टूंडला से 6 टीम गठित की गई हैं जो जिले के स्कूल-कॉलेजों में जाकर पॉलिटेक्निक करने के उपरांत प्राप्त होने वाले विभिन्न रोजगारों के बारे में भी जानकारी दें रहे हैं। राजकीय पॉलिटेक्निक टूंडला में हेल्पडेस्क स्थापित कराई गई है। जिसमें अभियार्थियों को प्रवेश हेतु आवेदन करने से लेकर काउन्सलिंग तक सहायता प्रदान की जा रही है। संस्था के विभागाध्यक्ष मधुवन प्रसाद ने बताया कि राजकीय पॉलिटेक्निक टूंडला फिरोजाबाद में सिविल इंजीनियरिंग में 75 सीटें, मैकेनिकल इंजीनियरिंग में 75 सीटें एवं प्लास्टिक मॉडल एंड टेक्नोलॉजी इंजीनियरिंग में 75 सीटें उपलब्ध है तथा सिविल इंजीनियरिंग (लैटरल एंट्री) की 7 सीटें, मैकेनिकल इंजीनियरिंग लैटरल एंट्री की 7 सीटें अलग से उपलब्ध है। जिसमें आवेदन संयुक्त प्रवेश परीक्षा द्वारा किया जाएगा।




### संयुक्त प्रवेश परीक्षा के आवेदन बढ़ाने पर दिया जा रहा जोर

संयुक्त प्रवेश परीक्षा पॉलिटेक्निक 2025 हेतु ऑन लाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2025 है। जिसकी प्रवेश परीक्षा तिथि 20 मई 2025 से 28 मई 2025 तक होनी है।

## अवैध पिस्टल सहित गिरफ्तार भेजा जेल

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।**

फिरोजाबाद। थाना एका पुलिस ने चैकिंग के दौरान अभियुक्त प्रदीप कुमार को अवैध पिस्टल व कारतूस सहित गिरफ्तार किया।

पुलिस ने कानूनी कार्यवाही कर प्रदीप को जेल भेजा। अवैध शस्त्रों की रोकथाम व बरामदगी के क्रम में थाना एका पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त प्रदीप कुमार उर्फ नीरज पुत्र ओमपाल सिंह निवासी नगला मानधाती थाना एका को एक पिस्टल एक जिंदा कारतूस व दो खोखा कारतूस सहित फरीदा मोड से से गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर प्रदीप के विरुद्ध थाना एका पर मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा।

# अवैध अतिक्रमण पर प्रशासन का कड़ा प्रहार, जाम की समस्या से निजात के लिए चला अभियान

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।**

फिरोजाबाद। मंगलवार को थाना क्षेत्र सिरसागंज में जाम से मुक्ति के लिए एसडीएम गजेन्द्र पाल सिंह और क्षेत्राधिकारी अनिवेश कुमार सिंह ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए कई स्थानों पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अभियान चलते ही अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया। अभियान में नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी और थाना प्रभारी सिरसागंज की टीम शामिल रही।

पूरा मामला थाना क्षेत्र सिरसागंज का है। सिरसागंज में जाम की समस्या आम हो गई थी। इसी क्रम में एसडीएम और क्षेत्राधिकारी ने संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए बुलडोजर से कार्यवाही करते हुए अतिक्रमण को हटाया।साथ ही फुटपाथों पर हुए अवैध अतिक्रमण को भी हटाया गया।



बुलडोजर देखते ही दुकानदारों में हड़कंप मच गया। प्रशासन ने दुकानदारों को कड़ी चेतावनी दी है। उपजिलाधिकारी गजेंद्र पाल सिंह ने बताया कि जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया है। जाम की शिकायतें मिल रही थी। मैरिज होम संचालकों और दुकानदारों ने सड़क पर टेंट लगा दिया गया था। जिसे उखड़वा दिया गया है। इसी तरह का अभियान प्रत्येक रोड पर चलाकर सड़कों और चौराहों को अतिक्रमण मुक्त किया जाएंगा।

# झारखण्ड आएं, झारखण्ड निवेश के लिए तैयार है:हेमन्त सोरेन, सीएम

## मुख्यमंत्री ने बार्सिलोना में प्रवासी भारतीय व्यवसायियों एवं विशेषज्ञों से की मुलाकात

स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार



बार्सिलोना/रांची।मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन झारखण्ड में निवेश को आकर्षित करने के लिए स्पेन और स्वीडन की यात्रा पर हैं।इस क्रम में झारखण्ड सरकार को आरसीडी Espanyol फुटबॉल क्लब ने खेल विकास,विशेषकर फुटबॉल कोचों के प्रशिक्षण हेतु समझौता ज्ञापन एमओयू पर हस्ताक्षर करने का प्रस्ताव दिया है।यह सहयोग बार्सिलोना के उत्कृष्ट खेल इकोसिस्टम,झारखण्ड में खेल खास कर फुटबॉल के विकास को बढ़ावा देगा।वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री के नेतृत्व में झारखण्ड सरकार के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने स्पेन के बार्सिलोना में प्रवासी भारतीय व्यवसायियों एवं प्रतिष्ठित विशेषज्ञों से मुलाकात की।इस क्रम में स्टार्टअप मेंटरशिप,क्लीन एनर्जी,पर्यावरणीय स्थिरता,सप्लाई चेन,बायो-फार्मास्यूटिकल्स, खेल विपणन,क्रिकेट टीम ओनरशिप , डीप-टेक बी2बी मार्केटिंग,लीगल,डेंटिस्ट्री और मेडटेक जैसे विभिन्न क्षेत्रों पर चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल ने उद्यमिता,नवाचार और स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए सुझाव दिए और झारखण्ड में एक जीवंत स्टार्टअप ईकोसिस्टम के निर्माण में सहयोग देने की इच्छा जताई।मुख्यमंत्री ने सभी प्रतिभागियों को झारखण्ड आने और राज्य में निवेश हेतु आमंत्रित किया है।

### GIGA फैक्ट्री स्थापित करने का प्रस्ताव

मुख्यमंत्री ने टेस्ला ग्रुप ए.एस.(चेकोस्लोवाकिया)के सीईओ एवं सह-संस्थापक डुशान लिचार्डस से भी भेंट की। उन्होंने झारखण्ड में एक ऋक्रक्रअ फैक्ट्री स्थापित करने का प्रस्ताव दिया,जो वाणिज्यिक और औद्योगिक बैटरी भंडारण उत्पादों के असेंबली पर केंद्रित होगी।यह संयंत्र नवीकरणीय ऊर्जा भंडारण के क्षेत्र में कंपनी के रोमानिया के ब्रेइला में किए गए निवेश के समान होगा।

### सरकार ने रखा प्रस्ताव

प्रतिनिधियों ने सुझाव दिया कि झारखण्ड में स्टार्टअप्स और उनके मेंटर्स का मैपिंग किया जाए और उन्हें वैश्विक इनक्यूबेटरों से जोड़ा जाए।खाद्य प्रसंस्करण,विशेष रूप से झारखण्ड के कटहल और टमाटर जैसे उत्पादों के मूल्यवर्धित प्रसंस्करण में निवेश की संभावनाएं तलाशने का सुझाव दिया गया। इसके अतिरिक्त पारंपरिक चिकित्सा (होड़ोपैथी),अनुसंधान एवं विकास, फार्मास्युटिकल,मेडटेक तथा बायोटेक में अनुसंधान जैसे विषय शामिल रहे। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि स्पेनिश कंपनियों के साथ सतत संवाद,बैठकें और कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ताकि, सहयोग की दिशा में ठोस प्रगति हो सके।

राज्य सरकार प्राप्त सुझावों को नीतियों के मूल्यांकन एवं अद्यतन करते समय ध्यान में रखेगी।उन्होंने यह भी बताया कि झारखण्ड ने ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में उल्लेखनीय प्रगति की है और निवेश को शीघ्र एवं सहज रूप से धरातल पर उतारने हेतु प्रतिबद्ध है।

# खसरा-रूबैला के उन्मूलन पर जोर

## खसरा-रूबैला के दोनों टीकों से वंचित बच्चों को किया जाएगा टीकाकृत:मंगल पांडेय,मंत्री

स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार

पटना(बिहार)।स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि सरकार बच्चों में होने वाले गंभीर स्वास्थ्य समस्या खसरा-रूबैला के उन्मूलन पर विशेष जोर दे रही है।वर्ष 2026 तक खसरा-रुबैला(एमआर) रोग के उन्मूलन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।लक्ष्य की प्राप्ति के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं।प्रयास का नतीजा है कि वर्ष 2023-24 के अनुपात में वर्ष 2024-25 में खसरा-रूबैला के संक्रमण की संख्या में कमी आयी है।इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए राज्य के शत-प्रतिशत बच्चों को खसरा-रूबैला के दोनों टीकों से आच्छादित कराने पर जोर दिया जा रहा है।श्री पांडेय ने बताया कि खसरा-रूबैला के उन्मूलन के लिए इसके दोनों टीकों का न्यूनतम 95 फीसदी आच्छादन को जरुरी माना जाता है।इसको लेकर जिलों द्वारा सराहनीय प्रयास भी किए जा रहे हैं।साथ ही खसरा-रूबैला के दोनों टीकों से वंचित बच्चों को 30 अप्रैल,2025 तक टीकाकृत कराने के लिए सभी जिलों के सिविल सर्जन



को निर्देश दिए गए हैं।इसके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा तत्परता के साथ एमआर टीकाकरण की नियमित समीक्षा एवं पर्यवेक्षण किया जा रहा है।श्री पांडेय ने कहा कि खसरा-रूबैला उन्मूलन की महत्ता को देखते हुए लेबोरेटरी सत्यापित छिटपुट मामलों से प्रभावित क्षेत्रों में भी एक्टिव केस की खोज करते हुए खसरा-रूबैला के दोनों टीकों से वंचित बच्चों को टीकाकृत करने एवं 24 घंटे के अंतराल पर विटामिन ए की दो खुराक(उम्र के अनुसार निर्धारित खुराक)देने के निर्देश दिए गए हैं।इस पहल से ससमय खसरा-रूबैला उन्मूलन के लक्ष्य को हासिल करने में मदद मिलेगी।स्वास्थ्य विभाग शिशुओं को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने की दिशा में निरंतर प्रयासरत है।

### न्यूज ब्रीफ

#### बिहार कांग्रेस अध्यक्ष ने चार नेताओं का निलंबन लिया वापस

स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार

पटना(बिहार)।बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश राम ने आज पार्टी से छह वर्षों का निलंबन झेल रहे चार नेताओं के निलंबन संबंधी आदेश वापस लेते हुए उन्हें निलंबन मुक्त किया।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने इस आशय का पत्र जारी करते हुए आशा व्यक्त किया कि निलंबन वापसी के बाद ये अभी नेता कांग्रेस पार्टी और राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं विपक्ष के नेता राहुल गांधी के न्याय के पथ पर चलेंगे।इसके साथ ही शकीलुर रहमान,कमलदेव नारायण शुक्ल,अरुण पाठक और डॉ गौतम कुमार पार्टी से छह वर्षीय निलंबन वापस हो गया।

#### प्रदेश में लगातार बढ़ती गर्मी और लू की स्थिति को देखते हुए 25 अप्रैल से 15 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित

रायपुर(छत्तीसगढ़)।प्रदेश में लगातार बढ़ती गर्मी और लू की स्थिति को देखते हुए छात्रों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए राज्य शासन द्वारा शासकीय,अनुदान प्राप्त,गैर अनुदान प्राप्त एवं अशासकीय सभी शालाओं में 25 अप्रैल 2025 से 15 जून 2025 तक ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किया गया है।प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी और लू को देखते हुए छात्रों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए सभी शासकीय एवं गैर शासकीय स्कूलों में 25 अप्रैल से 15 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश की घोषणा की गई है।सभी बच्चों से आग्रह है कि तेज धूप से बचें,भरपूर पानी पिएं,घर पर रहकर रचनात्मक गतिविधियों में भाग लें एवं छुट्टियों का आनंद लें-मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

# वीर कुंवर सिंह साहस,बलिदान और देशभक्ति के प्रतीक थे:सभापति,अवधेश नारायण सिंह

स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार



पटना(बिहार)।मंगलवार को सभापति,बिहार विधान परिषद्,अवधेश नारायण सिंह ने वीर कुंवर सिंह की जयंती के पूर्व संध्या पर प्रथम स्वतंत्रता संग्राम 1857 के महानायक को श्रद्धांजलि दी।उन्होंने कहा कि 1857 ई.के स्वतंत्रता आंदोलन के महानायक बाबू कुंवर सिंह का जन्म शाहाबाद वर्तमान भोजपुर के जगदीशपुर के जमींदार परिवार में हुआ था।

विदेशी शासन के विरोध की भावना उन्हें विरासत में मिली थी। 23 अप्रैल को वीर कुंवर सिंह जयंती विज्योत्सव दिवस के रूप में भी मनाया जाता है,क्योंकि 23 अप्रैल,1858 को अंग्रेजों के खिलाफ जगदीशपुर के पास अंतिम लड़ाई में जीत हासिल की थी।वीर कुंवर सिंह की आजादी की लड़ाई में भूमिका सिर्फ बिहार तक सीमित नहीं थी।वे कई राज्यों में गए।नाना साहब से मिलकर कानपुर की लड़ाई में भाग लिए। 80 वर्ष की उम्र में भी उन्होंने अंग्रेजों से हार नहीं मानी।आज की युवा पीढ़ी को बाबू कुंवर सिंह के साहस,बलिदान और देशभक्ति की भावना से प्रेरणा लेना चाहिए।

### ऑपरेशन लाडली

# बाल विवाह की रोकथाम के लिए पुलिस चलाएगी 5 दिवसीय विशेष अभियान

स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार

जयपुर(राजस्थान)।राजस्थान पुलिस प्रदेश में बाल विवाह की रोकथाम के लिए एक विशेष अभियान ऑपरेशन लाडली चलाने जा रही है।अभियान का उउद्देश्य बाल विवाह को रोकने के लिए जागरूकता फैलाना और कानूनी कार्रवाई करना है।

यह अभियान 26 अप्रैल से शुरू होगा और 5 दिनों तक चलेगा।महानिदेशक पुलिस सिविल राइट्स एवं एएचटीयू श्रीमती मालिनी अग्रवाल ने बताया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अनुसार बाल विवाह एक अपराध है,इस कुप्रथा का आयोजन विशेष कर अक्षय तृतीया (आखातीज)व पीपल पूर्णिमा जैसे पर्वों के साथ-साथ अन्य सावों पर भी विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में किया जाता है।इसी वजह से बाल विवाह की रोकथाम के लिए निरंतर निगरानी रखने एवं बाल विवाह नहीं होने की सुनिश्चितता की जानी अत्यंत आवश्यक है।इसी उद्देश्य से इस कुप्रथा की रोकथाम के लिए राजस्थान पुलिस 26 अप्रैल से 30 अप्रैल 2025 तक पांच दिवसीय विशेष अभियान ऑपरेशन लाडली चलाने जा रही है।जिसमें जागरूकता के साथ-साथ अवहेलना करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।एडीजी श्रीमती अग्रवाल ने बताया कि इसके लिए रेंज व जिला स्तर पर कार्यरत विभिन्न महिला संगठनों सरकारी एवं गैर सरकारी संगठनों की सहायता लेकर प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला,खंड,स्कूल,ग्राम स्तरीय एवं सेवा प्रदाताओं की कार्यशाला का आयोजन कर प्रतिभागियों को अभियान के प्रति संवेदनशील बना 18 वर्ष से कम आयु की बालिकाओं एवं 21वर्ष से कम आयु के बालकों को बाल विवाह कानून के प्रति जागरूक किया जाएगा।राजस्थान पुलिस दुकानों,प्रमुख स्थानों पर दीवार लेखन,जागरूकता रैली,शासकीय एवं धार्मिक कार्यक्रमों में बाल विवाह नहीं करने की शपथ,डॉक्यूमेंट्री,नुक्कड़ नाटक,होर्डिंग एवं समाचार पत्रों में विज्ञापन के द्वारा भी प्रचार प्रसार करेगी।विवाह संपन्न करने वाले ब्राह्मण,टेंट वाले,बैण्ड व घोड़े वालों और हलवाइयों को भी पाबंद किया जाएगा कि वे बाल विवाह की सूचना तुरंत पुलिस को देवें,ऐसा नहीं करने पर उनके विरुद्ध भी कार्रवाई की जाएगी।

## खेल

### न्यूज ब्रीफ

#### केकेआर के बल्लेबाजों का आत्मविश्वास कम हुआ है: मेंटोर ब्रावो

**कोलकाता(एजेंसी)** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के मेंटोर (मार्गदर्शक) ड्वेन ब्रावो ने इस सत्र में आठ आईपीएल मैचों में



फ्रेंचाइजी की पांचवीं हार के बाद स्वीकार किया कि उनके बल्लेबाजों में आत्मविश्वास की कमी है लेकिन उन्होंने टीम की इस स्थिति के लिए ईडन गार्डन्स की बहुचर्चित पिच को दोष देने से इनकार कर दिया। केकेआर को सोमवार को यहां गुजरात टाइटंस के हाथों 39 रन से हार का सामना करना पड़ा। ब्रावो ने मैच के बाद मीडिया से बातचीत में ड्रेसिंग रूम के माहौल के बारे में बताते हुए कहा, आईपीएल एक कड़ा टूनार्मेंट है और जब आप अच्छी शुरूआत नहीं करते हैं, तो आप जानते हैं कि बल्लेबाज ऐसे दौर में चले जाते हैं, जहां उनका आत्मविश्वास डिग जाता है।

#### पेरू विश्व कप में तीसरे स्थान पर रहा भारत

**लीमा (पेरू) (एजेंसी)** भारत यहां संपन्न हुई आईएसएसएफ विश्व कप निशानेबाजी प्रतियोगिता में तीसरे स्थान पर रहा। प्रतियोगिता के अंतिम दिन पृथ्वीराज टोंडिमान और प्रगति दुबे की भारतीय जोड़ी ट्रैप मिश्रित टीम स्पर्धा के पदक दौर में पहुंचने में असफल रही। सिमरनप्रीत कौर बराड़ ने सोमवार को महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में भारत को अंतिम पदक दिलाया। इससे देश के पदकों की संख्या सात हो गई, जिसमें दो स्वर्ण, चार रजत और एक कांस्य शामिल हैं।

# भारतीय टीम का इंग्लैंड दौरा: मध्यक्रम में दो स्थान के लिए 6 दावेदार


**नयी दिल्ली (एजेंसी)** राष्ट्रीय चयन समिति मई के दूसरे सप्ताह में इंग्लैंड के टेस्ट दौरे के लिए भारत और भारत ए टीम की घोषणा कर सकती है और ऐसे में उन्हें मध्यक्रम के दो स्थानों के लिए कम से कम छह दावेदारों के नाम पर विचार करना होगा।

बीसीसीआई ने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर 17 सदस्यीय टीम भेजी थी लेकिन इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैच के लिए अंतिम टीम 15 या 16 खिलाड़ियों की हो सकती है। इस दौरे के समय भारत की ए टीम भी इंग्लैंड में रहेगी और ऐसे में मुख्य टीम की जरूरत के मुताबिक ए टीम के खिलाड़ी को बुलाया जा सकता है।

अजीत अगरकर के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय चयन समिति को कुछ खिलाड़ियों विशेष रूप से रिजर्व बल्लेबाजों को चुनने के लिए काफी सोच विचार करने की आवश्यकता होगी। इसमें घरेलू सत्र में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के अलावा राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके ऐसे खिलाड़ी भी होंगे जिन्होंने अभी तक अपनी क्षमता के मुताबिक खुद को साबित नहीं किया है। सभी खिलाड़ी अगर फिट और स्वस्थ रहे तो कप्तान रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल, लोकेश राहुल, शुभमन गिल और विराट कोहली का स्थान शुरूआती मैचों की अंतिम एकादश में तय होगा।

### बी साई सुदर्शन

प्रथम श्रेणी के 29 मैचों में सात शतक लगाने वाले साई सुदर्शन लाल गेंद



के क्रिकेट में भी एक ऐसे खिलाड़ी हैं जिन पर नजर रखी जानी चाहिए। वह आईपीएल में गुजरात टाइटन्स के लिए पहले ही खुद को साबित हो चुके हैं। चयनकताओं की नजर इस खब्बू बल्लेबाज पर इसलिए भी होगी क्योंकि उनकी तकनीक अच्छी है और चोटिल होने से पहले उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में भारत ए के लिए भी अच्छा प्रदर्शन किया था।

### श्रेयस अय्यर

श्रेयस पिछले साल रणजी क्रिकेट की जगह आईपीएल को तरजीह देने के लिए बीसीसीआई से



फटकार झेलने के बाद लाल गेंद प्रारूप में बेहतर तकनीक के साथ उभरने वाले खिलाड़ी साबित हुए है। वह शॉर्ट पिच गेंदों को भी अब पहले की तुलना में अच्छे से खेलते है।

### रजत पाटीदार

पाटीदार के पास तकनीक और मैदान के चारों ओर सहजता से शॉट खेलने की शानदार क्षमता है लेकिन




आंकड़ों पर गौर करे तो उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर एक भी अर्धशतक नहीं लगाकर टेस्ट क्रिकेट में अपना मौका गंवा दिया है।

रणजी का पिछला सत्र (450 से कम रन) योजना के अनुसार नहीं चला, ऐसे में अगरकर की अगुवाई वाली समिति क्या उन पर एक बार फिर से भरोसा करेगी।

### करुण नायर

टेस्ट में भारत के लिए तिहरा शतक जड़ने वाले केवल दूसरे बल्लेबाज नायर ने मध्यक्रम में अपनी लय खो दी थी लेकिन विदर्भ के साथ जडने के बाद वह फॉर्म में



शानदार तरीके से वापसी करने में सफल रहे। घरेलू सत्र उनके लिए स्वप्निल रहा, जिसमें उन्होंने प्रथम श्रेणी मैचों में 850 से अधिक रन बनाए। उन्होंने दो सत्र पहले कर्नाटक क्रिकेट से नजरअंदाज किये जाने के बाद एक ट्वीट किया था प्रिय क्रिकेट, मुझे एक और मौका दो और कौन जानता है कि इंग्लैंड दौरा उनके लिए वह मौका हो सकता है।

### देवदत्त पडिक्कल

एक और बाएं हाथ का बल्लेबाज जिसे ऑस्ट्रेलिया दौरे पर कप्तान रोहित शर्मा की गैरमौजूदगी में पहले मैच में टेस्ट पदार्पण करने का मौका मिला। पडिक्कल ने दूसरी पारी में यशस्वी जायसवाल के साथ एक प्रभावशाली साझेदारी के दौरान



अपनी प्रतिभा की झलक दिखाई। वह आईपीएल में अच्छे फॉर्म में हैं और अगर वह सीनियर टीम में जगह नहीं बना पाते हैं, तो वह निश्चित रूप से भारत ए टीम में शामिल होंगे।

### सरफराज खान

न्यूजीलैंड के खिलाफ अक्टूबर में बेंगलुरु में 150 रन बनाने के बाद सरफराज को टेस्ट टीम में अपनी जगह पक्की कर लेनी चाहिए थी, लेकिन अगले टेस्ट मैचों में कुछ खराब शॉट चयन से उन्होंने अपनी जगह गवां दी।

ऑस्ट्रेलिया में, वह एक पर्यटक की तरह थे और पहली एकादश में जगह बनाने के लिए उनके बारे में चर्चा भी नहीं की गई। चयनकर्ता हालांकि निरंतरता के लिए उनके नाम पर विचार कर सकते हैं।



# बुमराह विजडन के अग्रणी पुरूष क्रिकेटर, महिला वर्ग में मंधाना

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** भारत के प्रमुख तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को मंगलवार को विजडन क्रिकेट अलमैनेक के 2025 संस्करण में विश्व का अग्रणी पुरूष क्रिकेटर चुना गया जबकि महिला वर्ग में स्मृति मंधाना को यह सम्मान मिला ।

दोनों भारतीय खिलाड़ियों को पिछले साल बेहतरीन प्रदर्शन के कारण यह सम्मान दिया गया है । इकतीस वर्ष के बुमराह ने 2024 सत्र में 14 . 92 की औसत से 71 टेस्ट विकेट लिये जो एक वर्ष में इस औसत से किसी गेंदबाज द्वारा लिये गए सर्वाधिक विकेट हैं । वह 20 से कम की औसत से 200 विकेट लेने वाले पहले टेस्ट गेंदबाज हैं । आस्ट्रेलिया में बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में बुमराह ने 13 . 06 की औसत से 32 विकेट लिये । टी20 विश्व कप में उन्होंने 4 . 17 की इकॉनॉमी से 15 विकेट लिये और 2013 के बाद आईसीसी टूनार्मेंट में भारत की पहली खिताबी जीत में प्लेयर आफ द टूनार्मेंट रहे ।





महिला वर्ग में सीनियर बल्लेबाज स्मृति मंधाना को यह सम्मान मिला । 28 वर्ष की मंधाना ने 2024 में 1659 रन बनाये जो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में किसी महिला क्रिकेटर द्वारा एक कैलेंडर वर्ष में रिकॉर्ड है । इसमें चार वनडे शतक शामिल थे जो भी एक रिकॉर्ड है ।

मंधाना दो बार यह सम्मान पाने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर भी बनी । वह 2018 में भी इस सम्मान के लिये चुनी जा चुकी हैं । वेस्टइंडीज के निकोलस पूरन को वर्ष का अग्रणी टी20 क्रिकेटर चुना गया।

# शिवम दुबे ने उभरते हुए 10 खिलाड़ियों के लिए सात लाख रुपये देने की घोषणा की

**चेन्नई(एजेंसी)** भारतीय ऑलराउंडर शिवम दुबे ने युवाओं को प्रोत्साहित करने वाला कदम उठाते हुए मंगलवार को तमिलनाडु के 10 उभरते हुए खिलाड़ियों को 70-70 हजार रुपये देने का वादा किया।

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) का प्रतिनिधित्व करने वाले दुबे ने यहां तमिलनाडु खेल पत्रकार संघ (टीएनएसजेए) के पुरस्कार और छात्रवृत्ति समारोह के दौरान यह दिल को छू लेने वाला फैसला लिया।

दुबे को यह पुरस्कार टीएनएसजेए द्वारा दी जाने वाली 30,000 रुपये की छात्रवृत्ति के अतिरिक्त दिया गया।

दुबे ने समारोह के दौरान कहा, ह्यजब मैं टीम होटल से इस स्थान पर आ रहा था, तो डॉ. बाबा (टीएनसीए सचिव) ने मुझे बताया कि यह (कार्यक्रम) यहां के कुछ युवाओं की मदद करने का एक प्रयास है। ऐसे में यह कदम सभी युवा एथलीटों का हौसला बढ़ायेगा। इस कार्यक्रम में सीएसके के मुख्य कार्यकारी अधिकारी काशी विश्वनाथन भी शामिल हुए।



भारत की टी20 विश्व कप 2024 विजेता टीम का हिस्सा रहे इस क्रिकेटर ने कहा कि इस तरह के पुरस्कार भले ही छोटे हों लेकिन यह युवा एथलीटों को देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरणा का काम करेंगे।

उन्होंने कहा, ये छोटी-छोटी चीजें उन्हें कड़ी मेहनत करने और देश को गौरवान्वित करने के लिए अतिरिक्त प्रेरणा प्रदान करती हैं। मुझे अन्य राज्यों के बारे में पता नहीं है लेकिन मैंने मुंबई में ऐसी पहल देखी है। मैं निश्चित रूप से अन्य राज्यों को भी ऐसे कार्यक्रम शुरू करने के लिए कहूंगा। समारोह के दौरान मुख्य अतिथि रहे दुबे ने कहा, यह 30,000 रुपये एक छोटी राशि लग सकती है, लेकिन यह प्रोत्साहन के रूप में काम करती है। जब आप युवा होते हैं, तो हर पैसा और हर पुरस्कार वास्तव में मायने रखता है।

जिन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को छात्रवृत्ति से सम्मानित किया गया उनमें पीबी अभिनंद (टेबल टेनिस), केएस वेनिसा श्री (तीरंदाजी), मुथुमीना वेल्लासामी (पैरा एथलेटिक्स), शमीना रियाज (स्क्वॉश), जयंत आरके, एस नंदना (दोनों क्रिकेट), कमली पी (सर्फिंग), आर अबिनया, आरसी जितिन अर्जुनन (दोनों एथलेटिक्स), और ए तक्षनाथ (शतरंज) का नाम शामिल है।

नई दिल्ली, बुधवार 23 अप्रैल 2025

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर

FRONT PAGE 2



''जब 2017 में भाजपा की सरकार आई तो इन गांवों को राजस्व गांव के रूप में मान्यता दी गई और धीरे-धीरे सभी योजनाएं वहां लागू की गईं।'' उन्होंने कहा कि 2022 और 2024 के चुनावों में कई आदिवासी पहली बार वोट देने के लिए निकले हैं।

योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री उ.प्र.



दयाशंकर सिंह की लखनऊ स्थित आवास पर पूर्व मंत्री नारद राय से स्नेहिल भेंट हुई।

# भारत में स्वच्छता इमरजेंसी को लागू करने की आवश्यकता: के के गुप्ता

## निकायों का प्राथमिक दायित्व स्वच्छता है लेकिन दुर्भाग्य से यह केवल कागजों में ही चमक रही है

नीति गोपेन्द्र भट्ट

**नई दिल्ली/जयपुर/उदयपुर।** राजस्थान सरकार के स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के प्रदेश समन्वयक और नगर निकाय झुंझूनू, बांसवाड़ा तथा उदयपुर के लिए माननीय न्यायालय द्वारा नियुक्त न्याय मित्र के के गुप्ता ने केन्द्र सरकार को सुझाव दिया है कि भारत में स्वच्छता की स्थिति को बेहतर बनाने और सुधारने के लिए भारत सरकार को देश में स्वच्छता इमरजेंसी लागू करने की आवश्यकता है। स्वच्छता इमरजेंसी लागू होने से देश में स्वच्छता की स्थिति में अपेक्षित सुधार हो सकेगा ।गुप्ता ने एक बयान जारी कर कहा कि भारत में स्वच्छता एक महत्वपूर्ण मुद्दा है, जिस पर सबसे पहले ध्यान देने की आवश्यकता है क्योंकि, इसका सीधा सम्बंध स्वास्थ्य से जुड़ा हुआ है । गंदगी की वजह से ही देश में लाखों लोग बीमार होते है और हजारों लोगों की असामयिक मृत्यु हो जाती है । गंदगी जनित बीमारियों के इलाज पर सरकार को लाखों करोड़ो रू. खर्च करने पड़ते है।अतः स्वच्छता के महत्व को समझते हुए देश में तत्काल स्वच्छता इमरजेंसी लागू कर गंदगी फैलाने के लिए दोषी लोगों पर भारी अर्थ दण्ड लगाने का कानून बनाना चाहिए । उन्होंने कहा कि देश में स्वच्छता की स्थिति को सुधारने के लिए सरकार और नागरिकों को मिल कर काम करने की आवश्यकता है।इसके बिना स्वच्छता के लिए जागरूकता पैदा नहीं होगी और स्वच्छता कार्यक्रम पूरी तरह से जन आन्दोलन भी नहीं बन पायेगा । निकायों में अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों पर जब तक नैतिक दबाव नहीं होगा स्वच्छता का धरातल पर उतरना मुस्किल है । निकायों का प्राथमिक दायित्व स्वच्छता है लेकिन दुर्भाग्य से यह केवल कागजों में ही चमक रही है ।गुप्ता ने कहा कि हमारे यशस्वी प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी के दूरगामी विजन के साथ उनके नेतृत्व में पिछले वर्षों देश में स्वच्छ भारत अभियान का सफल क्रियान्वयन किया गया जोकि काफी सफल भी रहा। स्वच्छ भारत मिशन की क्रियान्वित के बावजूद आज भी भारत में स्वच्छता की स्थिति चिंताजनक है। भारत आने वाले विदेशी पर्यटक देश की खराब छवि लेकर जाते है । देश में कई शहरों और गांवों में स्वच्छता की पर्याप्त सुविधाएं नहीं हैं, जिससे लोगों को गन्दगी की समस्याओं का सामना



करना पड़ता है। इसके अलावा, देश में कूड़ा-कचरा प्रबंधन की भी सही व्यवस्था नहीं की जा रही है, जिससे पर्यावरण प्रदूषण की समस्या होती है।उन्होंने बताया कि स्वच्छता इमरजेंसी लागू करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाने जरूरी है । सबसे पहले सरकार और नागरिकों को मिलकर सघन स्वच्छता अभियान चलाने की आवश्यकता है। इसके लिए शहरों और गांवों में स्वच्छता की आधुनिक सुविधाएं प्रदान करनी होंगी ।गुप्ता ने बताया कि देश में कूड़ा-कचरा प्रबंधन की व्यवस्था को सख्ती से लागू करना होगा । इसके लिए सूखे और गीले तथा अन्य कूड़ा-कचरा को अलग अलग करने और उसे निपटाने की व्यवस्था करनी होगी।उन्होंने कहा कि लोगों को स्वच्छता के महत्व के बारे में शिक्षित करने की आवश्यकता है। इसके लिए स्वच्छता शिक्षा कार्यक्रम चलाने होंगे।गुप्ता ने कहा कि सरकार को शहरों और गांवों में स्वच्छता की आधुनिक सुविधाएं प्रदान करनी होंगी। इसके लिए शौचालय, कूड़ा-कचरा प्रबंधन और स्वच्छ पानी की व्यवस्था भी सुनिश्चित करनी होगी। उन्होंने कहा कि भारत में स्वच्छता एक ऐसा महत्वपूर्ण मुद्दा है, जिस पर सबसे अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। स्वच्छता इमरजेंसी लागू करने से देश में स्वच्छता की स्थिति में अपेक्षित सुधार हो सकता है। इसके लिए सरकार और नागरिकों को मिलकर काम करने की आवश्यकता है। स्वच्छता अभियान चलाना, कूड़ा-कचरा प्रबंधन, स्वच्छता शिक्षा और स्वच्छता की सुविधाएं प्रदान करना स्वच्छता इमरजेंसी लागू करने के लिए महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि डूंगरपुर और इंदौर शहर इसके ज्वलंत उदाहरण है । साथ ही केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के संसदीय क्षेत्र में स्वच्छता का अच्छा कार्य होने से वे ग्राम पंचायते देश में अव्वल रही है ।गुप्ता ने कहा कि स्वच्छता कार्यक्रम को आयुष्मान भारत योजना से जोड़ देने से आयुष्मान भारत जैसी स्वास्थ्य योजना पर प्रति वर्ष होने वाली 3,500 करोड़ रुपये की धनराशि की बचत हो सकती है। केन्द्र सरकार स्वच्छता कार्यक्रम और स्वास्थ्य कार्यक्रमों को जोड़ते हुए ऐसा मैकेनिजम विकसित करना होगा जिसके अन्तर्गत यह सुनिश्चित हो सके कि गन्दगी के कारण उत्पन्न रोगों से शहरों और गाँवों में प्रतिमाह कितने लोग बीमार हुए तथा कितने लोगों की मृत्यु हुई। यह कार्य स्थानीय निकायों के हेल्थ इंस्पेक्टर और गाँवों में पंचायतों के माध्यम से किया जा सकता है और इसके सुपरविजन के लिए जिला कलक्टर की अध्यक्षता में एक समिति बनाई जानी चाहिए। इस समिति में जिला स्वास्थ अधिकारी स्थानीय निकाय के कमिश्नर संबंधित विकास खण्ड के अधिकारी और सरपंच आदि को शामिल किया जा सकता है। उन्होंने सुझाव दिया कि आयुष्मान भारत कार्यक्रम के लिए स्वास्थ्य सेस लागू कर भी धनराशि की जा सकती है। जब लोगों के जेब पर खर्चा बढ़ेगा तभी उन्हें स्वच्छता का महत्व और आवश्यकता समझ में आएगी ।गुप्ता ने यह सुझाव भी दिया कि स्वास्थ्य जागरूकता के लिए हर नगरपालिका और पंचायत समिति में एक न्याय मित्र भी नियुक्त होना चाहिए। राजस्थान के शेखावाटी अंचल और वागड़ क्षेत्र में ऐसे प्रयास सफल रहें है ।जिसे अब मेवाड़ और प्रदेश की राजधानी जयपुर तक बढ़ाया जा रहा है ।

## बीड़ी देने से मना करने पर एक व्यक्ति की चाकू घोंपकर हत्या

नयी दिल्ली, (भाषा) दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के पुल प्रहलादपुर इलाके में दो लोगों को बीड़ी देने से इनकार करने पर एक युवक की कथित तौर पर चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि सोमवार रात को हुई इस घटना में युवक का बड़ा भाई और उसका दोस्त घायल हो गए। घटना के सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को एक पार्क में सोहेब ने स्थानीय निवासी मुन्ना और सनी को बीड़ी देने से इनकार कर दिया, जिससे गुस्से में दोनों युवकों ने सोहेब को थप्पड़ मार दिया। पुलिस के अनुसार, सोहेब ने घर जाकर अपनी मां सबुक्ता को इस बारे में बताया। इसके बाद सबुक्ता, सोहेब और उसके बड़े भाई मोहसिन के साथ उन दोनों लोगों के पास गयी। सोहेब ने अपने दोस्त अकरम को भी मौके पर बुला लिया। पुलिस ने बताया कि यह झड़प उस समय हिंसक हो गई जब मुन्ना (26) ने भाई इम्तियाज (30) और भतीजे सनी (20) के साथ मिलकर सोहेब और उसके साथ आए लोगों पर चाकुओं से हमला कर दिया।

# भाजपा के सत्ता में आने से पहले उत्तर प्रदेश में आदिवासियों को वोट देने का अधिकार नहीं था: योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ,** (भाषा) मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सत्ता में आने से पहले उत्तर प्रदेश में आदिवासियों को वोट देने का अधिकार नहीं था और वामपंथी तथा मिशनरी उनको गुमराह (ब्रेनवॉश) करते थे।

लखनऊ में आयोजित श्री गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा 5.0 के सम्मान समारोह में उन्होंने कहा, ''2017 से पहले आदिवासियों को वोट देने का अधिकार नहीं था। राशन कार्ड और संपर्क की सुविधा नहीं थी।'' उन्होंने कहा, ''भाजपा के सत्ता में आने के बाद थारू, मुसहर, कोल और गोंड समेत सभी जनजातियों को हर सुविधा मुहैया कराई गई। इतना ही नहीं, इससे पहले कुछ मिशनरी और वामपंथी आदिवासी समाज को गुमराह करते थे।'' उन्होंने कहा कि 55 गांवों में वनटांगिया (समुदाय) के पास भी कोई अधिकार नहीं था और यह स्थिति राष्ट्र की सुरक्षा के लिए खतरा बन रही थी।



उन्होंने कहा कि भले ही देश को 1947 में आजादी मिली हो, लेकिन 2017 से पहले वन विभाग और पुलिसकर्मी उनका शोषण करते थे।

मुख्यमंत्री ने कहा, ''जब 2017 में भाजपा की सरकार आई तो इन गांवों को राजस्व गांव के रूप में मान्यता दी गई और धीरे-धीरे सभी योजनाएं वहां लागू की गईं।'' उन्होंने कहा कि 2022 और 2024 के चुनावों में कई आदिवासी पहली बार वोट देने के लिए निकले हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा, ''अब हर गांव में सड़क है, हर घर में बिजली है, सभी को मकान मिल गए हैं। आंगनबाड़ी केंद्र खोले गए हैं, और स्कूल तथा स्वास्थ्य केंद्र बनाए जा रहे हैं। राशन, आयुष्मान योजना और पेंशन सहित हर सुविधा उन तक पहुंची है।'' यात्रा के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि इस तरह की धार्मिक यात्राएं केवल आस्था का माध्यम नहीं हैं, बल्कि समाज को एक साथ जोड़ने का भी माध्यम हैं।

बयान में कहा गया कि कार्यक्रम की शुरुआत आदित्यनाथ और मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले ने भगवान श्री धन्वंतरि, भारत माता, गुरु गोरखनाथ और स्वामी विवेकानंद को पुष्प अर्पित करके की।

होसबोले ने कहा, ''भारत सेवा की भूमि है। सेवा और त्याग इसकी पहचान है।'' उन्होंने कहा कि सेवा करने वाले हाथ प्रार्थना करने वाले से ज्यादा महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि इस सेवा में लगे डॉक्टर बहुत ही सराहनीय काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ''हमें उन लोगों के प्रति कृतज्ञता दिखानी चाहिए जो विकास की मुख्यधारा में पिछड़ गए हैं।'' सेवा की भावना का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा, ''सेवा की भावना में कोई दीवार नहीं होती। कोई भेदभाव नहीं होता। कोरोना के समय में गरीब मजदूर दूर-दूर से पैदल आ रहे थे। जब वे परेशान थे, तब भी वे अपना विनम्र और गरिमामय व्यवहार नहीं भूले।'' उन्होंने कहा, ''समाज ने भी उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की और जगह-जगह उनकी सेवा की।

## राहुल के आरोपों पर ईसी सूत्रों ने कहा: 'भ्रामक सूचना' का प्रसार कानून का अनादर

नयी दिल्ली, (भाषा) निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को महाराष्ट्र चुनाव में असामान्य मतदान से संबंधित राहुल गांधी के आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि कोई भी ''भ्रामक सूचना'' फैलाना कानून के प्रति अनादर का संकेत है और राजनीतिक कार्यकर्ताओं तथा मतदान कर्मियों के प्रयासों को कमजोर करने वाला है।

आयोग के सूत्रों ने कहा कि इस तरह के दावों से राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त हजारों प्रतिनिधियों की बदनामी होती है और चुनावों के दौरान अथक एवं पारदर्शी तरीके से काम करने वाले लाखों चुनाव कर्मचारियों का मनोबल गिरता है।

सूत्रों का कहना है कि मतदाताओं द्वारा किसी भी प्रतिकूल फैसले के बाद, यह कहकर चुनाव आयोग को बदनाम करने की कोशिश करना पूरी तरह से बेतुका है कि समझौता किया गया है।

# जघन्य कृत्य में शामिल लोगों को बख्शा नहीं जाएगा: प्रधानमंत्री ने पहलगाम में आतंकी हमले पर कहा

नयी दिल्ली, (भाषा) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले की निंदा करते हुए कहा कि इस जघन्य कृत्य में शामिल लोगों को न्याय के कठघरे में लाया जाएगा।

मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''उन्हें (आतंकवादियों को) बख्शा नहीं जाएगा। उनका नापाक एजेंडा कभी सफल नहीं होगा। आतंकवाद से लड़ने का हमारा संकल्प अडिग है तथा यह और भी मजबूत होगा।''

मोदी ने हमले में अपने प्रियजनों को खोने वालों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा, ''मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। प्रभावित लोगों को हरसंभव सहायता प्रदान की जा रही है।''

मोदी ने हमले के बाद गृह मंत्री अमित शाह से भी बात की और उन्हें स्थिति से निपटने के लिए सभी उपयुक्त कदम उठाने को कहा।



कश्मीर के पहलगाम शहर के पास एक प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पर आतंकवादियों ने गोलीबारी की, जिसमें 26 लोग मारे गए। मृतकों में ज्यादातर पर्यटक शामिल हैं। 2019 में पुलवामा हमले के बाद घाटी में यह सबसे घातक हमला है। इस संबंध में एक उच्च पदस्थ अधिकारी ने विस्तृत जानकारी दिए बिना बताया कि 26 मृतकों में दो विदेशी और दो स्थानीय नागरिक शामिल हैं।कई केंद्रीय मंत्रियों ने आतंकी हमले की निंदा की है।

पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि आतंकी हमले के दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलेगी।

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस हमले को कायराना हरकत करार दिया।

उन्होंने कहा, ''जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों पर हुए कायराना आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करता हूं। मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।''

प्रधानमंत्री कार्यालय में केंद्रीय राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने भी पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले को कायराना कृत्य करार दिया।

सिंह ने कहा, ''जम्मू एवं कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकवादी हमले से गहरा सदमा लगा है। निर्दोष लोगों को निशाना बनाने से ज्यादा कायरतापूर्ण कुछ नहीं हो सकता।''

खाद्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा कि आतंकवादी हमले के दोषियों को न्याय के कठघरे में लाया जाएगा।

## अमेठी में दो दलितों की हत्या के बाद कांग्रेस ने सरकार को घेरा, की कार्रवाई की मांग

अमेठी (उप्र), (भाषा) कांग्रेस ने मंगलवार को अमेठी में दो दिनों के भीतर दो दलितों की हत्या को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार पर निशाना साधा और इसे राज्य की बिगड़ती कानून व्यवस्था की निशानी बताया।

पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने आरोप लगाया कि 'डबल इंजन' वाली भाजपा सरकार हाशिये पर पड़े समुदायों की रक्षा करने में विफल रही है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने मंगलवार को जामो थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव में पीड़ितों में से एक शिवम कोरी (25) के परिवार से मुलाकात की। शिवम की 21 अप्रैल को उसके गांव के पास गला रेतकर हत्या कर दी गई थी। एक दिन पहले 20 अप्रैल को गौरीगंज शहर में सेठा रोड ओवरब्रिज के पास एक और दलित व्यक्ति चंद्रकुमार कोरी मृत पाया गया था।

## वसुंधरा स्थित मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस ऑडिटोरियम में भारतीय शिक्षण मंडल का 56वां स्थापना दिवस समारोह आयोजित

# विद्यार्थियों को एन्टरप्रिन्योर बनाने के लिए डबल इंजन सरकार कटिबद्ध : कपिल देव













नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**गाजियाबाद।** यूपी सरकार में व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि शिक्षा में भारतीयता और संस्कारों के साथ विद्यार्थियों को हुनरमंद बनाने के लिए डबल इंजन सरकार कटिबद्ध है। ताकि विद्यार्थी रोजगार लेने के बजाय दूसरों को रोजगार देना सीखें। वे एन्टरप्रिन्योर बन सकें। वसुंधरा स्थित मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस ऑडिटोरियम में भारतीय शिक्षण मंडल मेरठ प्रांत की ओर से आयोजित मंडल के 56वें स्थापना दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उन्होंने ये विचार व्यक्त किये। वह 'शिक्षा में कौशल विकास का महत्व' विषय पर बोल रहे थे।उन्होंने कहा कि पुरातन भारतीय शिक्षा में विद्यार्थियों को हुनरमंद बनाया जाता था। लेकिन अंग्रेजों ने इस व्यवस्था को बदल दिया। उन्होंने अपनी मैकाले द्वारा बनाई गई शिक्षा पद्धति के जरिये उन्हें क्लर्क बनाने का काम किया। यही कारण है कि आज भी विद्यार्थी वाइट कॉलर जॉब करना चाहता है। वह कड़ी मेहनत 00या हुनर का कोई काम न तो जानता है और न ही करना चाहता है। वह आज भी क्लर्क ही बना हुआ है। लेकिन डबल इंजन सरकार ने नई शिक्षा नीति के तहत विद्यार्थियों को हुनरमंद बनाने की शिक्षा देने का बीड़ा भी उठाया है ताकि वे स्वावलम्बी बन सकें और अपने दूसरे साथियों को भी नौकरी दे सकें।

भारतीय शिक्षण मंडल मेरठ प्रांत के अध्यक्ष एवं मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डॉ. अशोक कुमार गदिया ने कहा कि केन्द्र सरकार कौशल विकास के लिए हर साल 60 हजार करोड़ रुपये का बजट बनाती है। इसमें से 30 हजार करोड़ राज्य सरकार देती है तो 20 हजार करोड़ केन्द्र सरकार, बाकी के दस हजार करोड़ रुपये देश की विभिन्न कंपनियों से सीएसआर के नाम पर मिलता है। डॉ. गदिया ने बताया कि मेवाड़ में विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम के अलावा कौशल विकास के लिए विभिन्न प्रकार का प्रशिक्षण दिया जाता है। अगर मेवाड़ और सरकार मिलकर इस क्षेत्र में काम करें तो हर साल 50 हजार युवाओं के लिए रोजगार सृजित किये जा सकते हैं। उन्होंने समान पाठ्यक्रम-समान शिक्षा पर भी बल दिया। उन्होंने कौशल विकास के और भी तरीकों पर रोशनी डाली। भारतीय शिक्षण मंडल के राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री सुनील शर्मा और विश्वकर्मा टेक्निकल यूनिवर्सिटी की डिप्टी रजिस्ट्रार एवं मंडल की सह सम्पर्क प्रमुख डॉ. चंचल भारद्वाज ने भी कौशल विकास के महत्व पर प्रकाश डाला। समारोह में मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से चार चांद लगा दिये।

अतिथियों को स्मृति चिह्न और अंगवस्त्र आदि भेंट कर सम्मानित किया गया। अंत में भारतीय शिक्षण मंडल मेरठ प्रांत की उपाध्यक्ष एवं मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की निदेशक डॉ. अलका अग्रवाल ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा में कौशल विकास बहुत महत्वपूर्ण है। यह विद्यार्थियों को व्यावहारिक कौशल प्रदान करता है, जो उन्हें नौकरी और जीवन के लिए तैयार करता है। कौशल विकास से विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ता है। वे अपनी रचनात्मकता को भी विकसित करते हैं। समारोह का संचालन अमित पाराशर ने किया।

# रामदेव की 'शरबत जिहाद' टिप्पणी ने अंतरात्मा को झकझोर दिया : उच्च न्यायालय

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि हमदर्द के 'रूह अफ़ज़ा' पर योग गुरु रामदेव की ''शरबत जिहाद'' संबंधी कथित टिप्पणी ने ''अंतरात्मा को झकझोर दिया'' और यह बचाव किये जाने योग्य नहीं है। इस पर, योग गुरु ने आश्वासन दिया कि वह संबंधित ऑनलाइन सामग्री को तुरंत हटा लेंगे।

न्यायमूर्ति अमित बंसल ने रामदेव की पतंजलि फूड्स लिमिटेड के खिलाफ हमदर्द नेशनल फाउंडेशन इंडिया की याचिका पर सुनवाई के दौरान कहा, ''इसने अदालत की अंतरात्मा को झकझोर दिया है। यह बचाव किये जाने योग्य नहीं है। आप (रामदेव के वकील) अपने मुवक्किल से निर्देश लें, अन्यथा कड़ा आदेश दिया जाएगा।''

अदालत की चेतावनी के बाद, रामदेव के वकील ने कहा कि विवादास्पद टिप्पणियों पर सोशल मीडिया पोस्ट को छोड़कर सभी विज्ञापन--प्रिंट या वीडियो -- तुरंत हटा लिए जाएंगे।




उच्च न्यायालय ने वकील को रामदेव की ओर से हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया और कहा, ''जब मैंने यह (वीडियो) देखा तो मुझे अपनी आंखों पर जरा भी विश्वास नहीं हुआ।''

आदेश में कहा गया है, ''प्रतिवादी संख्या 2 (रामदेव) द्वारा एक हलफनामा भी रिकॉर्ड पर रखा जाए, जिसमें कहा गया हो कि वह वचन देते हैं कि भविष्य में प्रतिस्पर्धियों के उत्पादों के बारे में ऐसा कोई बयान, विज्ञापन या ट्वीट या सोशल मीडिया पोस्ट जारी नहीं करेंगे।''

अदालत में 'हमदर्द' का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने कहा कि हाल में पतंजलि के ''गुलाब शरबत'' का प्रचार करते हुए रामदेव ने दावा किया था कि हमदर्द के रूह अफ़ज़ा से अर्जित धन का इस्तेमाल मदरसों और मस्जिदों के निर्माण के लिए किया गया। रामदेव ने अपनी टिप्पणी का बचाव करते हुए कहा कि उन्होंने किसी ब्रांड या समुदाय का नाम नहीं लिया।

रोहतगी ने कहा कि यह मामला किसी के बारे में अप्रिय टिप्पणी करने से कहीं आगे का है। उन्होंने कहा कि यह ''सांप्रदायिक विभाजन'' पैदा करता है। उन्होंने कहा, ''यह नफरत फैलाने वाला बयान है। वह (रामदेव) कहते हैं कि यह 'शरबत जिहाद' है। उन्हें अपने काम से मतलब रखना चाहिए। वह हमें क्यों परेशान कर रहे हैं?''

हमदर्द की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता संदीप सेठी ने कहा कि रामदेव को कंपनी के संस्थापकों के धर्म को निशाना नहीं बनाना चाहिए।

रामदेव और पतंजलि की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव नायर ने दलीलों का जवाब देते हुए कहा कि हमदर्द धर्म का संरक्षक नहीं है।

इसपर, सेठी ने जवाब दिया, ''मैं मानवता का संरक्षक हूं।'' रोहतगी ने कहा कि रामदेव को पहले भी एलोपैथी को निशाना बनाने के लिए उच्चतम न्यायालय ने कड़ी फटकार लगाई थी और ''अब सख्त कार्रवाई की जरूरत है।''

नायर ने कहा कि रामदेव को उनके राजनीतिक विचार व्यक्त करने से नहीं रोका जा सकता, लेकिन उन्होंने कहा कि प्रतिस्पर्धियों के उत्पादों की आलोचना के मुद्दे पर हलफनामा दाखिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रामदेव और पतंजलि किसी भी धर्म के खिलाफ नहीं हैं।

हालांकि, उच्च न्यायालय ने कहा, ''वह इन विचारों को अपने मन में रख सकते हैं, उन्हें व्यक्त करने की जरूरत नहीं है।''

# चंद्रबाबू नायडू ने शाह एवं अन्य केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात की, पोलावरम परियोजना पर चर्चा की

नयी दिल्ली, (भाषा) आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने मंगलवार को यहां अमित शाह समेत कई केंद्रीय मंत्रियों के साथ बैठक की और पोलावरम परियोजना एवं कुरनूल में उच्च न्यायालय की पीठ की स्थापना पर चर्चा की।

यूरोप में छुट्टी मनाने के बाद सोमवार देर रात दिल्ली पहुंचे नायडू ने मंगलवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल, केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल और केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल से अलग-अलग मुलाकात की। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री ने पोलावरम परियोजना से संबंधित तकनीकी मुद्दों पर चर्चा की, जिस पर निर्माण कार्य अब भी जोर-शोर से जारी है। मेघवाल के साथ अपनी बैठक के दौरान तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) सुप्रीमो ने लंबित मामलों की बड़ी संख्या को देखते हुए कुरनूल में उच्च न्यायालय की एक अलग स्थायी पीठ की स्थापना पर जोर दिया। आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की नियुक्ति पर भी चर्चा हुई। तेदेपा, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में एक प्रमुख सहयोगी है। ये बैठकें ऐसे महत्वपूर्ण समय में हो रही हैं जब नायडू का लक्ष्य ताड़ेपल्ली, गुंटूर, मंगलगिरि और विजयवाड़ा को मिलाकर अमरावती का विस्तार कर आंध्र प्रदेश में एक 'मेगा सिटी' का निर्माण करना है। सूत्रों ने संकेत दिया कि मुख्यमंत्री अमरावती में 'अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा' बनाने के लिए 30,000 एकड़ जमीन जुटाने पर भी विचार कर रहे हैं।



स्वामी वी.पी.एल. मीडिया प्रा. लि. के लिए प्रकाशक व मुद्रक वेंकटेश गुप्ता द्वारा आर.डी प्रिंटर्स एवं पब्लिशर्स प्रा. लि. ए-41, सेक्टर 8, नोयडा, गौतमबुद्ध नगर से मुद्रित व फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048 से प्रकाशित। DELHIN/2015/65411, संपादक : विपिन कुमार गुप्ता।
संपादकीय कार्यालय- फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048, ईमेल -news.vpl@gmail.com फोन नं.-011 49066569। प्रसार व विज्ञापन विभाग -ईमेल vplmedia@yahoo.com, समस्त विवाद के लिए न्याय क्षेत्र नई दिल्ली ही मान्य होगा।